सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
08.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 59


जय कन्हैया लाल की...
मांडर की महिला टीम ने 32 सेकंड में फोड़ी मटकी
फोटो : समीर

## न्यूज डायरी

### दुमका में दो सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र की ढोड़ली पंचायत के बलमडीह गांव के पास गुरुवार को खाली ट्रैक्टर पलट गया। जिसमें चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। क्रेन की मदद से ट्रैक्टर हटायाकर नीचे दबे तीनों मजदूरों के शव को बाहर निकाला जा सका। जिनकी पहचान नयाडीह के विनोद बास्की, मैनेजर बास्की और मैनेजर का साला संजय सोरेन के रूप में हुई है।

### डीएमके का मतलब ही डेंगू-मलेरिया और कोसू

**चेन्नई।** तमिलनाडू भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने डीएमके पर हमला बोला है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि उदयनिधि ने सनातन की तुलना मच्छर से की, लेकिन असल में डीएमके का मतलब ही डेंगू मलेरिया और कोसू (मच्छर) है। अब डीएमके को ही खत्म करने की जरूरत है क्योंकि ऐसा स्टालिन के बेटे ने ही कहा है।

### सनातन पर टिप्पणी से कांग्रेस सहमत नहीं

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने सनातन धर्म को लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सहयोगी तमिलनाडु में द्रमुक सरकार के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान से किनारा कर लिया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों को साथ लेकर के चलती है और किसी को कम ज्यादा करके आंकने के खिलाफ है।

### पलामू में कुएं और तालाब में मिले दो शव

**पलामू।** मेदिनीनगर शहर और तरहसी थाना क्षेत्र में डूबने से एक अधेड़ और एक युवक की मौत हो गयी। मृतकों में बिहार के रोहतास का पंकज कुमार (35) और तरहसी थाना क्षेत्र के भालोगाड़ी का सुरेन्द्र साव शामिल है।

### करमा पर्व की छुट्टी अब 25 सितंबर को

**रांची।** झारखंड में करमा पर्व की छुट्टी अब 25 सितंबर को होगी। एनआई एक्ट तहत इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। राज्य के सभी सरकारी कार्यालय के अलावा बैंक बंद रहेंगे। पहले अवकाश 10 सितंबर को घोषित था, लेकिन कई माध्यम और डॉक्टर राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान से मिली जानकारी जिसमें राज्य में करमा पर्व 25 सितंबर को मनाने का जिक्र था। इससे छुट्टी बदली गयी। को 25 सितंबर करने का फैसला किया गया।

### रांची में निकाला चेहल्लुम का जुलूस

**रांची।** चेहल्लुम पर राजधानी रांची में गुरुवार को शिया समुदाय का अंजुमन जाफरिया ने मातमी जुलूस निकाला। जिसमें नौहा खानी, मर्सिया खानी और मातम करते हुए अजादार जुलूस में चल रहे थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# महामारी का रूप लेने लगा डेंगू और चिकनगुनिया

## झारखंड में मरीजों की संख्या 1000 के पार, केंद्र से मेडिकेटेड मच्छरदानी की आस में स्वास्थ्य विभाग

- 7356 लोगों की जांच में चिकनगुनिया के 223 और डेंगू के 732 मरीजों की पुष्टि


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कमजोर मानसून के बीच मौसमी बीमारियां महामारी का रूप लेने लगी हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों की मानें तो एक माह के भीतर राज्य में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या 1000 के पार हो गयी है। कई मरीजों की मौत की खबर भी आयी है। वहीं, विभागीय अधिकारी केंद्र से मिलनेवाली मेडिकेटेड मच्छरदानी की आस लगाये बैठे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इस सीजन में अब तक राज्य के अलग-अलग जिलों में 7356 लोगों के स्वास्थ्य की जांच के क्रम में डेंगू के 732 रोगियों की पुष्टि हुई है। इसके अलावे चिकुनगुनिया के 223 मरीजों की पुष्टि हुई है।

**लार्वा जांच एवं नष्ट करने का काम जारी :** स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राज्य में डेंगू, चिकुनगुनिया से बचाव को लेकर कई स्तरों पर प्रयास किये गये हैं। अभी तक कुल 1,20,531 घरों में 4,17,679 जल पात्रों में लार्वा की उपस्थिति की संभावना की जांच की गयी। इसमें 5708 घरों के 10350 जल पात्रों में लार्वा पाये जाने पर उसी समय नष्ट कर दिया गया। राज्य स्तर से सभी जिलों और वहां के सिविल सर्जन को डेंगू, चिकुनगुनिया को रोकथाम, उपचार के संबंध में जरूरी पत्र भेजे गये हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### 30 लाख मेडिकेटेड मच्छरदानी की मांग



विभाग की ओर से कालाजार प्रभावित जिलों के लिए 30 लाख मेडिकेटेड मच्छरदानी की मांग केंद्र सरकार से की गयी है। इस मांग के आलोक में केंद्र सरकार ने दो चरणों में राज्य को 78 लाख से अधिक (पहले चरण में 15,84,000 तथा दूसरे चरण में 62,84,557 मच्छरदानी) मच्छरदानी दिसंबर महीने तक दिये जाने की जानकारी दी है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने यह नहीं बताया है कि किस जिले में कितने मरीज मिले हैं और कितने व किस जिलें में अब तक मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटी गयी है या कितनी बांटी जानी है। पूर्व सीएम रघुवर दास भी इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था और तैयारियों में लापरवाह रहने पर अपनी चिंता जता चुके हैं।

### सभी अस्पतालों में डेंगू जांच की सुविधा

डेंगू से बचाव के लिए जिलों में स्वास्थ्य विभाग के पास कुल 42 कारगर फॉगिंग मशीन, लार्वानाशी दवा छिड़काव के लिए 240 मशीन उपलब्ध है। लार्वानाशी एवं फॉगिंग के लिए दवा की उपलब्धता हो चुकी है। डेंगू, चिकनगुनिया और जापानीज इंसेफेलाइटिस के रोग प्रबंधन की सुविधा राज्य के सभी सदर अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में की गयी है। जांच की सुविधा रिम्स, रांची, पीएमसीएच धनबाद, एमजीएम जमशेदपुर, डीपीएचएल, रांची, चाईबासा, साहेबगंज, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, पलामू, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा में मुफ्त उपलब्ध है।

## भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में कल से जी-20 शिखर सम्मेलन

# दुल्हन की तरह सजी दिल्ली

- आज आयेंगे वाइडेन और ऋषि सुनक, कई मेहमान पहुंचे
- स्नाइपर्स समेत हजारों जवान तैनात, स्टैंडबाय पर लड़ाकू जेट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 9 से 10 सितंबर तक होनेवाले जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजवानी को लेकर नयी दिल्ली को दुल्हन की तरह सजाया गया है। पूरी दिल्ली में करीब 7 लाख फूल और पत्ते वाले पौधे लगाये गये हैं। शहर को एक सौंदर्यपूर्ण रूप देने के लिए विभिन्न स्थानों पर विभिन्न डिजाइनों वाली 100 से अधिक मूर्तियां और 150 फव्वारे लगाये गये हैं। रंग बिरंगी रौशनी से दिल्ली जगमग कर रही है।

शिखर सम्मेलन यहां प्रगति मैदान में अत्याधुनिक भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत कई अंतरराष्ट्रीय नेता भाग ले रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो शुक्रवार को पहुंच रहे हैं। यह पहली बार है, जब भारत दुनिया भर के नेताओं के इतने शक्तिशाली समूह की मेजबानी कर रहा है। यही वजह है कि दिल्ली के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बंदोवस्त हैं। सुरक्षा घेरे में स्नाइपर्स सहित हजारों कर्मी शामिल हैं।

(शेष पेज 11 पर)



### मुंबई जैसे हमले रोकने की है विशेष तैयारी

हर होटल में असलहों के साथ गोला-बारूद का स्पेशल गोदाम बनाया गया है ताकि मुंबई हमले जैसी किसी आंतकी वारदात को रोका जा सके। ये इंतजाम इंटेलिजेंस एजेंसियों ने किए हैं। रिटायर सैन्य अफसरों की राय के बाद असलहों के गोदाम बनाने की तैयारी की गयी है। सभी होटलों की छत पर ड्रोन तैनात किये गये हैं। करीब 16 बड़े होटल ऐसे हैं, जहां बड़े नेताओं के रुकने की व्यवस्था की है।

## डुमरी उपचुनाव : सुबह 8 बजे से काउंटिंग, 24 राउंड में फैसला

# किसके सिर सजेगा ताज, फैसला आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव के परिणाम की घोषणा शुक्रवार (8 सितंबर) को हो जायेगी। इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना के बाद फैसला होगा कि किसके सिर पर विधायक का ताज होगा। पांच को हुए उपचुनाव में यहां 64.84 फीसदी वोटिंग हुई थी।

तब से इवीएम में छह प्रत्याशियों का भाग्य बंद है। इनमें इंडिया समर्थित झामुमो प्रत्याशी सह मंत्री बेबी देवी, एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी, एआइएमएआइ के अब्दुल मोबिन रिजवी, निर्दलीय प्रत्याशी कमल प्रसाद साहू, नारायण गिरि व रोशन लाल तुरी शामिल हैं। प्राप्त रूझान के अनुसार बेबी देवी और यशोदा देवी के बीच कांटे की टक्कर है।

(शेष पेज 11 पर)

### एक घंटे में आने लगेगा रुझान



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार पोस्टल बैलेट की काउंटिंग के बाद इवीएम को बज्रगृह से लाकर कॉउटिंग हॉल में रखा जायेगा। रुझान, काउंटिंगा शुरू होने के एक घंटे के अंदर आ जायेगा। मतगणना 24 राउंड में पूरी हो जायेगी। प्रत्येक राउंड में 16 बूथों की काउंटिंग होगी। मतगणना हॉल में 16 टेबल बनाये गये हैं। उन्होंने शाम 4 बजे तक मतगणना कार्य पूरी होने की संभावना जतायी है। मतगणना स्थल पर अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने धारा 144 लगा रखा है।

## आसियान शिखर सम्मेलन में मोदी की चीन को दो टूक

# दक्षिण चीन सागर में प्रभावी आचार संहिता जरूरी

**एजेंसी**

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (आसियान) में भारतीय पीएम मोदी ने दक्षिण चीन सागर के लिए प्रभावी आचार संहिता को जरूरी करार दिया। मोदी की इस दो टूक बात को दक्षिण चीन सागर में लगातार घुसपैठ की कोशिश कर रहे चीन पर सीधा हमला माना जा रहा है। मोदी ने गुरुवार को सभी देशों से अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए संयुक्त प्रयास करने को कहा।

उन्होंने कहा, आतंकवाद, उग्रवाद और भू-राजनीतिक संघर्ष हम सभी के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। इनका सामना करने के लिए बहुपक्षवाद और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह से पालन करना आवश्यक है।

पीएम मोदी ने दक्षिण चीन सागर के लिए प्रभावी आचार संहिता पर जोर देते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप होनी चाहिए। इसमें उन देशों के हितों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए जो चर्चा का हिस्सा नहीं हैं। क्षेत्र के सभी देशों की हिंद-प्रशांत में शांति, सुरक्षा और समृद्धि में रुचि है।

(शेष पेज 11 पर)

### भारत ने दिया 12 सूत्रीय प्रस्ताव



भारत ने आसियान के साथ अपने सहयोग एवं समग्र रणनीतिक साझीदारी को मजबूत बनाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव रखा। इनमें जिसमें कनेक्टिविटी, डिजिटल परावर्तन, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, समकालीन चुनौतियों का समाधान, लोगों के बीच संपर्क और रणनीतिक जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाना शामिल है। सम्मेलन में भाग लेने के बाद पीएम मोदी नयी दिल्ली लौट आये हैं।

### गिरिडीह : गोवंश की हत्या के बाद तनाव

**गिरिडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र के बरगी में गोवंश की हत्या के बाद गुरुवार सुबह से ही दो समुदायों के बीच तनाव व्याप्त है। एसडीपीओ सुमित प्रसाद और थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रहे हैं। इलाके में कैंप कर रही पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की है। ज्ञात हो कि बरगी के अजय जायसवाल घर के पीछे गोवंश को बांधे थे। बुधवार दोपहर हसनेन ने उसे मार दिया, जिसपर बवाल हुआ।

### बोकारो में भी तनाव, मामला सुलझा

**बोकारो।** जन्माष्टमी पर बाजा बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। बाद में पुलिस के पहुंचने के बाद विवाद को सुलझाया गया। पूरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दी गयी है। यह विवाद पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के कुरमा गांव में गुरुवार को हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को बुलाना पड़ गया। पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों को बैठाकर मामला सुलझाया।

# तमिलनाडु में बोकारो के प्रोफेसर की संदेहास्पद स्थिति में मौत

## परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, सीबीआइ जांच कराने की मांग

- परिजन बोले, रात में फोन पर हुई बात, सुबह फंदे से लटका मिला शव
- कोतवाली में जीरो एफआइआर
- रक्षा शक्ति विवि रांची में भी कर चुके थे कार्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयंबटूर में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्य कर रहे बोकारो के समीर कुमार की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। समीर के परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए सीबीआइ जांच की मांग की है। परिजनों ने गुरुवार को राजभवन के समीप शव के साथ धरना दिया। प्रोफेसर समीर के भाई प्रवीण का कहना है कि समीर ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उनकी हत्या कर दी गयी है। प्रवीण ने कोयंबटूर पुलिस पर आरोप लगाया है कि पोस्टमार्टम से पूर्व ही उनलोगों से सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिया था।

(शेष पेज 11 पर)

### कैंपस में टीका लगाना पड़ा महंगा



परिजनों के अनुसार समीर मंगलवार का व्रत करता था और टीका लगता था। कॉलेज की तरफ से उसे इसके लिए मना किया गया था। परिजनों ने वहां पढ़ने वाले कई छात्रों पर कॉलेज के अंदर ड्रग्स और नशे का सेवन करने का आरोप भी लगाया है। समीर की बहन आकांक्षा ने बताया कि कैंपस में उसे टीका लगाने पर रोक लगा दी गयी थी। पूजा की सामग्री डस्टबीन में पायी गयी। बहन ने बताया कि प्रबंधन ने कुछ दिन के लिए उसकी ड्यूटी वॉर्डन के तौर पर लगायी थी। घटना से ठीक पहले रात में कई स्टूडेंट्स का अटेंडेंस बनाकर आये थे और अगले दिन से वॉर्डन की ड्यूटी नहीं करने की बात परिजनों से कही थी। अगले दिन सुबह कॉलेज प्रबंधन ने फोन पर समीर के सुसाइड करने की जानकारी दी। बहन का कहना है कि राउंड के दौरान भाई ने कुछ ऐसी घटना देखी जिसे छिपाने के उद्धेश्य से उसकी हत्या कर दी गयी है। आकांक्षा ने घटना की फॉरेंसिक जांच की मांग राज्यपाल से की है। अस्टिंट प्रोफेसर समीर मूल रूप से बोकारो जिले के दांतू गांव के रहनेवाले थे। इससे पहले वह रक्षा शक्ति विवि रांची में भी अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य कर चुके थे।



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ड्रीम प्रोजेक्ट स्कूल ऑफ एक्सलेंस को बेहतर बनाने की कवायद

- आदर्श स्कूलों और स्कूल ऑफ एक्सलेंस के लिए प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर की तलाश
- समन्वयक के पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य कैंडिडेट की तलाश में जुटा जेइपीसी

**सुधीर**





**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। वह हर हाल में राज्य की लचर शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना चाहते हैं। यही कारण है कि राज्य सरकार की ओर से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ड्रीम प्रोजेक्ट स्कूल ऑफ एक्सलेंस के साथ-साथ आादर्श स्कूलों को बेहतर करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। राज्य के मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि विधानसभा अध्यक्ष भी चाहते हैं कि राज्य के सरकारी स्कूलों की तुलना निजी स्कूलों से की जाये। इतना ही नहीं, राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चे भी निजी स्कूल के बच्चों की तरह जेईई और नीट की परीक्षा को क्रैक करें।

**स्कूलों की बेहतरी को बहाल किये जायेंगे प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से संचालित राज्य के आदर्श विद्यालय और स्कूल्स ऑफ एक्सलेंस के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोग्राम समन्वयकों की तलाश शुरू कर दी गयी है। झारखंड शिक्षा परियोजना पर्षद (जेईपीसी) ने प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर के पदों पर नियुक्ति के लिए वैकेंसी निकाला है। इसके लिए जेईपीसी झारखंड की ओर से योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। चयनितों की नियुक्ति संविदा के आधार पर 3 वर्षों के लिए होगी। जरूरत और परफॉरमेंस के आधार पर सेवा विस्तार भी दिया जायेगा। परंतु यह उनका अधिकारी नहीं होगा। जेईपीसी के अधिकारियों ने बताया 24 सितम्बर तक इसके लिए जरूरी योग्यता रखने वाले कैंडिडेट धुर्वा स्थित परिषद के कार्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट से आवेदन दे सकते हैं।

### बहाली की क्या है शर्त और सुविधा

जेईपीसी के अधिकारियों के मुताबिक प्रोग्राम समन्वयक (क्वालिटी एजुकेशन-1, आइटी एंड डाटा मैनेजमेंट-1, मॉनिटरिंग एंड इवेल्यूशन-3, एकेडमिक प्लानिंग-1) के कुल 6 पदों पर नियुक्ति होगी। सभी पदों के लिए चयनितों को हर माह 60 हजार रुपये मिलेंगे। कैंडिडेट की आयु 35 वर्ष (आरक्षित कैटेगरी के लिए 40 तक) से अधिक नहीं होनी चाहिए। विस्तृत जानकारी के लिए जेईपीसी के वेबसाइट की मदद ली जा सकती है।

## चकाचक होंगी झारखंड की ग्रामीण सड़कें

# ग्रामीण विकास विभाग ने कसी कमर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य का ग्रामीण विकास विभाग झारखंड में ग्रामीण सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी में जुट गयी है। इसके तहत विभाग राज्य में लंबे समय से जर्जर पड़े ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने की पहल शुरू कर दी है। विभाग अपने दम पर राज्य के विभिन्न इलाकों में खराब सड़कों की मरम्मत करने का निर्णय लिया है। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा की गई तैयारी के अनुसार इस वित्तीय वर्ष के अंत तक करीब 11 हजार किलोमीटर सड़क को दुरुस्त कर लिया जाएगा। इस साल के बजट में भी लगभग 3 हजार किलोमीटर वैसी ग्रामीण सड़कों की सतह नवीकरण सह विशेष मरम्मति करने का प्रस्ताव दिया गया था। वैसे सड़कों को दुरुस्त करने की कार्य योजना बनाई गयी है, उनमें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से लेकर आरईओ की सड़कें शामिल हैं।

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य में जो भी सड़कें जर्जर हैं उन्हें दुरुस्त किया जायेगा। पहले चरण में 10 वर्ष से ऊपर की बने सड़कों को चिन्हित किया गया, जिसमें करीब 11 हजार 082 किलोमीटर सड़कें हैं। इसके बाद 5 साल पहले के बने ग्रामीण सड़कों को भी दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए विभाग तैयारी कर रही है।



### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

इस योजना के तहत वैसी जगह पर सड़क बनाए जाते हैं, जहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी केंद्रीय योजना मद से सड़कें नहीं बन रही हैं। राज्य सरकार खुद अपने बलबूते मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना चल रही है। 2021-22 में 2000 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य पूर्ण करने के लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 708.917 किलोमीटर कार्य पूर्ण हुआ था। बाकी बचे सड़को का निर्माण इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में 60 प्रतिशत राशि भारत सरकार द्वारा और 40 फीसदी राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के तहत 2020-21 में 1900 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 1 हजार 729 किमी का कार्य पूरा हुआ था। इसी तरह 2021-22 में 621 किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य था, जिसमें 389 किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ। अब तक इस योजना के तहत चार फेज में सड़कों का निर्माण कार्य हो चुका है। इस दौरान कई सड़कें जर्जर हो चुके हैं तो कइयों की हालत अच्छी है। जिसे बनाने की कवायद विभाग ने शुरू कर दी है।

### आरसीपीएलडब्लूइए

इसके तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण का कार्य होता है। झारखंड के 16 जिलों खासकर बोकारो, चतरा, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, रांची, सिमडेगा और पश्मिी सिंहभूम में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सड़क निर्माण होता है। आंकड़ों के मुताबिक 2021-22 में 444 किलोमीटर सड़क का निर्माण और 51 पुलों को बनाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें 145 किलोमीटर की 43 सड़कें और 19 पुलों का निर्माण पूर्ण हुआ था। शेष बचे कार्य को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने कमर कस ली है।

## तेनुघाट की दोनों यूनिट से उत्पादन शुरू

### आज से मिलेगी 320 मेगावाट बिजली



**रांची।** विगत 14 जुलाई से ठप तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीटीपीएस) की यूनिट नंबर एक से गुरुवार को उत्पादन शुरू हो गया। इसके साथ ही अब टीटीपीएस की दोनों यूनिट से 320 मेगावाट बिजली शुक्रवार की सुबह से मिलनी शुरू हो जाएगी। इससे जेबीवीएनएल ने राहत की सांस ली है। बहुत हद तक बिजली की डिमांड और कमी पर विराम लगेगा। 14 जुलाई को मेंटेनेंस के लिए इस यूनिट को बंद किया गया था। इस यूनिट की क्षमता 200 मेगावाट तक है। टीवीएनएल के एमडी अनिल शर्मा ने बताया कि गुरुवार को सुबह आठ बजे से इसे सिंक्रनाइज कर दिया गया है। हालांकि कुछ मामूली काम बाकी था। जिसके कारण दोबारा बंद किया गया। शाम में पुनः इसे चालू कर दिया गया है। शुक्रवार की सुबह से इस यूनिट से 150 मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन होने लगेगा। यानी शुक्रवार को दोनों यूनिट से 320 मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन होने लगेगा। झारखंड में बिजली की कमी कुछ हद तक इससे दूर होगी।

# टेट पास शिक्षकों का राजभवन के सामने अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू

## शिक्षकों ने कहा, वेतनमान लागू होने तक जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन

### शिक्षकों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे भाजपा विधायक सीपी सिंह और आजसू के लंबोदर महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजभवन के सामने गुरुवार को टेट पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक समन्वय समिति) के बैनर तले अनिश्तिकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन पर पाकुड जिले के टेट पास पारा शिक्षक बैठे। आज के कार्यक्रम में धरना स्थल पर भाजपा के स्थानीय विधायक सीपी सिंह और आजसू विधायक लंबोदर महतो भी पहुंचे और टेट पास पारा शिक्षकों के मांग के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि आप की मांगें जायज है। हम भी आप की मांगों का समर्थन करते हैं। टेट पास पारा शिक्षक सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली का विरोध करते हुए और मांग कर रहे थे कि उन्हें 50% सीटों पर समायोजित करते हुए सीधे वेतनमान दे। क्योंकि किसी भी विभाग में 10 वर्ष कार्य करने के बाद सरकारी करण किया जाता है, जबकि टेट पास 19-20 वर्षो से कार्य कर रहे हैं। साथ ही, टेट पास सहायक अध्यापक एनसीटीई और एनईपी की मानकता को पुरा करते हैं, जो शिक्षक बनने का मापदंड है।

कार्यक्रम के दौरान प्रमोद कुमार, मिथिलेश उपाध्याय और सीमांत घोषाल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार दोहरी नीति न अपनाये, क्योंकि बिना टेट के सरकारी शिक्षक नियम में शिथिलता लाकर अल्पसंख्यक विद्यालय में की जा सकती है। तब फिर 20 वर्षों से कार्य कर रहे हैं टेट पास पारा शिक्षको को वेतनमान से वंचित क्यों किया जा रहा है? इस बार टेट पास पारा शिक्षक तब तक आंदोलन करते रहेंगे,जबतक सरकार वेतनमान नही दे देती है। वह, वर्तमान सरकार से आग्रह करते हैं कि जल्द ठोस निर्णय लेते हुए टेट पास पारा शिक्षकों को वेतनमान देने की दिशा में पहल करे। कार्यक्रम में मो कलीम , मनोज शर्मा, महेश मेहता, रितेश रंजन ,चुन्नु शाहा , अविनाश रंजन, काली शाहदेव, घनश्याम चंद्र, संजय यादव, नफीश अख्तर, मुख्तार अंसारी, वृजमोहन मेहता इत्यादि सैकडो शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

## खबर एक नजर में

### सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी कल कतरासगढ़ स्टेशन पर अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस को दिखायेंगे हरी झंडी

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को पांच ट्रेनों की सौगात दिलाने में कामयाब रहे। कतरासगढ़ स्टेशन में साप्ताहिक अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस और कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव होगा। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी 9 सितंबर को कतरासगढ़ स्टेशन पर अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस को 5:30 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह यह ट्रेन कोलकाता से आकर अहमदाबाद जाएगी। साथ ही कोरोना की वजह से बंद रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस, रांची गोड्डा एक्सप्रेस और पटना हटिया एक्सप्रेस का भी ठहराव कतरासगढ़ स्टेशन पर होगा। रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस 13403/04, रांची गोड्डा एक्सप्रेस 18619/20 और पटना हटिया एक्सप्रेस 19607/19608 का कतरासगढ़ स्टेशन पर 9 सितंबर से ठहराव होगा। जबकि कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस 19607/19608 का ठहराव 13 सितंबर से होगा। मालूम हो कि लंबे समय से राज्य व क्षेत्र की जनता अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस और कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव कतरासगढ़ स्टेशन पर करने की मांग कर रही थी और इसको लेकर कई मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का ध्यान भी आकृष्ट कराया। साथ ही कोरोना से पूर्व रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस रांची गोड्डा एक्सप्रेस और पटना हटिया एक्सप्रेस का ठहराव होने और कोरोना से अब तक बंद इन ट्रेनों का ठहराव पुनः कतरासगढ़ स्टेशन पर करने को लेकर भी सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी से लोगों मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कतरासगढ़ स्टेशन धनबाद जिले के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में आता है, जो गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में है।

### अल्लापूजा एक्सप्रेस ट्रेन में हृदयगति रुकने से युवक की मौत

**रांची।** राजकीय रेल थाना मुरी ने गुरुवार की सुबह ट्रेन नंबर 13352 अल्लापूजा एक्सप्रेस में हृदयगति रुकने से एक युवक की मौत हो गई। जीआरपी थाना प्रभारी जमादार मुंडा ने बताया कि मृतक मो शमीम अंसारी केरल में काम करता था। एलएपी धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन की एस 3 सीट नंबर 60 पर गिरिडीह के कोलडीहा अपने घर लौट रहा था। गुरुवार की भोर में उसकी हृदयगति रुक गई। इसकी सूचना मुरी स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर उसके दोस्तों ने दी, जहां रेल चिकित्सक ने जांचकर उसे मृत घोषित कर दिया। पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### करमा पर्व की छुट्टी अब 25 सितंबर को

**रांची।** झारखंड में करमा पर्व की छुट्टी अब 25 सितंबर सोमवार को होगी। एनआई एक्ट तहत इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। राज्य के सभी सरकारी कार्यालय के अलावा बैंक बंद रहेंगे। पहले अवकाश 10 सितंबर रविवार के दिन घोषित था, लेकिन कई माध्यम और डॉक्टर राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान से मिली जानकारी जिसमें राज्य में करमा पर्व 25 सितंबर को मनाने का जिक्र था। इससे करमा पर्व की छुप्ती को 25 सितंबर करने का फैसला किया गया।

### सिपाही से एएसआइ में प्रोन्नति पाने वालों का पीटीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द

**रांची।** झारखंड में सिपाही और एएसआई में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का पीटीसी प्रशिक्षण का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। इसको लेकर आईजी ट्रेनिंग द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिला और इकाई में 16 दिसंबर 2011 से 27 जनवरी 2016 तक नियुक्त और मैट्रिक उत्तीर्ण सभी श्रेणी के वैसे आरक्षी, जो आरक्षी बुनियादी प्रशिक्षण में उत्तीर्ण हों और वैसे हवलदार, जो मैट्रिक उत्तीर्ण हों और वैसे एएसआई जो पीटीसी प्रशिक्षण अभी तक प्राप्त नहीं किये है, उन्हें साक्षर आरक्षी से एएसआई के पद पर प्रोन्नति के लिये निर्धारित पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जेएपीटीसी पदमा, सीटीसी मुसाबनी और जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में 11 सितंबर से प्रशिक्षण कराने का आदेश निर्गत किया गया है। लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

## 'मेरी माटी, मेरा देश' का विशेष अभियान 9 व 10 सितंबर को : प्रदीप वर्मा

### भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने कहा- सभी घरों से होगा मिट्टी का संग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा है कि 9 एवं 10 सितंबर को मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर-घर से मिप्ती संग्रह का अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस घर में मिप्ती उपलब्ध नहीं हों, वहां से एक मुठ्ठी चावल लिये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव स्तर पर 1से 17 सितंबर तक मिप्ती संग्रह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान लोहरदगा से इस अभियान का शुभारंभ किया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गांव में हर घर से मिप्ती संग्रह के अतिरिक्त प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका निर्माण, शहीद के गांव में विद्यालय में शिला फलकम लगवाना तथा गांव स्तर पर पंच प्रण की प्रतिज्ञा सामूहिक कराना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 3 से 13 अक्टूबर तक हर ब्लॉक का एक कलश तैयार होगा, जिसमें उस ब्लॉक के गांव की मिप्ती होगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक में सामूहिक रूप से एनसीसी कैडेट, एनएसएस, स्काउट, युवा, महिला, किसान सभी को शामिल कर शहीदों के सम्मान के साथ प्रदेश में कलश भेजने के कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 25 से 28 अक्टूबर तक सभी 263 ब्लॉक से आये अमृत कलश को प्रदेश मुख्यालय में सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कर दिल्ली भेजना है। सार्वजनिक कार्यक्रम में सांसद, विधायक गण शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि दिल्ली में निवास करने वाले विभिन्न प्रदेशों के लोग अपने अपने प्रदेश से आये कलश का दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पारंपरिक भेष भूषा के साथ स्वागत करेंगे। उन्होंने बताया कि 29 एवम 30अक्टूबर को इन अमृत कलशों में लाई गई मिप्ती दिल्ली कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाली अमृत वाटिका में समर्पित की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री देश भर से कलश लेकर आये स्वंसेवाकों को संबोधित करेंगे।

## उदयनिधि स्टालिन का सनातन पर बयान दुर्भाग्यपूर्ण : अर्जुन मुंडा



**रांची।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म संबंधी टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि यह भारत की खासियत है कि सनातन धर्म के अस्तित्व को चुनौती नहीं देते हैं। हम इसे स्वीकार करते हैं और इसका पालन करते हैं। सनातन धर्म पर मंत्री उदयनिधि स्टालिन का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा बयान उनकी सोच व विकृत मानसिकता को दर्शा रहा है। मालूम हो कि तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने पिछले शनिवार को यह टिप्पणी कर विवाद पैदा कर दिया कि सनातन धर्म समानता एवं सामाजिक न्याय के विरुद्ध है। इसके उन्मूलन की जरूरत है। सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू से करते हुये कहा था कि ऐसी चीजों का उन्मूलन कर देना चाहिये। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को लेकर जिस तरीके से तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बयान दिया है, वह उनकी सोच व विकृत मानसिकता को दर्शाता है।

## भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ, कांग्रेस नेताओं ने झारखंड में निकाली पदयात्रा

# भारत जोड़ो यात्रा भारत के लिए बेहतर कल की नींव बन गयी है : अविनाश पांडे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक की गयी भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगाठ पर गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा राज्यव्यापी पदयात्रा निकाली गयी। इसी कड़ी में राजधानी रांची में महानगर कांग्रेस और ग्रामीण कांग्रेस की ओर से पदयात्रा आयोजित की गई। जो शहीद स्थल से शुभारंभ होकर बिरसा समाधी स्थल कोकर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सभा में बदल गयी। जिसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के साथ साथ कई बोर्ड निगम के अध्यक्ष और सदस्यों ने शिरकत की। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने राहुल गांधी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एकता और प्रेम की दिशा में उठाये गये करोड़ो कदम देश की बेहतर कल की नींव बन गई और यह नफरत मिटाने और भारत को एक होने तक जारी रहेगी। भारत जोड़ो यात्रा एक जनआंदोलन है। इसका इतिहास में कोई मुकाबला नहीं है। आज यात्रा के एक साल पूरे होने पर मैं आप सबों को बधाई देता हूं। यह यात्रा आर्थिक असमानताओं, महंगाई, बेरोजगारी, समाजिक न्याय, संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए की गई थी।

**भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं बिल्की पसीने से लिखा गया है : राजेश ठाकुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस मकसद से कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, उसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। भाजपा जितनी भी नफरत फैलाने की कोशिश करें, हम मोहब्बत से उसका सामना करेंगे। देश के अंदर विघटनकारी शक्तियां सक्रिय हो गई थी। ऐसे में राहुला गांधी ने जिम्मेवारी ली और मोहब्बत का पैगाम को लेकर लंबी पदयात्रा की। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं बिल्की पसीने से लिखा गया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि विदेशों के युनिर्वसिटी में भारत जोड़ो यात्रा पर पीएचडी किया जा रहा है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में लोकतंत्र खतरे में पड़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार देश के संविधान को तोड़ मरोड़ कर अपने हिसाब से इस्तेमाल करके उसे नष्ट करने की साजिश कर रही है। इसके खिलाफ कांग्रेसजनों को एक होने की आवश्यकता है।

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का यह परिणाम है कि युवा हों या बुजुर्ग, महिला हो या किसान, सभी लोगों का रूझान कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। अब देश व राज्य की जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस के नेतृत्व में ही देश का संविधान और लोकतंत्र बच सकता है। सभा को संबोधित करने वालों में विधायक राजेश कच्छप, शिल्पी नेहा तिर्की, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, गुंजन सिंह, अभिजीत सिंह शामिल थे।

### यात्रा में ये नेता थे शामिल

पहली वर्षगाठ पर निकाली गयी पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, शहजादा अनवर, उपाध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान, अजय दूबे, महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, शिव कुमार भगत, जवाहर लाल महथा, अजय नाथ शाहदेव, सुरेन्द्र सिंह, कृषि विपणन अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, सतीश पॉल मुंजनी, अशोक चौधरी, आभा सिन्हा, अमरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत शुक्ला, कमल ठाकुर, गजेन्द्र सिंह, केदार पासवान, नेली नाथन, चंचल चटर्जी, शमशेर आलम, अभिलाष साहु, शशिभूषण राय, धजनंय सिंह, सतीश केडिया, नरेश वर्मा, शकील अख्तर अंसारी, रमाकांत आनंद, बेलेस तिर्की, सुन्दरी तिर्की, इन्दिरा तुरी, शहबाज अहमद, उज्व्वल तिवारी, राजीव नारायण प्रसाद, पप्पु अजहर, अजय सिंह, गुलाम रब्बानी, दिलिप सिंह, राजू राम, जगरनाथ साहु, दीपिक ओझा, अख्तर अली, वारिश कुरैशी, फिरोज आलम, गौरव सिंह, जितेन्द्र त्रिवेदी, संजय कुमार, विकास यादव, सुषमा हेम्ब्रम, नीतू पासवान, अनिता सिन्हा आदि सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे।

## एक मतदान केंद्र पर 1500 मतदाता डालेंगे वोट



**रांची।** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1500 मतदाता वोट डाल सकेंगे। जिस मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होगी, वहां के कुछ मतदाताओं को दूसरे केंद्र में मतदान की सुविधा दी जाएगी। 1500 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र पर सहायक मतदान केंद्र बनाने की मंजूरी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने दे दी है।

उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को मतदान केंद्र का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। जिन मतदान केंद्रों को बदलने की जरूरत है, उसकी सूची भी उपायुक्त ने मांगी है। मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, फर्नीचर, दिव्यांगों के लिए रैंप और शौचालय का होना जरूरी है। जर्जर मतदान केंद्रों की पहचान कर उसे बदलने का निर्देश भी उपायुक्त ने दिया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम में तेजी लाने का निर्देश भी उपायुक्त ने दिया है। सभी संबंधित अधिकारियों को मतदाता पहचान पत्र के खराब फोटो और ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को बदल रंगीन फोटो लगाने का निर्देश दिया है।

स्पीड न्यूज

### जिला में 16 नये लोग पाये गये डेंगू पॉजिटिव

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में 7 सितंबर के सैम्पल जांच में 16 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए। अबतक कुल 3972 सैम्पल की जांच में 591 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। वर्तमान में 297 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 11 आईसीयू में, 286 नॉर्मल वार्ड में भर्ती हैं। गुरुवार को 55 लोगों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया।

### जन सुविधाओं के क्षेत्र में अव्यवस्था के खिलाफ भाजमो का धरना आज

**जमशेदपुर।** भाजमो जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में पूर्वी सिंहभूम जिला में जन सुविधाओं के क्षेत्र में फैली अव्यवस्था के खिलाफ आज 11:00 बजे से जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। इस बाबत जानकारी देते हुए भाजमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में नगर-पालिकाओं की व्यवस्था पुरी तरह से ठप हो चुकी है। जनता को मिलने वाली मौलिक सुविधाएं: पानी, बिजली, साफ-सफाई, शौचालय, सड़क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य कई स्थिति बद से बदतर हो गई है। पुरा जिला डेंगू, मलेरिया, वाइरल फीवर सहित अन्य जानलेवा बीमारियां से ग्रस्त है। लोगों को इलाज के लिए अस्पताल से जगह नहीं मिल रही है।

### बामनगोड़ा श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में मना कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**जमशेदपुर।** बामनगोड़ा श्री श्री राधा - कृष्ण मंदिर में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। मंदिर में शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी। बस्ती की काफी संख्या में महिलाएं कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित विशेष पूजा में शिरकत कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में बस्ती के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### जाकिरनगर चौक पर चहल्लुम मनाया गया

**जमशेदपुर।** शोहदाए कर्बला की याद मे मानगो जाकिरनगर चौक इमामबाड़ा मे आज प्रात 9 बजे फातिहाख्वानी व मीलादख्वानी कर चहल्लुम मनाया गया। इस अवसर पर मौलाना सरवर रजा फैजी ने 72 शोहदाए कर्बला पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि हज़रत इमाम हुसैन र ने अपने 72 साथियों के साथ मानवता व धर्म इस्लाम को बचाने के लिए अपने प्राण का नजराना प्रस्तुत किया जो पूरी दुनिया मे एक अदभुत उदाहरण है। सलातोस्लाम व दुआओं के साथ चहल्लुम कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर लाइसेंसी मो अशरफ हुसैन, अब्दुल रहमान वारसी, इरफान अहमद , फैजान अहमद, इसराफिल, सुलेमान रजा, साकिब रजा, दस्तगीर, इम्तियाज, इरफान आदि उपस्थित थे।

### दिलीप गोयल के जन्मदिन पर मानवसेवी कार्यक्रम कल से

**जमशेदपुर।** समाजसेवी, रेड क्रॉस सोसाईटी के पेट्रन व राजस्थान सेवा सदन के अध्यक्ष दिलीप गोयल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष की भांति उनकी पत्नी जयश्री गोयल के संयोजन में मानवता की सेवा के कार्यक्रमों की लड़ी के साथ किया जायेगा, जिसमें निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में किया जायेगा। शिविर को रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी का सहयोग भी प्राप्त होगा। 9 सितम्बर से 11 सितम्बर तक नेत्र शिविर के आयोजन के साथ 13 सितम्बर को साकची स्थित रेड क्रॉस भवन प्रधानमंत्री टी. बी. फ्री इंडिया के तहत टी. बी. मरीजों को राशन एवं दवा वितरण किया जायेगा। इसी कड़ी में 14 सितम्बर को रक्तदान शिविर आयोजन भी दिलीप गोयल के जन्मदिवस पर आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने प्रदान किया।

### रेडक्रॉस का रक्तदान शिविर आज

जमशेदपुर। रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम द्वारा चलाये जा रहे रक्तदान अभियान के तहत प्रत्येक माह आयोजित होने वाला रक्तदान शिविर 8 सितंबर को रेड क्रॉस भवन में रेड क्रॉस के नरेश मोदी एवं अशोक मोदी के संयोजन में मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया जायेगा।

### लेखिका कुमारी छाया को भारतीय तरुण संघ ने किया सम्मानित



जमशेदपुर। लेखिका कुमारी छाया को भारतीय तरुण संघ ने सम्मानित किया। कुमारी छाया भारतीय तरुण संघ के द्वारा संचालित आदर्श बाल मध्य एवं उच्च विद्यालय में विज्ञान की शिक्षिका भी हैं। हालांकि, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझने की वजह से विद्यालय में फिलवक्त सेवा नहीं दे पा रही हैं। कैंसर की पहचान होने के बाद कुमारी छाया इलाजरत हैं।

# टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन और गर्ल्स चेस चैंपियनशिप का आगाज

देश के ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद ने किया चैंपियनशिप का उद्घाटन




उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलित करते ग्रैंड मास्टर आनंद। साथ में टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी व अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चैंपियनशिप 2023 की शुरूआत आज भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद और चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने की। प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के मैच 8 से 15 सितंबर के बीच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होंगे। इसमें सात देशों के कुल 121 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 58 लड़कियां और 63 लड़के शामिल हैं। इन देशों में कजाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, रूस, इंडोनेशिया, नेपाल और भारत शामिल हैं। यह रोमांचक अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति चैंपियनशिप में विविधता और प्रतिस्पर्धात्मकता की एक परत जोड़ेगी। चैंपियनशिप में दो श्रेणियां शामिल हैं - एशियन जूनियर ओपन (लड़के और लड़कियां) और एशियन गर्ल्स चेस चैंपियनशिप। यह दोहरी संरचना सुनिश्चित करती है कि सभी लिंगों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का समान अवसर मिले। चैंपियनशिप को तीन श्रेणियों में बांटा गया है: क्लासिक, रैपिड और ब्लिट्ज। प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर चैंपियनशिप को राउंड रॉबिन या स्विस सिस्टम टूर्नामेंट के रूप में आयोजित किया जाता है। ओपन एंड गर्ल्स चैंपियनशिप के विजेता अगले साल की विश्व जूनियर चेस चैंपियनशिप में भाग लेने का अधिकार अर्जित करते हैं। भारत और विदेशों में शतरंज के विकास की दिशा में टाटा स्टील के प्रयासों की सराहना करते हुए, विश्वनाथन आनंद ने कहा, जमशेदपुर आना मेरे लिए हमेशा आनंददायी रहा है। पहली बार 30 साल पूर्व इस शहर में मैं आया था, तब से कई बार आ चुका हूं। यहां टाटा स्टील एशियन चेस चैम्पियनशिप का आयोजन देख कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। एक खेल के रूप में शतरंज भारत और दुनिया भर में प्रगति कर रहा है। विश्व स्तर पर एमेच्योर से लेकर भव्य टूनामेंटों में शीर्ष स्थान हासिल करने तक, हमने एक लंबा सफर तय किया है। टाटा स्टील के साथ चेस समेत अन्य खेलों का रिश्ता बहुत पुराना और संजोने योग्य है। एशियन जूनियर चेस चैंपियनशिप के माध्यम से हम सभी काफी आगे बढ़ चुके हैं और यह युवा प्रतिभाओं के लिए शतरंज में साहसिक कदम उठाने का एक और अवसर होगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में टाटा स्टील के वाईस प्रेसिडेंट, चाणक्य चौधरी ने कहा, शतरंज के साथ टाटा स्टील की यात्रा 3 दशक से भी पहले शुरू हुई थी, जो बौद्धिक गतिविधियों और रणनीतिक सोच को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चैंपियनशिप 2023 एक आगामी खेल केंद्र के रूप में जमशेदपुर के कायाकल्प का एक और प्रमाण है। टाटा स्टील में खेल हमेशा से हमारे लिए जीवन जीने का एक तरीका रहा है और इस तरह की अंतर-सांस्कृतिक बातचीत शतरंज के खेल में नए पहलू जोड़ेगी। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे जमशेदपुर में खेल का आनंद लें और लौहनगरी को अवश्य घुमें। अपने विचार साझा करते हुए अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि टाटा स्टील के पास खेलों को बढ़ावा देने की समृद्ध विरासत है और इसने भारतीय शतरंज को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर टाटा स्टील शतरंज इंडिया के निदेशक वान डेन बर्ग जीरोएन, भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से, अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा, टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन और शतरंज चैंपियनशिप 2023 के चीफ ऑर्बिटर धर्मेंद्र कुमार, ऋचा संचिता, कार्यकारी अध्यक्ष, ऑल झारखंड शतरंज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# टाटा स्टील ने की महिला फायरफाइटर प्रशिक्षुओं के पहले बैच की शुरुआत

**23 महिलाएं फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज के लिए प्रशिक्षण हासिल करेंगी**



ये हैं टाटा स्टील की बहादुर बेटियां।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अपनी तरह की पहली पहल में, टाटा स्टील ने गुरुवार को 23 महिला फायरफाइटर्स प्रशिक्षुओं के पहले बैच को शामिल किया, जो बुनियादी अग्निशमन और बचाव ऑपरेशन का प्रशिक्षण हासिल करेंगी और टाटा स्टील में पहली महिला फायरफाइटर्स होंगी। इस पहल की शुरूआत के रूप में, इन भावी फायरफाइटर्स का परिचय कराने के लिए 'फ्लेम्स ऑफ चेंज' कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष, संजीव कुमार चौधरी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान इन 23 महिलाओं को सक्षम फायरफाइटर्स बनने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से डिजाइन किए गए 3 महीने तक चलने वाले एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण इन महिलाओं को सैद्धांतिक समझ के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद, उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया जाएगा और चयनित प्रशिक्षुओं को टाटा स्टील की फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज टीम में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, टाटा स्टील के वरिष्ठ अधिकारीगण और यूनियन के सदस्यों की उपस्थिति में चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन, अरविंद कुमार सिन्हा, चीफ सिक्योरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन, टाटा स्टील, दीपा वर्मा, चीफ एचआरबीपी, कॉरपोरेट फंक्शंस, टाटा स्टील, जया सिंह पांडा, चीफ लर्निंग एंड डेवलपमेंट और चीफ डायवर्सिटी ऑफिसर, टाटा स्टील द्वारा बुनियादी अग्निशमन पर एक प्रशिक्षण मैनुअल का भी अनावरण किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में, चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा, टाटा स्टील इस तरह की पहल करने और संगठन में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अवसर पैदा करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। टाटा स्टील की फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज टीम में आज शामिल की गईं ये महिला फायरफाइटर्स इतिहास रचेंगी और देश भर में सभी को प्रेरित करेंगी।' इस अवसर पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने कहा कि टाटा स्टील को हमेशा उद्योग-प्रथम पहल में नेतृत्व करने की प्रेरणा मिली है। इन महिलाओं को संगठन में पहली महिला फायरफाइटर्स प्रशिक्षु के रूप में शामिल करते हुए हमें बहुत गर्व हो रहा है।' टाटा स्टील एक समान अवसर प्रदान करने वाली नियोक्ता है जो समान संस्कृति और विविध कार्यबल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करती है। समावेशन और विविधता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, टाटा स्टील ने कई अग्रणी कदम उठाए हैं, जो मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अपनी तरह के पहले कदम हैं, जैसे मासिक धर्म अवकाश नीति, सरोगेसी नीति, एजीटीबीक्यूआइए+ के लिए एम्प्लोयी रिसोर्स ग्रुप 'विंग्स' की शुरूआत, माइन में महिलाओं की तैनाती सहित अन्य पहल आदि। टाटा स्टील का लक्ष्य 2025 तक विविध समूहों वाले 25% कार्यबल तक पहुंचना है।

## बोनस और ग्रेड अच्छा हो इस पर यूनियन कर रही काम : राकेश्वर पांडे

टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड कर्मचारी यूनियन की कार्यकारणी बैठक संपन्न



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड कर्मचारी यूनियन की कार्यकारणी की बैठक यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में बारा प्लांट स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में जल्द की स्थाई कर्मचारी की बहाली को लेकर जो परीक्षा ली गई है उसकी आगे की प्रक्रिया जल्द पूर्ण की जाए, और कंपनी के अन्य स्थानों पर होने वाली बहाली में भी यहां के कर्मचारियों को समाहित किया जाए। 15 सितंबर से पहले बोनस वार्ता पूरी की जाए ताकि समय रहते लोग दुर्गा पूजा की खरीदारी कर सके। एक अक्टूबर से हो रहे ग्रेड देय को लेकर प्रबंधन को छः माह पूर्व दिए गए चार्टर ऑफ डिमांड पर वार्ता प्रबंधन की ओर से प्रारंभ करनी चाहिए ताकि बिना विलंब किए ग्रेड की वार्ता पूर्ण हो सके और कर्मचारियों को समय से उसका लाभ मिलना आरंभ हो जाए, यूनियन के सदस्यों ने बहुत सारे छोटे छोटे मुद्दो को भी बैठक में अध्यक्ष के समक्ष रखने का कार्य किए।

## सूर्य मंदिर समिति : एकल मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बारीडीह की खुशबू कुमारी बनीं चैंपियन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लौहनगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर पूरे शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व की खुशियां देखते बन रही है। गुरुवार को सुबह में सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन एकल मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आगाज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने किया। वहीं, इस दौरान मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह एवं अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे। एकल मटकी फोड़ प्रतियोगिता में सैकड़ों महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने अलग-अलग भाग लिया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने कृष्ण भक्ति में झूमते-नाचते हुए मटकी फोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आंखों पर पट्टी बंधे प्रतिभागियों ने हवा में लटके मटकी को तय समय पर एक डंडे से तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

## राशन आवंटन में हेराफेरी की शिकायत लेकर पूर्व विधायक कुणाल से मिले जन वितरण प्रणाली के डीलर

खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव एवं मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से कुणाल ने फोन पर की शिकायत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पुर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में राशन आवंटन से जुड़ी गड़बड़ियों सामने आई है। दरअसल, बहरागोड़ा प्रखंड के अंतर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत सितंबर 2023 के विरुद्ध जो खाद्यान्न आवंटन निर्गत किया गया है। उसमें भारी कटौती की गई है। जिससे कई दुकानदार का खाद्यान्न आवंटन शून्य हो गया है। जिससे कार्डधारी जनता के बीच खाद्यान्न वितरण करना संभव नहीं हो पा रहा है। जिससे डीलरों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसी मुश्किल को देखते हुए सभी डीलरों ने गुरुवार को पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी से मुलाकात की। इस दौरान डीलरों ने समस्या से संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से साझा करते हुए बताया कि स्टॉक बैलेंस रिपोर्ट में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना सितंबर 2022 से दिसंबर 2022 तक का जो खाद्यान्न निर्गत किया गया था। उसमें बहुत गड़बड़ी है। डीलरों ने कुणाल से इस मामले में हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की है। जिससे की गरीब लोगों को समय पर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जा सके। वहीं, कुणाल षाड़ंगी ने डीलरों को हो रहे समस्या और हुई गड़बड़ी की शिकायत राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव से की। कुणाल ने इस मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि डीलरों को मिलने वाले खाद्यान्न के आवंटन ना होने पर भी सिस्टम में आवंटित बताया गया है।

## एनार इंडस्ट्रीयल इंटरप्राइजेज ने सदस्यों को किया सम्मानित



**गम्हरिया।** टाटा मोटर्स लिमिटेड के अधिकृत डीलर एनार इंडस्ट्रियल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने अन्य निमार्ताओं की कड़ी प्रतिस्पर्धा के मुकाबले इस माह 65 वाहन ट्रक एवं ट्रेलर ऑनर एसोसिएशन जमशेदपुर के अध्यक्ष और उनके सहयोगियों के बीच बिक्री किया। इस उपलक्ष्य में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेंद्र पी. कमानी, निदेशक भव्य आर. कमानी, सीईओ टीएस कलसी और शाखा प्रबंधक ददन सिंह ने सभी नए वाहन मॉडल टाटा सिग्ना 5530 को एसोसिएशन के अध्यक्ष जसवीर सिंह सिरे और उनकी टीम के सदस्यों के बीच वितरित किया। यह टाटा मोटर्स लिमिटेड के समर्पित समर्थन और उनके क्षेत्रीय प्रबंधक रणवीर कवर, अर्णव नंदन (आरएसएम), दीपक दयाल (आरएम), शिवानु मिश्रा (एसपीएम) तथा टीम के अन्य सदस्यों के साथ संभव हो सका। उन्होंने एनार की ओर से सभी सदस्यों को बधाई दिया है।

## आरएसबी ट्रांसमिशन ने क्वालिटी सर्कल प्रतियोगिताओं में जीते कई पुरस्कार




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ऑटोमोटिव उद्योग में एक अग्रणी नाम, आरएसबी ट्रांसमिशन, हाल ही में संपन्न एसीएमए 18वीं राष्ट्रीय क्यूसी सर्कल प्रतियोगिता और सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी उल्लेखनीय सफलता की घोषणा करते हुए रोमांचित है। उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को विभिन्न श्रेणियों में कई पुरस्कारों से मान्यता मिली है। एसीएमए 18वीं राष्ट्रीय क्यू सी सर्कल प्रतियोगिता में आर एस बी ट्रांसमिशन की टीम ने प्रभावशाली तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के सभी कोनों से शीर्ष 12 भाग लेने वाली कंपनियों की एक मजबूत लाइनअप के खिलाफ प्रतिस्पर्धा। आरएसबी ट्रांसमिशन की जीत गुणवत्ता और निरंतर सुधार के प्रति उसके समर्पण को रेखांकित करती है। सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता नई दिल्ली में आयोजित की गई जहां आरएसबी ट्रांसमिशन ने 600 टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा की और अपनी उपलब्धियों की बढ़ती सूची में तीन और पुरस्कार जोड़े। कंपनी ने बड़ी श्रेणी में ऊर्जा उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित प्लेटिनम पुरस्कार, बड़ी श्रेणी में पोका योक के माध्यम से पीएम रिडक्शन के लिए गोल्ड अवार्ड और बड़ी श्रेणी में कम लागत वाले ऑटोमेटन केस स्टडी के लिए सिल्वर अवार्ड जीता, जिससे नवाचार और उत्कृष्टता में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत हुई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर.एसीएमए राष्ट्रीय क्यूसी सर्कल प्रतियोगिता और सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आरएसबी ट्रांसमिशन की सफलता उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है और इसे ऑटोमोटिव क्षेत्र में अग्रणी के रूप में स्थापित करती है। कंपनी नवाचार और विकास की अपनी यात्रा जारी रखने, उद्योग में वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए तत्पर है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि हम इन पुरस्कारों से रोमांचित और विनम्र हैं, जो आरएसबी ट्रांसमिशन में हमारी असाधारण टीमों के समर्पण, कड़ी मेहनत और सरलता का प्रमाण हैं। ये मान्यताएं हमें नवाचार, दक्षता की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। आरएसबी ट्रांसमिशन ऑटोमोटिव उद्योग में एक अग्रणी नाम है, जो नवाचार, गुणवत्ता और दक्षता के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता है। उत्कृष्टता की विरासत के साथ, कंपनी अपने अत्याधुनिक समाधानों और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से उद्योग मानकों को फिर से परिभाषित करना जारी रखती है। निरंतर सुधार पर जोर देने के साथ, आरएसबी ट्रांसमिशन ऑटोमोटिव इनोवेशन में सबसे आगे बना हुआ है।

## खबर एक नजर में

### ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष राष्ट्रपति से मिले



जमशेदपुर। सुपर सोनिक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रभात कुमार मित्तल राष्ट्रपति भवन दिल्ली में राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात कर पूर्वी जोन में राष्ट्रीय रोड सुरक्षा सम्मेलन का उद्घाटन करने का निमंत्रण देकर, उनसे आने का आग्रह किया। राष्ट्रपति महोदया ने आने का आश्वासन दिया है। उनके समयानुसार पूर्वी जोन में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के जमशेदपुर नेता अखिलेश सिंह यादव ने दी है।

### जेवियर पब्लिक स्कूल कीताडीह में मनी जन्माष्टमी



जमशेदपुर। जेवियर पब्लिक स्कूल कीताडीह में जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर जे वेलफेयर सोसायटी की चेयरपर्सन पूनम झा ने श्री कृष्ण के बाल रूप और उनके जीवन से मिलने वाली सकारात्मक शिक्षा के बारे में बच्चों को जानकारी दी। नन्हे मुन्ने बाल कृष्णा और राधा रानी साथ ही रुक्मणी और बलराम बनकर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी, सीनियर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, आयोजन में मटकी फोड़ का आयोजन भी लड़के एवं लड़कियों के लिए किया गया था, बच्चों में काफी उत्साह था । इस अवसर पर विद्यालय के सचिव रमन झा, अंकिता तिवारी, सुमन कुमारी, हिमांशु भारद्वाज, आकांक्षा ,रजनी, काजल, गुड़िया, सुष्मिता ,आशा , सिमरन, अलका ,शीतल, प्रिया, प्रीतिका ,रश्मि, कमलकांत ,पीएन शर्मा बी एन बेरा समेत अन्य उपस्थित थे।

### दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स चांडिल में विवो वी 29इ हुआ लांच



चांडिल। गुरुवार को चांडिल बस स्टैंड स्थित दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स में आकर्षक ऑफर के साथ विवो वी 29 ई सीरिज 5ऋ मोबाइल फोन केक काटकर लॉन्च किया गया। दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर दिनेश गुप्ता ने बताया यह मोबाइल फोन लाल एवं ब्लू के आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। यह 5जी मोबाइल फोन दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स में 8जीबी 128जीबी एवं 8जीबी 256जीबी रैम रोम के साथ उपलब्ध है। दिनेश ने बताया यह वीवो कंपनी का एक बेहतरीन प्रोडक्ट है। यह मोबाइल खरीदने पर दिनेश इलेक्ट्रॉनिक के द्वारा ग्राहकों को आकर्षक छूट के साथ आकर्षक उपहार भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा वीवो कंपनी की ओर से एक साल का वारंटी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स में अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट भी आसान किस्तों में उपलब्ध है।

### बसंत विहार अपार्टमेंट में वापस लौटे लोग

**जमशेदपुर।** 6 सितंबर को कदमा रामनगर में बसंत विहार अपार्टमेंट में हुए अग्निकांड के बाद फ्लैट में ना तो बिजली थी और ना ही पानी जिस कारण फ्लैट के कुछ निवासयिओं ने फ्लैट के सामने सामुदायिक भवन में आश्रय लिया। उनके लिए भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के द्वारा उन्हें रात्रि की भोजन की व्यवस्था की गई। सुबह में लोगों ने शिकायत की की कल से ही वे लोग अपने घर नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि वहां की बिजली काट दी गई है और ना ही कोई अधिकारी अभी तक बिजली की व्यवस्था को देखने आया है साथ ही जिस सामुदायिक भवन में वे रह रहे हैं वहां शौचालय में बहुत ही गंदगी है। इसके बाद नीरज सिंह ने धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी श्री पीयूष सिंह से दूरभाष पर बात कर इस बात की जानकारी देते हुए आग्रह किया की जल्द ही उसे फ्लैट में बिजली की व्यवस्था बहाल की जाए ताकि लोग अपने घर जा सके और महिलाएं अपना दैनिक कार्य कर सके इसके बाद बिजली विभाग के पदाधिकारी और मैकेनिक फ्लैट में पहुंचकर बिजली की व्यवस्था को बहाल किया।

### टाटा स्टील के इंटर डिवीजनल हॉकी टूर्नामेंट में एमओक्यू नोवमुंडी चैंपियन



जमशेदपुर। टाटा स्टील के खेल विभाग ने 5 से 7 सितंबर तक नवल टाटा हॉकी अकादमी, आईएसडब्ल्यूपीएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटर डिवीजनल हॉकी टूनामेंट का आयोजन किया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रोहित प्रसाद हेड एडमिनिस्ट्रेशन, वेस्ट बोकारो उपस्थित थे। टूर्नामेंट में टाटा स्टील की 8 आईडी यूनिट्स ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस वर्ष की प्रतियोगिता में 130 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। असाधारण प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए, ओएमक्यू नोआमुंडी की टीम विजेता बनी, जबकि वेस्ट बोकारो की टीम उपविजेता रही। लॉन्ग प्रोडक्ट ने इस टूनामेंट में द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। निष्पक्ष खेल और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, टूर्नामेंट को मंजीत सिंह, गुरुमीत सिंह और टाटा नवल हॉकी अकादमी टीम सहित प्रसिद्ध तकनीकी अधिकारियों की विशेषज्ञता से लाभ हुआ, जिन्होंने अपनी भूमिका सराहनीय ढंग से निभाई।

### सुनील आनंद को 25 बार रक्तदान के लिए ब्लड बैंक ने सम्मानित किया



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के रिलीफ कोऑर्डिनेटर सुनील आनंद को 25 बार रक्तदान करने के लिए जमशेदपुर ब्लड बैंक के जनरल मैनेजर संजय चौधरी मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ में हौसला बढ़ाने के लिए शनि देव भक्त मंडली के देबू घोष भी उपस्थित थे। सुनील आनंद के द्वारा 25 बार स्वैच्छिक रक्तदान में 17 बार रक्तदान एवं 8 बार सिंगल डोनर प्लेटलेट्स एसडीपी दान (एसडीपी कैंसर पेशेंट एवं डेंगू मरीज के लिए आठ बार दिया गया। मरीज के जरूरत पड़ने पर ही दिया जाता है) एसडीपी के लिए डेढ़ लाख से ऊपर प्लेटलेट होना जरूरी है, इसलिए इसके दाता बहुत कम हो जाते हैं जिसके कारण एसडीपी दाता को एसडीपी डोनेट करने के लिए ही रिजर्व रखा जाता है ताकि जरूरत पड़ने पर उनका प्लेटलेट लिया जा सके। सुनील आनंद का कहना है रक्तदान के क्षेत्र में सामान्य रुप से सभी रक्तदाता का रक्तदान के लिए उद्देश्य होता है कि कम से कम 100 बार तक रक्तदान पूरा किया जाए। परमात्मा चाहेंगे तो मेरे जीवन में भी यह सौभाग्य मुझे मिलेगा यही परम पुरुष से प्रार्थना है

### मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सदस्यता विस्तार अभियान में देश भर में छठे स्थान पर



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी ने अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित सदस्यता विस्तार अभियान में देशभर की 800 शाखाओं में छठवे स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, शाखा ने पूरे झारखंड प्रांत में पहला स्थान हासिल किया है। इस वर्ष जुलाई माह में आयोजित अभियान के दौरान, जिसका उद्देश्य सदस्यता और सहभागिता को बढ़ावा देना था, स्टील सिटी शाखा ने 35 नए उत्साही युवा सदस्यों को जोड़कर यह उपलब्धि हासिल किया है। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा में नए सदस्यों को जुड़ने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका रही अध्यक्ष मोहित मुनका, जिन्होंने 7 नए सदस्य,पूर्व अध्यक्ष विष्णु गोयल जिन्होंने 6 नए सदस्य और संगठन विस्तार संयोजक अनिमेश छापोलिया जिन्होंने 5 नए युवा साथियों को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

## अब भारत?


देश में अटकलें लगाई जा रही हैं कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस महीने के अंत में एक विशेष संसद सत्र में इंडिया का नाम बदलकर भारत कर सकती है। हालांकि, किसी देश का नाम बदलना कितना महंगा पड़ सकता है ऐसा कुछ मॉडल है जो इसका सुझाव देते हैं। साउथ अफ्रीका के इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी वकील और ब्लॉगर डेरेन ओलिवियर के मॉडल का उपयोग करते हुए समाचार आउटलेट आउटलुक ने नाम बदलने को लेकर यह भारत के लिए यह आंकड़ा 14,000 करोड़ रुपये से ज्यादा होने का अनुमान लगाया है। हालांकि, बिजनेस स्टैण्डर्ड ने इस आंकड़े की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है। ओलिवियर ने इस मॉडल का इस्तेमाल साल 2018 में किया था। तब स्विट्जरलैंड ने अपना नाम बदलकर इस्वातिनी कर लिया था। ओलिवियर का मॉडल किसी देश का नाम बदलने की तुलना बड़े निगमों में रीब्रांडिंग के आधार पर है।

ओलिवियर के मॉडल की माने तो, एक बड़ी कंपनी का मार्केटिंग पर एवरेज खर्च उसके कुल रेवेन्यू का लगभग 6 प्रतिशत होता है। वहीं, रीब्रांडिंग पर कुल खर्च 10 प्रतिशत तक हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की कुल राजस्व प्राप्तियां 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में 23.84 लाख करोड़ रुपये थीं। इस प्रकार, ओलिवियर के मॉडल के हिसाब से चले तो भारत को 14,034 करोड़ रुपये तक खर्च करना पड़ सकता है, जो कि केंद्र द्वारा अपने खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पर हर महीने खर्च किये जाने वाले खर्च से अधिक है। उ श्रीलंका ने 2011 में अपना नाम सीलोन से बदल लिया और थाईलैंड ने अपना नाम सियाम से बदल लिया था। 2024 लोकसभा चुनाव सर पर है और ऐसे में इस प्रकार के निर्णय का विरोध विरोधी पक्षों द्वारा स्वाभाविक है। देखना है संसद के विशेष सत्र में क्या होता है?

## प्रदूषण की मार

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एक संस्थान की वह रिपोर्ट हमें परेशान करती है कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु पांच साल कम कर रहा है। जबकि दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी दिल्ली के बारे में अध्ययन बताता है कि लोगों की उम्र 11.9 साल घट सकती है। बहरहाल, इन आंकड़ों का सत्यापन करने और प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की भी जरूरत है। अध्ययन इशारा करता है कि देश की एक अरब तीस करोड़ की आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। वहीं दो तिहाई भारतीय जनसंख्या ऐसे शहरों में निवास करती है, जहां प्रदूषण भारतीय मानकों से भी अधिक है। दूसरी ओर भारत का सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित है। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय किये जाते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगाने की बात की जाती है। फिर पराली को लेकर ठीकरा पंजाब व हरियाणा के किसानों के सिर फोड़ दिया जाता है। जिससे रह-रह कर प्रदूषण गंभीर स्थिति में पहुंचता रहता है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में यह कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था। निस्संदेह, गरीब मुल्कों के सामने जीविका संकट पहले से ही हैं, लेकिन समय की संवेदनशीलता को देखकर नीतियों का निर्धारण करना होगा। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि पूरी दुनिया में सत्तर लाख मौतें हर साल प्रदूषित वायु के चलते हो रही हैं।

# 'भारत' को 'इंडिया' से मुक्ति मिले तो क्या दिक्कत?






**- सुधांशु कुमार**

> जैसे, पुरानी इमारतें, रेलवे स्टेशनों आदि का नया नामकरण हुआ। इसके अलावा अंग्रेजों के वक्त से चले आ रहे करीब 1500 पुराने कानूनों को खत्म किया है। अंग्रेजों की बनाई संसद को भी स्वदेशी नए भवन में हस्तांतरित कर दिया गया है। इंडिया नाम पड़ने की थ्योरी से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन भारत कैसे पड़ा। इसकी मुकम्मल जानकारियों का बहुत अभाव रहा है। हालांकि, भारत शब्द के पीछे तर्क कोई एक नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं।

भारत' शब्द वैसे हमारी संस्कृति, देशी रीति-रिवाजों और पुरानी परंपराओं की आत्मा है, तभी उसे भारत माता कह कर पुकारते आए हैं। जब अंग्रेजों की घुसपैठ हुई, तो उन्होंने अपने मुआफिक नया नाम 'इंडिया' गढ़ दिया जिसे भारतीयों को ना चाहते हुए भी अपनाना पड़ा। 200 सालों तक देश उनका बंधक रहा, इस बीच ये नाम भी प्रचलित होता गया। आजादी से लेकर आज तक यानी 275 वर्षों से भारत के जगह इंडिया शब्द ही बोला और लिखा जाता रहा। समूचा संसार भी इंडिया से ही जानता-पहचानता और पुकारता है। ये सच्चाई वैसे हम सभी जानते हैं कि भारत का अंग्रेजी नाम इंडिया अंग्रेजों की देन है। क्योंकि इंडिया की उत्पत्ति इंडस यानी सिंधु शब्द से है जो यूनानियों द्वारा चौथी सदी ईसा पूर्व से प्रचलन में रही। इंडिया नाम पुरानी अंग्रेजी में 9वीं सदी में और आधुनिक अंग्रेजी में 17वीं सदी से मिलता है।

चाहे प्राचीन भारत की बात हो, या आधुनिक समय की, दोनों विधाओं के परिसंगम में हमारी परंपराओं और घरेलू संस्कृतियों में इंडिया शब्द का कोई वास्ता नहीं? पर, शायद अब भारत के माथे पर जबरन गोदा गया इंडिया नाम सदैव के लिए लुप्त होने की कगार पर है जिसकी अधिकृत शुरूआत देश की राष्ट्रपति द्वारा चुपके से मंगलवार को उस समय हुई, जब उनके कार्यालय से जी-20 कार्यक्रम को लेकर नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजे गए। निमंत्रण पत्र में उनके पद से 'इंडिया' शब्द हटा हुआ दिखा। अकसर, भारत के राष्ट्रपति के पद के आगे द प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया लिखा होता था। पर, मंगलवार से उस स्थान पर ह्यद प्रेसिडेंट ऑफ भारत शब्द गुदा हुआ दिखाई देगा। जाहिर है इसके बाद सियासी हंगामा कटता और हंगामा कटते हुए देर नहीं लगी? हिंदुस्तान के तकरीबन सभी सियासी दल केंद्र सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री पर हमलावर हो गए हैं। सभी एक सुर में बोलने लगे कि प्रधानमंत्री संविधान से भी छेड़छाड़ करने लगे हैं।

कांग्रेस नेता जयराम की टिप्पणी आई, बोले इंडिया शब्द से आपत्ति क्यों है प्रधानमंत्री को? क्या इसलिए कि जब से विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से अपने संयुक्त गठबंधन का नाम इंडिया रख लिया है। जबकि, इससे पूर्व अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने अपने करीब 150 योजनाओं के नाम इंडिया शब्द से ही रखे। चाहे खेलो इंडिया हो या स्टार्टअप इंडिया? विपक्ष इसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने के मूड में है। समूचा विपक्ष विशेष सत्र में इसे मजबूती से उठाएगी। लेकिन, सरकार ने सत्र आने से पहले ही ऐसा धमाका कर दिया जिससे विपक्ष में भगदड़ मच गई। उनमें अभी तक शोर सिर्फ 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर था। लेकिन एक और बड़ा बम फोड़ डाला। मोदी-शाह की जोड़ी एक बात ठीक से जानती है कि एक साथ इतने मसले उठा दो, जिससे विपक्ष कंफ्यूज हो जाए, कि कौन सा उठाए, कौन सा नहीं?

बहरहाल, 'इंडिया' को 'भारत' कर देना, ये संवैधानिक रूप से सभी सियासी दलों के साथ मंत्रणा करने वाला मुद्दा है। हालांकि अभी भी संदेह के कुछ बादल मंडरा रहे हैं। मात्र राजनीतिक गलियारों में ही चचाएं हैं। स्थिति अभी भी साफ नहीं है कि वास्तव में ऐसा होगा, या संविधान से इंडिया शब्द को हमेशा के लिए हटाया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा बुलाए जा रहे विशेष सत्र में क्या इस मसले पर चर्चा होगी? मसौदा पेश होगा या फिर कोई बिल लाया जाएगा? वैसे, मुद्दा ज्यादा पेचीदा नहीं है कि आसानी से सुलझाया न जाए? पर, बात वहीं आकर अटक जाती है कि क्या इस पर केंद्र सरकार विपक्ष को विश्वास में लेगी, या पूर्व की भांति इस बार भी सब को दरकिनार करके अपने निर्णय पर आगे बढ़ेगी। विपक्षी दल ज्यादातर इसी बात से नाखुश हैं कि सरकार किसी बड़े निर्णय में उन्हें शामिल नहीं करती, अपने मन मुताबिक फैसले ले लेती है।

भारत-इंडिया की लड़ाई के इतर अगर बात करें, तो केंद्र में मोदी सरकार के बीते साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल में बहुत कुछ बदला-उलटा गया। देखा जाए तो कहीं-कहीं जरूरी भी था। मुगल, शाहजहां व अकबर जैसे तमाम पूर्व शासकों के वक्त के इतिहास को बदला गया। उनके द्वारा रखे गए नामों को हटाने का कार्य बीते कई वर्षों से बदस्तूर जारी है। जैसे, पुरानी इमारतें, रेलवे स्टेशनों आदि का नया नामकरण हुआ। इसके अलावा अंग्रेजों के वक्त से चले आ रहे करीब 1500 पुराने कानूनों को खत्म किया है। अंग्रेजों की बनाई संसद को भी स्वदेशी नए भवन में हस्तांतरित कर दिया गया है। इंडिया नाम पड़ने की थ्योरी से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन भारत कैसे पड़ा। इसकी मुकम्मल जानकारियों का बहुत अभाव रहा है। हालांकि, भारत शब्द के पीछे तर्क कोई एक नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। पर, हिंदुओं के महान पौराणिक ग्रंथ ह्यस्कन्द पुराणह्न के अध्याय संख्या-37 के मुताबिक ऋषभदेव नाभिराज के पुत्र का नाम भारत था, जो बड़े बलशाली और शूरवीर थे, उन्हीं के नाम से हमारे देश का नाम भरत पड़ा। इसका उल्लेख कई जगहों पर मिल जाएगा कि भारतवर्ष का नाम ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर हुआ। हिंदुस्तान शब्द की भी अपनी एक अद्भुत कहानी है। ज्यादातर लोग यही समझते हैं कि हिंदुस्तान हिंदुओं की बहुतायत के चलते पड़ा। जबकि, ऐसा है नहीं? हिन्दू और हिन्द दोनों फारसी शब्द हैं जो इंडो-आर्यन संस्कृत सिंधु से आए हैं। आचमेनिड सम्राट डेरियस प्रथम ने लगभग 516 ईसा पूर्व में सिंधु घाटी पर विजय प्राप्त की थी, जिसके बाद ये शब्द सिंधु घाटी के लिए इस्तेमाल किया गया।

इंडिया शब्द को हटाने को लेकर सियासत सुगबुगाहट ही नहीं, बल्कि गर्माहट भी बढ़ गई है। चचाएं ऐसी हैं कि हो सकता है बुला गए संसद के विशेष सत्र में केंद्र सरकार संविधान से 'इंडिया' शब्द को हटाने कोई बिल आए। प्रस्ताव की तैयारियों की हलचल दिखने भी लगी है। अभी कुछ दिन पहले ही तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी कहा था कि सदियों से हमारे देश का नाम भारत रहा है? यही रहना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से बाकायदा अपील की है कि इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल हो। फिलहाल इस मसले को लेकर राजनीति जबरदस्त शुरू हो गई है।

### खास बात

## 76 वां कान फिल्म समारोह

इस वर्ष मई में 76वें कान फिल्म महोत्सव में अपनी सफल भागीदारी के बाद भारत ने अपनी फिल्में 7 सितंबर, 2023 से शुरू हो रहे 48वें टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) में ले जाने की तैयारी कर ली है। इस वर्ष, भारत को प्रतिभा, विषय-वस्तु और मनोरंजन के केंद्र के रूप में प्रदर्शित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। टीआईएफएफ में भारत के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव (फिल्म) और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के प्रबंध निदेशक श्री पृथुल कुमार करेंगे। एनएफडीसी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की केन्द्रीय एजेंसी है, जो टीआईएफएफ में भारत की भागीदारी का आयोजन कर रही है।


अपनी व्यापक भागीदारी योजना में, भारत देश की सृजनात्मक और साथ ही तकनीकी शक्तियों को प्रदर्शित करने के लिए कई सत्रों की मेजबानी करेगा और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों को भारत के साथ फिल्मों का निर्माण करने और भारतीय स्थानों पर फिल्म बनाने के लिए आमंत्रित करेगा। एक विशेष स्पॉटलाइट सत्र, जिसका शीर्षक है, आओ, भारत में फिल्म बनाओ, भारत की फिल्म नीतियों को प्रदर्शित करने का प्रयास करता है, देश में फिल्मांकन को आसान बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के लिए भारत की एकल खिड़की व्यवस्था बनाई जाएगी। भारत और कनाडा की सिनेमाई उपलब्धियों के जश्न के रूप में, देश फीचर, लघु फिल्म, एनीमेशन प्रोजेक्ट, ओटीटी सामग्री और वेब प्रोजेक्ट जैसे माध्यमों में फिल्म निर्माण की संभावनाओं का पता लगाना और उन्हें बढ़ावा देना चाहते हैं।

उपस्थित लोगों में एनएफडीसी, ओंटारियो क्रिएट्स, टेलीफिल्म कनाडा, भारतीय और कनाडाई निर्माता शामिल होंगे।

टीआईएफएफ में भारत की भागीदारी भारतीय मंडप के उद्घाटन के साथ शुरू होगी, जिसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद द्वारा डिजाइन किया गया है।

## आचरण में श्रेष्ठता

### धर्म-प्रवाह



**श्री रामशर्मा आचार्य**

आत्मशांति की उपलब्धि संसार के सुखों और पदार्थों के भोग से संभव नहीं। उसकी प्राप्ति तो तब होती है, जब मनुष्य के जीवन और आचरण में श्रेष्ठता का समावेश होता है। श्रेष्ठता ही आत्मशांति का एकमात्र आधार है। श्रेष्ठ आत्मा वाले व्यक्ति कितने ही गरीब और एकाकी क्यों न हों, उन्हें असंतोष की यातना सहन नहीं करनी पड़ती। विद्वान, परमार्थी, भक्त तथा परोपकारी व्यक्ति श्रेष्ठ आत्मा वाले ही होते हैं। इसी संबल के आधार पर ही तो वे अभावों से भरा अपना जीवन शांति के साथ जीते हैं और संतोष के साथ छोड़ते हैं। उन्हें किसी तरह का मनस्ताप नहीं सताता । ऋषि, मुनि, महात्मा, मनीषी, चिंतक तथा दार्शनिक व्यक्तित्व न कभी धन- वैभववान रहे हैं और न उन्होंने सांसारिक पदार्थों के भोग में ही अपना जीवन निमग्न किया । उनका जीवन सदा ही सरलतम तथा सादा रहा है। भोजन, वस्त्र और निवास जितना साधारण कोटि का हो सकता है, उनका रहा । दिनचर्या और परिश्रम उनका इतना कठोर रहा है जो किसी के लिए कष्ट के समान ही हो सकता है। आगे भी इस कोटि के व्यक्ति इसी प्रकार अभाव भरा जीवन ग्रहण करेंगे और आज भी जो जहाँ हैं, जाकर देखा जा सकता है, ऐसा ही जीवनयापन करते दिखलाई देंगे। तब भी उनके समान सुखी तथा संतुष्ट कोई दूसरे कदाचित ही रह पाते हैं। इसका केवल एक ही कारण है और वह है-उनकी आत्मश्रेष्ठता ।

राहे प्रखंड के डुमरडीह में फनील यादव के घर से पंचानन अहिर के घर तक 400 फीट और बाबना टोला में भिमा यादव के खेत से श्री कृष्णा मंदिर तक 500 फीट पी.सी.सी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।
शिक्षा। हरियाली। विकास
**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

### रोचक ट्वीट

जी-20 को लेकर हमारा एक ही मूल मंत्र है- वसुधैव कुटुंबकम, जहां वैश्विक कल्याण का लक्ष्य लेकर हम दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचना चाहते हैं।
**-नरेन्द्र मोदी**





श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूँ। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार।
**-हेमंत सोरेन, सीएम**

## वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे की शुरूआत कैसे हुई और क्यों मनाई जाती है?



**डॉ रजनीश बरियार**

फिजिओथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के चीफ एंड हेड फिजियोथैरेपिस्ट...

1.)=भौतिक चिकित्सा परिसंघ दुनिया का एकमात्र ऐसा संगठन है जो दुनिया के सभी फिजियोथैरेपिस्ट का प्रतिनिधित्व करता है। इसकी स्थापना 8 सितंबर 1951 को की गई थी,लेकिन इस दिन को मनाने की आधिकारिक घोषणा 8 सितंबर 1996 को की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में फिजियोथैरेपी को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना है। 2) फिजियोथैरेपी का महत्व क्या है? =फिजियोथैरेपी का दायरा सीमित नहीं है इसका उपयोग मेडिकल फील्ड के अलग अलग विभाग जैसे की...ऑर्थोपेडिक में*:- ऑस्टियोआर्थराइटिस ,रूमेटाइड अर्थराइटिस, रोटेटर कफ संबंधित कंधे का दर्द,फ्रोजन शोल्डर,टेंडोनाइटिस, बर्साइटिस,डिस्क हेर्निएशन, स्टेनोसिस, जोड़ो का दर्द, कमर दर्द,..... इत्यादि।

न्यूरोलॉजिकल में*:- एलस,अल्जाइमर, सेरेब्रल पाल्सी ,माइग्रेन,पार्किंसंस,स्ट्रोक,मल्टीपल स्क्लेरोसिस,...इत्यादि ।कार्डियोपलमोनर ी में*:- अस्थमा,ब्रोनकाईटीस, कर्डियोवस्कूलर बीमारी, डिविपी,न्यूमोनिया,सीओपीडी,..इत्यादि।

### .....*वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे 2023

स्पोट्र्स में*:-मस्कुलर स्ट्रैन, स्प्रैन, जोड़ो मे दर्द..इत्यादि ।पीडियाट्रिक में*:- डाउन सिंड्रोम, ऑटिसम,स्पिना इस्पिना बाईफि डा, सेरीब्रल पाल्सी,...इत्यादि ।

गायनेकोलॉजी में* :-पेलविक फ्लोर विकनेस्, इनकॉन्टिनेंट्स, प्रे एंड पोस्ट नेटल प्रेगनेन्सी क्लासेस इत्यादि...जैसे भिन्न - भिन्न विभाग के भिन्न - भिन्न प्रकार के बीमारियों को ठीक करने हेतू फिजियोथैरेपी का उपयोग किया जा रहा है। 3) किस तरह के मरीज फिजियोथैरेपी का लाभ उठा सकते हैं?

= निम्न आम कारणों से लोग फिजियोथैरेपी के लिए आते हैं:-

* मांसपेशियों की ऐठन एवं कमजोरी को कम करने के लिए। * मांसपेशियों के खिंचाव और लचीलेपन में मदद के लिए ।* सर्जरी के बाद तेजी से सुधार के लिए।

*शरीर के संतुलन में सुधार करने के लिए एवं जोड़ो की गतिशीलता के लिए।* दर्द से राहत के लिए। मोटापा कम करने के लिए। वृधा अवस्था संबंधित समस्याओं में मदद के लिए..... इत्यादि।

हम कैसे एक अच्छे फिजियोथैरेपिस्ट का चुनाव कर सकते हैं? हमारे मरीजों का यह अधिकार होता है कि वह अपने थेरेपिस्ट् से उनकी क्वालिफिकेशन एवं पूर्व अनुभव के साथ - साथ उनसे उपचार पद्धति के बारे में पूछ सकते हैं, साथ ही जेएससीपीटी और आईएपी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। .डॉ साहब अगर कोई मरीज को आपसे मिलना हो या ट्रीटमेंट कराना हो तो आप तक कैसे पहुँचेंगे , आप अपने हॉस्पिटल या क्लिनिक के बारे मे हमें बतायें। मुझसे मिलना बहुत ही सरल और आसान है.. दो हॉस्पिटल में मेरे फिजिओथेरेपी एंड रिहैब सेंटरश् हैं, एक लाइफ केयर हॉस्पिटल जो की बूटी मोड़ के पास मे स्थित हैं,और दूसरा सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल जो की जय प्रकाश नगर के अपोजिट, बरियातु रोड में स्थित हैं,जो पूरे राँची का सबसे बडा और सबसे बेहतर फिजिओथेरेपी चिकित्सक केंद्र में से एक हैं। जिसमें ओर्थो, न्यूरो, कार्डियो से लेकर स्पोर्टस तक की बेहतरीन फिजिओथेरेपी की सुविधा उपलब्ध हैं।

जारी...

### कॉर्टून वर्ल्ड

**तेजी से बढ़ती महंगाई...**



साभारः कॉर्टूनमूवमेंट डॉटकॉम

### लेटर टू एडिटर

#### अंतर्विरोध के स्वर

**इंडिया** गठबंधन की मुंबई बैठक के बाद लगातार विरोधाभासी स्वर स्पष्ट संकेत है कि गठबंधन में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। बैठक में किसी संयोजक का चुनाव न होना, जातिगत जनगणना पर एक मत का अभाव गठबंधन के नेताओं के लिए चिंता का विषय है। एक और बड़ी दिक्कत गठबंधन के नेताओं के दिए गए वक्तव्य गठबंधन घटक दलों पर भारी पड़ते है।
**– राजकिशोर, रांची**

#### आसान नहीं राह

**वर्ष** 1967 तक देश में सभी चुनाव एक साथ ही होते रहे, किंतु परिस्थितियों के अनुसार बदलाव होते रहे। किंतु संवैधानिक प्रावधानों में संशोधन हेतु निश्चित प्रक्रिया का पालन होने के बाद अमलीजामा पहनाने में समय लंबा लगता है। संपादकीय ह्यतीर के कई निशाने में उल्लेख है कि एक साथ चुनाव करवाने में कई कानूनी पेचिदगियों सामने आयेगी।
**-विवेकानंद सिंह, रातू**

## कारगर सिद्ध हो रहा नवभारत साक्षरता मिशन

**योगेश कुमार सोनी**

**इस** समय भारत में एक सितंबर से नवभारत साक्षरता मिशन पर काम चल रहा है। नवभारत साक्षरता मिशन सप्ताह का समापन आठ सितंबर को होगा। इसका उद्देश्य उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाना है। साथ ही सप्ताह भर इस अभियान में देश के हर नागरिक में उसके कर्तव्य व भागीदारी की भावना पैदा करना है। यह विजन इस योजना को लोकप्रिय बना रहा है और हमें भारत को पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। साक्षरता सप्ताह में गतिविधियों का एक परिदृश्य शामिल होगा। 8 सितंबर, 2023 को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाएगा। दूसरा मुख्य उद्देश्य ह्यउल्लासह्न मोबाइल ऐप पर शिक्षार्थियों और स्वयंसेवकों के लिए पंजीकरण की संख्या में वृद्धि करना है। दरअसल इस तरह के मिशन या आयोजन लोगों को शिक्षा के प्रति गंभीर करते हैं। शिक्षा को मात्र स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई से नहीं आंका जा सकता। अच्छी नौकरी व बेहतर जीवन के लिए अतिरिक्त कोर्स करने पड़ते हैं जिसके लिए आम व मध्यम परिवार का बच्चा जागरूक व सक्षम नहीं होता।

इस विषय में मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में यह बताया गया है कि इस अभियान में सरकारी,

### शिक्षा

प्राइवेट स्कूल, सीबीएसई से संबंधित स्कूल, नवोदय विद्यालय समिति, केंद्रीय विद्यालय समिति, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षण परिषद के तहत शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय या एआईसीटीई के तहत एचईआई डिग्री कॉलेज व तकनीकी संस्थान के छात्र, स्काउट्स एंड गाइड्स, एनसीसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायतें आदि भी भाग ले रहे हैं। इस अभियान में उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा बैठकें आयोजित की जा रही हैं जिससे इसमें आर्कषण बना हुआ है। वहीं पंचायत राज संस्थानों को शामिल करते हुए ग्राम पंचायतों में बैठकें तथा साक्षरता कार्यक्रम के बारे में बैनर और तख्तियों के साथ छात्रों और शिक्षकों द्वारा रैलियां, साइकिल रैलियां, प्रभात फेरियां, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जा रहा है। इन सब चीजों से स्पष्ट हो जाता है कि शिक्षा को हर स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है।

आज से लगभग दो दशक पहले आर्थिक चुनौतियां ज्यादा घेरती थीं जिसका परिणाम यह होता था कि लोग इस क्षेत्र से मन चुराते थे लेकिन समय के चलते लोगों को यह समझ आया कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा हथियार व रास्ता है जिससे किसी भी जंग को जीता जा सकता है। सरकार का इस क्षेत्र में काम करने का उद्देश्य है कि पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा युवा भारत देश में हैं जिनको तैयार केवल शिक्षा के बल पर ही किया जा सकता है। बीते दिनों हम चीन को पछाड़ जनसंख्या के आधार पर नंबर एक पर आ चुके हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि कंपीटिशन के इस दौर में हर क्षेत्र में चुनौती बहुत अधिक बढ़ चुकी है। सरकारी हो या प्राइवेट, मात्र एक पद के लिए लाखों आवेदन आ जाते हैं लेकिन मात्र इस बात से निराश होकर हम होकर हम शिक्षा की ओर न बढ़े तो यह पूर्ण रूप से अपने ही नहीं अपनी आने वाली कई पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ी बेईमानी होगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अंसारी संघ के अध्यक्ष बने अल्ताफ

**केतार।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के आह्वान पर गुरुवार को प्रखंड कमेटी गठन करने के लिए बेलाबार मदरसा के समीप बैठक की गई। बैठक में प्रखंड के बेलाबार, नवाडीह, केतार, पचाडुमर के अंसारी परिवार के लोगों उपस्थित थे। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने, समाज से बाल विवाह रोकने, दहेज प्रथा को रोकने, अपने बिरादरी के लास्ट पायदान पर जिंदगी बसर करने वाले लोगों को मदद करने का है। इस दौरान सर्वसम्मति से अल्ताफ अंसारी को अंसारी संघ का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। जबकि शाहिद हुसैन को उपाध्यक्ष, मुजाहिदीन अंसारी को महासचिव, तजामुल अंसारी को सहसचिव, इम्तेयाज आलम को मीडिया प्रभारी, शाकिर अली अंसारी को प्रवक्ता, डॉ हकीमुद्दीन अंसारी को कार्यकारी अध्यक्ष, अली हुसैन अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, मौलाना नसीम अहमद, मौलाना मुजफ्फर हुसैन, सुल्तान अंसारी, जसमुदिन अंसारी, असीम अंसारी को सलाहकार बनाया गया।

### मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चालीसवां जुलूस निकालकर मनाया पहलाम

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत बेलावार, नावाडीह गांव में निवास करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़े ही सादगी और अकीदत के साथ चालीसवां जुलूस निकालकर पहलाम मनाया। इस अवसर पर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैह वसल्लम के नवासे इमामे हसन व इमामें हुसैन की शहादत के 40 दिन बाद चहलूम मनाया गया। आज पूरे दिन गांव के विभिन्न मुहल्ले में मातम, मसीहा गाजे-बाजे के साथ गूंजता रहा। जुलूस कुशवा टोला, बरवाही टोला, पूरबारा टोला से उठकर मस्जिद के रास्ते होते हुए पंडा नदी के किनारे पहुंचा। जहा लोगों ने बेलावार, नावाडीह के ताजिया, शिपड, दुलदुल, इस्लामिया झंडा को आपस मे मिलान कर अपने घर को लौट गए। पुनः दोपहर बाद पुरबार टोला से जुलूस उठकर शाम पांच बजे कर्बला मैदान तक पहुंचा। जहां गांव के ही कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लाठी डंडे का खेल दिखाकर प्रदर्शन किया। साथ ही कई लोगों ने गढ़ासा, तलवार, भाला का भी खेल दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि सह पत्रकार इम्तेयाज आलम, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, अंजुमन सदर शमीम अंसारी, हकीमुदिन अंसारी, डॉ तौफीक अंसारी, अल्ताफ अंसारी, जसमुदीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कुमार सौरभ ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्‍घाटन

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड के तुलबुल पंचायत के अंतर्गत केंदुआ गांव नीलांबर पीतांबर मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन कुमार सौरभ ने फीता काटकर व बॉल में किक मारकर किया। आगे कहा कि सौरभ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शरारिक एवं मानसिक वृद्धि होती है । खेल से भी अपना कैरियर बढ़ा सकता है ।आप सबों को हमसे जहां तक सहयोग चाहिए हम तैयार हैं । खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करना चाहिए ।शुभारंभ के अवसर पर बेंगोकला उपमुखिया चंद्रदेव शर्मा, तुलबुल पंचायत समिति राजेंद्र कुमार यादव,अरुण यादव, संतोष वर्मा, नरेश खरवार, राहुल सिंह, आदि मौजूद रहें।

### प्रतापपुर के पांती नदी पर बनने वाले पुल का शिलान्यास

चतरा। मंत्री सत्यानन्द भोगता गुरुवार को चार दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत चतरा विधानसभा के प्रतापपुर प्रखंड के गजवा पंचायत में पाती नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत पुल निर्माण का नारियल तोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। इस शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री भोगता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। जिले में हरेक क्षेत्र में बेहतर कार्य जारी है।

### पैक्स अध्यक्ष संघ की बैठक संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा पैक्स अध्यक्ष संघ की बैठक व्यापार मंडल कार्यालय परिसर में हुई ।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुबेश राम व संचालन मुकेश कुशवाहा ने किया ।इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना क्षतिपूर्ति भुगतान राशि में विसंगति पर चर्चा किया गया। पैक्स अध्यक्षों ने विभाग द्वारा सूची में भारी गड़बड़ी होने पर विभाग के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया ।बताया गया की जिला सकारिता पदाधिकारी कार्यालय चतरा के पत्रांक संख्या 502 दिनांक 7 अगस्त 2023के माध्यम से वर्ष 2018 एवं 2019 में लंबित क्षतिपूर्ति राशि भुगतान को लेकर पत्र जारी किया गया।

### सरमाटांड़ रेलवे स्टेशन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 20 को

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सतडीहा पंचायत के सरमाटांड़ में जेएमएम जिला अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव के नेतृत्व में झामुमो की सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें भारी संख्या में महिला व पुरुष झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया, साथ ही साथ सरमाटांड़ रेलवे स्टेशन पर वर्षो से जनता की मुख्य मांग कोलकाता जम्मूतवी एक्सप्रेस, रांची हटिया पटना एक्सप्रेस का ठहराव एवं रेल प्रशासन के द्वारा बेतहाशा और तुगलकी फरमान के तहत लोकल पैसेंजर को एक्सप्रेस का दर्जा देकर यात्री से किराया में बढ़ोतरी के खिलाफ जनता को गोलबंद किया गया। वहीं निर्णय लिया गया कि आने वाले 20 सितंबर को सरमाटांड रेलवे स्टेशन परिसर में महागठबंधन के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### बैंक से 49 हजार रूपये निकाल कर घर जा रहे वृद्ध से तीन चोर ले उड़े रूपये

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य द्वार से महज सौ मीटर आगे मरकच्चो बरियाडीह मुख्य मार्ग में डेढ़ लाख का झांसा देकर तीन चोरों ने 49 हजार रुपए की ठगी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार 6 सितंबर को 60 वर्षीय मथुरा साव पिता भोला साव ग्राम गगरेसिंघा मरकच्चो निवासी अपने घर से पैदल चल कर दरदाही पहुंचे और दरदाही से टेंपो पकड़कर बैंक आफ इंडिया मरकचो पहुंच कर 49 हजार रुपये की निकासी की। रुपये लेकर बैंक से बाहर रोड पर आए और टेंपो का इंतजार करने लगे। टेंपो नहीं मिलने की वजह से बैंक से लगभग 300 मीटर आगे बढ़कर पीछे मुड़कर देखें और टेम्पु का इंतजार करने लगे। इसी बीच तीन लोग आए और उन्हें डेढ़ लाख की गड्डी देकर उनके द्वारा बैंक से निकाले 50 हजार रुपये मांग कर बैंक में जमा कर लौटेने की बात कह कर ले लिए तथा एक युवक पैसा जमा करने गया एवं देर होने पर दूसरा तीसरा उसे देखने कह कर तीनों लोग झांसा देकर भाग गये।

# उपायुक्त ने कई सहायकों का किया स्थानांतरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने एक निर्देश जारी कर विभिन्न विभागों में पदस्थापित, प्रतिनियुक्त लिपिकों और अनुसेवकों का स्थानांतरण करते हुए दूसरे विभागों, प्रखण्डों में पदस्थापित किया है। स्थानांतरित कर्मियों में अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित और जिला भू-अर्जन कार्यालय में प्रतिनियुक उच्च वर्गीय लिपिक उदय शंकर बक्शी को जिला भू-अर्जन कार्यालय से प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित किया है।

वहीं अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित और कोषागार में प्रतिनियुक्त अनिता देवी को जिला उपभोक्ता फोरम में पदस्थापित करते हुए जिला योजना शाखा में प्रतिनियुक्त किया गया, निर्वाचन शाखा में पदस्थापित और डीटीओ कार्यालय में प्रतिनियुक्त गिरधारी प्रसाद की प्रतिनियुक्त रद्द करते हुए अंचल कार्यालय जयनगर में प्रतिनियुक्त किया गया, मरकच्चो अंचल में पदस्थापित और जिला परिषद एवं एनआरआईपी में प्रतिनियुक्त राकेश रौशन को विकास शाखा में भी प्रतिनियुक्त किया गया है, जबकि कोडरमा अंचल में पदस्थापित और नजारत शाखा में प्रतिनियुक्त किसलय कुमार को चंदवारा अंचल कार्यालय में स्थानांतरित किया गया।

वहीं चंदवारा अंचल में पदस्थापित और नजारत शाखा में प्रतिनियुक्त राजेन्द्र राय को कोडरमा अंचल कार्यालय में स्थानांतरित करते हुए डोमचांच प्रखण्ड कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया, जिला आपूर्ति शाखा में पदस्थापित और विधि शाखा में अतिरिक्त प्रतिनियुक्त दिलीप कुमार को विधि शाखा में प्रतिनियुक्त किया गया, अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित सन्तोष कुमार को नजारत शाखा में प्रतिनियुक्त किया गया, प्रखण्ड कार्यालय सतगावां में पदस्थापित निम्न वर्गीय लिपिक उमाशंकर प्रसाद को सामाजिक सुरक्षा में प्रतिनियुक्त किया गया, प्रखण्ड कार्यालय जयनगर में पदस्थापित और कल्याण शाखा व सामाजिक सुरक्षा में प्रतिनियुक्त इंतेखाब आलम की सामाजिक सुरक्षा से प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए कल्याण शाखा में प्रतिनियुक्ति बरकरार रखा गया है, जिला उपभोक्ता फोरम में पदस्थापित और जिला योजना शाखा में प्रतिनियुक्त मौलीश्री प्रिया को अनुमंडल कार्यालय में स्थानांतरित किया गया। वहीं सतगावां अंचल में पदस्थापित रामाशीष यादव को सामान्य शाखा में तथा सतगावां अंचल में पदस्थापित विवेक कुमार को विधि शाखा में प्रतिनियुक्त किया गया, जबकि अंचल कार्यालय मरकच्चो में पदस्थापित अनुसेवक प्रेमकांत गुप्ता को डोमचांच प्रखण्ड कार्यालय में स्थानांतरित करते हुए डीटीओ कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है, इसके अलावे अनुसेवक राजेश कुमार राम को प्रखण्ड कार्यालय कोडरमा से स्थानांतरित करते हुए चंदवारा अंचल में पदस्थापित किया गया, जबकि उपभोक्ता फोरम में पदस्थापित और चंदवारा अंचल में प्रतिनियुक्त मोहन कुमार को चंदवारा से प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए जिला परिषद में प्रतिनियुक्त किया गया, मरकच्चो प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित और जनशिकायत कोषांग में प्रतिनियुक्त कृष्ण मोहन पांडेय की प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए मरकच्चो अंचल में स्थानांतरित किया गया है, सतगावां प्रखण्ड में पदस्थापित और जन शिकायत कोषांग में प्रतिनियुक्त प्रयाग दास की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए गोपनीय शाखा में प्रतिनियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने सभी स्थानांतरित कर्मियों को 15 दिनों के अंदर नवपदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

### पूरा अभ्रकांचल जय कन्हैया लाल के जयकारों से गूंज उठा

# धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कृष्ण जन्माष्टमी पर बुधवार को पूरे अभ्रकांचल क्षेत्र में जय कन्हैया लाल की. के जयकारों से गूंज उठा। मंदिरों में देर रात तक कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कृष्ण भक्तों ने उपवास रखकर श्रद्धा भक्ति के साथ मध्य रात्रि तक पूजा-अर्चना की। जैसे ही रात्रि 11 बजकर 59 मिनट पर घंटियां बजनी शुरू हुई, वैसे ही झुमरीतिलैया में बरसात भी शुरू हुई। लगभग 15 मिनट तक बरसात होती रही और तेज हवा के वजह से 12 बजकर 01 मिनट से विद्युत आपूर्ति शहर में बंद रही। पर्व को लेकर मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिरों में शाम से ही देर रात्रि तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। कान्हा के जन्म के बाद लोगों के बीच प्रसाद, मिठाई व टॉफी बांटी गई। इस शुभ घड़ी भगवान कृष्ण की झांकियां भी दिखाई गई। जन्मोत्सव पर श्रद्धालु भक्तों ने कान्हा को झूला झुलाया एवं दही व माखन का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मंदिरों में कई बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में पहुंचे जिन्हें देखने के लिए लोगों में उत्सुकता थी। शहर के खुदरापट्टी स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में श्रीराम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में संगीतमय भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में राखी भदानी मनीष कपसिमें उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

खबर मन्त्र संवाददाता

### राधा कृष्ण के भजनों पर झूमे भक्त



**इटखोरी।** प्रखंड में कृष्ण जन्मोत्सव बीती बुधवार रात को धूमधाम से मनाया गया। वहीं संकटमोचन सेवा समिति द्वारा कृषि फार्म स्थित बजरंग बली मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी मुख्य, पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, बीडीओ इटखोरी, पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, सतीश सिंह, सीताराम दांगी, कान्हाचट्टी मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, शंकर सिंह, देवकुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। संकटमोचन सेवा समिति के द्वारा अतिथियों को चुनरी ओढ़ाकर कर स्वागत किया गया। जिप उपाध्यक्ष ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करते हुए समस्त क्षेत्र की जनता को आनंदमय रखने की प्रार्थना की। इस दौरान सांस्कृतिक भजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कृष्ण भक्तों ने भजन का जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रंग बिरंगे विद्युत सज्जा से सजाया गया।

### फैन्सी परिधान प्रतियोगिता आयोजित

**चतरा।** डी ए वी विद्यालय के तत्त्वाधान में 'श्री कृष्ण जन्माष्टमी' के उपलक्ष्य पर बाल वर्गों के लिए फैन्सी परिधान प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय 'भगवान श्री कृष्ण का बाल स्वरूप' था। इस अवसर पर बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। डी ए वी विद्यालय,चतरा के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगताएँ बच्चों में स्वस्थ प्रतियोगिता का विकास करेंगी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षिका सुचिता गोस्वामी, रजत रश्मि, अमृता कुमारी, संजू कुमारी, कोमल कुमारी, ममता राय सहित विद्यालय के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा।

### एडुमेटा आई स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल प्रांगण में गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की वेशभूषा व बाल लीलाओं से जुड़ी अपने नटखट प्रदर्शन से सबों का मन मोहा। इस दौरान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़कर बच्चों ने अलग अलग झांकियां भी प्रस्तुत की। प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल सभी गोविंदाओं की भूमिका आकर्षक का केंद्र रहा। वहीं स्कूल की निदेशक मधु कुमारी ने बताया कि जन्माष्टमी का त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

# अहंकार विनाश का कारण बनता है : विकास

### श्री राम मंडली ने किया भव्य श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन



मटका फोड़ते युवक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** श्री राम मंडली अखाड़ा के तत्वाधान में शहर के मेन रोड स्थित बीपी प्लाजा के समीप बहुत ही भव्य एवं आकर्षक श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां काफी आकर्षक सजावट के साथ मटका फोड़ प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वैदिक जायसवाल ने दहीहांडी फोड़ा। बाहर से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस दौरान कलाकारों ने राधा-कृष्ण की नृत्य झांकी, वाल्मीकि झांकी, शिव नृत्य, शिव तांडव एवं कई अन्य भक्ति नृत्य व झांकी प्रस्तुत किया।

#### भए प्रगट कृपाला से गूंजा गढ़वा

भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार जिले भर में काफी धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित जिले भर के विभिन्न गांवों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। रात्रि 12 बजते ही भए प्रगट कृपाला.. से पूरा गढ़वा गूंज उठा। जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर, श्री बिहारी मंदिर, जोड़ा मंदिर, संघत मोहल्ला शिव मंदिर, रांकी मोहल्ला शीतला माता मंदिर, टंडवा स्थित दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों एवं अन्य स्थानों पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया।

# विनीता देवी हत्याकांड का मास्टरमाइंड मुंबई से गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** थाना कांड संख्या 58/2023 में धारा 302,201,34 भादवि के तहत दर्ज मामला में फरार अभियुक्त उपेंद्र यादव पिता कुंजील यादव ग्राम मसूरिया थाना गिद्धौर जिला चतरा को गिद्धौर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को चतरा जेल भेज दिया है। बताते चलें कि पिछले 9 अगस्त को विनीता देवी पति स्वर्गीय रोहन भैया ग्राम मसूरिया थाना गिद्धौर को साजिश के तहत मर्डर कर सबको मिट्टी में दफना दिया था जिसकी सूचना गिद्धौर थाना को ग्रामीणों के द्वारा 15 अगस्त को मिली जिसके तहत गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने दलबल के साथ गंगापुर स्थित बनखेता जंगल से अज्ञात शव के रूप में अपने कब्जे में लिया उपरांत 100 का सिनाख्त करवाया गया उसके बाद 100 की पहचान विनीता देवी के रूप में किया गया।

चतरा पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा त्वरित अनुसंधान एवं उद्वेदन के लिए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। सत्य पक्ष कांड के चतुर्थ अनुसंधान के आधार पर इस ब्लाइंड हत्याकांड का उद्वेदन करते हुए इस हत्याकांड को पारित करने वाले फरार अभियुक्त को मुंबई के अंबाला थाना से गिरफ्तार किया गया इस ब्लाइंड में सम्मिलिता को स्वीकार कर लिया है तथा कांड कार्य में करने में इस्तेमाल किया गया मोटरसाइकिल जप्त किया गया है इसके निशान डे पर सब को छिपाने में इस्तेमाल किया गया कुदाल एवं कुल्हाड़ी को भी बरामद किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताई की यह कारनामा प्लेन के साथ किया गया था एसडीपीओ ने बताया कि मृतक विनीता देवी का पुत्र सर्प दास के कारण मृत्यु हो गई थी जिसका बीमा का रुपया करीबन ?400000 मिला था और वह रुपैया अभियुक्त उपेंद्र यादव को मृतिका अभिनेता देवी ने दी थी इसी बात को लेकर 8 अगस्त को काफी देर तक कहा सुनी एवं बातचीत हुआ था मृतका ने वह रुपए वापस मांगी थी जिसे लेकर प्लेन के तहत मृत्यु का को जान से मार कर साक्ष्यप छिपाने हेतु सबको मिट्टी में ढक दिया और 9 अगस्त 14 अगस्त को गांव से मुंबई के लिए फरार हो गया था।

## एक नजर में

### युवक की हत्या कर डैम में फेंकने का आरोप, तीन हिरासत में



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र स्थित खांड़ी महरभूता के समीप जवाहर घाट तिलैया डैम में मछली मारने गए युवक की हत्या कर डैम में फेंकने का मामला सामने आया है। वहीं युवक की पहचान दिनेश यादव ग्राम जोगीडीह निवासी के रूप में की गई है। मृतक के शरीर में रस्सी बांधकर डैम में डालकर बोट से बांध दिया गया था। घटना को लेकर मृतक के दोस्त लालू शर्मा खाण्डी निवासी ने थाने में आवेदन देकर ताराटांड़ निवासी जिब्राइल अंसारी, इजराफुल अंसारी एवं बारिश मियां, परिसाज अंसारी एवं अन्य पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। वहीं आवेदन में उन्होंने कहा है कि बीते रात वह अपने दोस्तों के साथ मछली पकड़ने गया था। जहां उसके दोस्त दिनेश यादव जौगीडीह निवासी को उपरोक्तलोगों ने मारपीट करते हुए हत्या कर पानी में फेंक दिया। आवेदन में कहा है कि वह अपने साथी दिनेश यादव, रामदेव यादव, मलू यादव गुजरात में एक साथ पोकलेन चलाते थे। इसी दौरान हम सभी में दोस्ती हुआ। जुलाई महीना में सभी घर आए थे। सभी को पुनः 6 सितंबर को वापस गुजरात जाना था। इसी दौरान हम सभी दोस्त मछली खाने की योजना बनाई। रात में चारों दोस्त माहरभुता जवाहर डैम मछली पकड़ने वोट लेकर डैम गए। तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गया। हम लोग डैम में बने केज पर बारिश से बचने के लिए छिप गए। जहां ताराटांड़ निवासी जिब्राइल अंसारी, इजराफुल अंसारी, बारिश मियां, परिसाज अंसारी एवं अन्य लोग सभी मिलकर हम चारों के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमलोग वहां से बचकर भागने का प्रयास किया। तभी दिनेश यादव व मालू यादव को पकड़ लिए और मारपीट करने लगे। मौत होने के बाद दिनेश यादव को डैम में फेंक दिया जबकि मालू यादव को केज के रूम में बंद कर दिया। घटना स्थल को लेकर थाना प्रभारी नीतिश कुमार, एएसआई राजेंद्र राणा घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं केज रूम में बंद युवक को भी अपने साथ ले गए। घटना के संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया की तीनों लोगों को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही है।

### सदर अस्पताल में मना अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस

**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभागार में अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। तत्पश्चात सदर अस्पताल परिसर में सभी अस्पताल कर्मी, सहिया, मरीज के परिजनों के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए उन्हें प्रेरित किया। वहीं जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ.विकास चौधरी ने बताया की जागरूकता बढ़ाने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस मनाया जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि पृथ्वी को हरा-भरा रखने के लिए पौधरोपण करना आवश्यक है एवं पौधों के पेड़ बनने तक उनका पोषण करना चाहिए। सभी लोग एक समान हवा में सांस लेते हैं और एक वातावरण सभी की रक्षा और पोषण करता है इसलिए पर्यावरण का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। इसलिए हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए मजबूत निर्णय लेना चाहिए। मौके पर एसटीटी नीजर कुमार आदि मौजूद थे।

### हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस का गढ़वा स्टेशन पर ठहराव शुरू




हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सात सितंबर की रात्रि 1:44 बजे हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 के गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि उक्त ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग गढ़वा की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। उन्होंने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अपनी एवं पलामू संसदीय क्षेत्र के तमाम जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। मौके पर भाजपा नेता विभाकर नारायण पाण्डेय, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मुरली श्याम सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, सांसद प्रतिनिधि चंद्रमणि पाठक, रुपू महतो, धनबाद मंडल के रेलवे पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थी।

### अकीदत के साथ मना चेहल्लुम, शान के साथ निकला जुलूस



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** मातम का त्योहार चेहल्लुम प्रखंड में अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जुलूस निकाला गया और हजरत इमाम हुसैन के शान में नारे बुलंद किए गए। चेहल्लुम पर कर्बला मैदान में मेले का भी आयोजन किया गया जहां युवाओं ने अस्त्र-शस्त्र परिचालन का शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष राज्यसभा सांसद धीरज साहू मुख्य अतिथि के तौर पर चेहल्लुम मेले में शामिल हुए। उन्होंने मेले में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कमेटी के आयोजन का अवलोकन किया और युवाओं के करतब को सराहा।

# स्पीड न्यूज

## चंदवा में धूमधाम से मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**चंदवा।** चंदवा शहर समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार श्रद्धा पूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ मनाया गया। चंदवा स्थित शिव मंदिर बुध बाजार, श्री श्री 108 गुलयची बाबा मंदिर अलौदिया, ठाकुरबारी हरैया, श्री राम दरबार मंदिर समेत कई मंदिरों में इस मौके पर विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया। मध्य रात्रि में धूमधाम के साथ भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया व सोहर गाते हुए भगवान कृष्ण की प्रतिमा को झूला भी झूलाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में तीखुर का हलवा का वितरण भी किया। जन्माष्टमी का मौके पर बुधवार के संध्या बेला में बुध बाजार शिव मंदिर प्रांगण में भव्य डांडिया नाइट कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। हल्की बारिश के बीच लोगों ने जमकर डांडिया नाइट्स कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। **देवी मंडप में भंडारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन :** इधर जन्माष्टमी के उपलक्ष पर गुरुवार की दोपहर देवी मंडप प्रांगण में भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें शहर समेत आसपास के सैकड़ो लोग शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में देवी मंडप पूजा समिति के सत्येंद्र प्रसाद यादव, राम प्रवेश यादव, सूरज यादव, सीकेश्वर यादव, रूपेश ठाकुर, स्वर्णजीत कुमार विक्कू, विनय कुमार, योगेश उपाध्याय समेत दर्जनों धर्मप्रेमियों ने योगदान दिया।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी

**लातेहार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लातेहार बाईपास रोड बीएसएनएल टॉवर के नजदीक सेवा केंद्र के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस कार्यक्रम में बहुत सारे बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप धारण कर उनकी लीला को दर्शार्या। बीके नवीन कुमार गुप्ता ने श्री कृष्ण के जन्म से जुड़ी आध्यात्मिक रहस्य को बताया। मौके पर बीके आशा, बीके गंगोत्री, सुनीता गुप्ता, पूनम देवी, सविता गुप्ता, नीलम, गायत्री देवी, बीके आशीष, बिनोद, अजय ने आरती कर प्रसाद वितरण किया।

## सीआरपीएफ कैम्प मारोमार में श्री राधे कृष्ण की प्रतिमा स्थापित

**गारू।** गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत, मारोमार स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन कैम्प में बुधवार को 214 बटालियन के कमांडेन्ट केडी जोशी के कर कमलों द्वारा नवनिर्मित राधे कृष्णा जी का प्रतिमा का स्थापना किया गया। साथ ही पूजा पाठ कर भंडारण का आयोजन किया गया। इस पावन मौके पर मारोमार, सुरकूमी समेत अन्य गांव के श्रद्धालुओं ने राधे कृष्णा जी का मूर्ति का दर्शन कर पूजा अर्चना किया। इस मौके पर सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, रणधीर कुमार झा, उप कमांडेंट संदीप शर्मा, मो. शाहिद मासूम, सहायक कमांडेंट मंगला सिंह, दीपक कु. सिंह, समेत कैम्प के जवान एवं स्थानीय ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## फरार टीएसपीसी उग्रवादी के घर चिपकाया गया इस्तेहार

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस के सहयोग से दोकनाही में गुरुवार को वर्षों से फरार चल रहे टीएसपीसी उग्रवादी के घर इस्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुये एसआई कुंदन कुमार ने बताया कि चंदवा थाना कांड संख्या 174/20 के मामले में पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहे टीपीसी के उग्रवादी के एरिया कमांडर अजित जी उर्फ बालेन्द्र गंझू पिता स्व दरसु गंझू ग्राम दोकनाही, थाना बालूमाथ के घर इस्तेहार चिपकाया है और न्यायलय के सामने आत्म समर्पण होने को कहा है। अगर उग्रवादी द्वारा सरेंडर नहीं किया जाता है तो न्यायलय के आदेश पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## हर्षोल्लास के साथ बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों मे हर्षोल्लास के कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में पंडित जनार्दन पांडेय व मंदिर के पूजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने वैदिक मंत्रोंचार के साथ पूजा अर्चना करवाया साथ ही समिति कि ओर से मटका फोड़ कार्यक्रम भी किया गया। मटका सिद्धार्थ राज ने भगवान कृष्ण का बाल रूप धारण कर फोड़ा। साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन में नन्द घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल कि, जन्म लियो कृष्ण कन्हैया घर घर बाजे बधाईयां के धुन में श्रद्धालु खूब झूमें।

---

नगर उंटारी जाने के क्रम में चंदवा के कार्यकर्ताओं से मिले पूर्व मंत्री सरयू राय

# वर्तमान राज्य सरकार के साथ रघुवर दास की कार्यशैली पर उठाया सवाल

**कहा कोविड काल में स्वास्थ्य विभाग में हुआ है बड़ा घोटाला, इसकी होनी चाहिए जांच**

**2020 के बजाये 2015 से खनन घोटाले की जांच करें ईडी**



कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते सरयू राय

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सूबे के पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री सह जमशेदपुर से वर्तमान विधायक सरयू राय गुरुवार को रांची से नगर उटारी जाने के क्रम में चंदवा स्थिति प्रभाकर मिश्रा के आवास में रुककर उनसे मुलाकात किये व उनसे उनकी तबियत की जानकारी ली। मुलाकात के उपरांत पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए सरयू राय ने वर्तमान राज्य सरकारी व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार 1932 के खतियान के नाम पर राज्य की जनता को भ्रम में डालने का काम किया है। सशक्त नियोजन नीति नही बन पाने के कारण राज्य के युवाओं को नौकरी का अवसर नही मिल पा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री जानते हैं कि संवैधानिक रूप से 1932 लागू करना सम्भव ही नही हैं। क्योंकि पूर्व में ही 1932 के खतियान आधरित स्थानीय नीति खारिज हो चुकी है, ऐसे में हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा विधेयक लाना सिर्फ राजनीति है।

**2020 के बजाए 2015 से खनन घोटाले की जांच करें ईडी :** ईडी के द्वारा किये जा रहे खनन घोटाले की जांच पर उन्होंने कहा कि झारखंड में व्यापक पैमाने पर खनन घोटाला हुआ है। इस बात को मुख्यमंत्री भी जान रहे है, इस कारण ईडी का सामना करने से डर रहे हैं व न्यायालय का सहारा लेने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे मामलो कि जांच में न्यायालय हस्तक्षेप नही करती है। इन्होंने जोर देते हुए कहा कि ईडी को 2020 के बजाय 2015 से खनन घोटाले की जांच करनी चाहिए। क्योंकि 2015 से 2020 के बीच वर्तमान से चार गुना अवैध खनन हुआ है।

**कोविड काल मे स्वास्थ्य विभाग में हुआ है बड़ा घोटाला, इसकी होनी चाहिए जांच :** सरयू राय ने आगे कहा कि कोविड आपदा के दौरान स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। मंत्री व अधिकारियों ने आपदा राहत राशि की बंदरबांट की है। घोटाले से संबंधित दस्तावेज जब मेरे हाथ लगे तो मेरे ऊपर कई मुकदमे किये गए हैं। जिसका मैं आज भी लड़ाई लग रहा हूँ। इन्होंने ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से भी कई मामले चल रहे हैं। उन्हीं में से एक मामले में वकील विनोद कुमार साहू के माध्यम से मेरे ऊपर कोर्ट का आदेश को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत कर मीडिया के सामने पेश किया गया है। इसके खिलाफ मैंने बार काउंसिल में शिकायत भी की है।

वहीं आगामी लोक सभा व विधान सभा चुनाव पर उनका क्या रुख होगा, क्या वे भाजपा में जाएंगे? इसके जवाब में उन्होंने ने उन्होंने राजनीति की शुरूआत भाजपा व संघ से की है। विद्यार्थी परिषद व संघ से शुरूआत करने के बाद भाजपा के ही टिकट पर वे चुनाव जीते थे। इसी लिए उनका लगाव पार्टी के नीति व सिद्धांत से है। मौके पर राजेन्द्र यादव, मंटू केसरी, राज सिंह, मनीष कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## महुआडांड़ थाना के समीप चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**महुआडांड़।** आये दिन बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी रतन टुडू के नेतृत्व में शास्त्री चौक के समीप पु०अनी मो. कमर आलम के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों का वाहन नम्बर मोबाइल नंबर दर्ज किया गया। चेकिंग के दौरान अधिकतर वाहन चालकों के पास ड्राइवरी लाइसेंस नहीं था साथ ही उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगाया था। जांच के दौरान पु.अ.नि मो. कमर आलम ने बताया कि वाहन चेकिंग जैसे ही कम होता है चालक लापरवाही बरतना शुरू कर देते हैं, जुमार्ना से हो सकता है कुछ सुधार हो इसलिए यह कदम उठाना जरूरी था। इस अभियान में पु.अ.नि मो. कमर आलम जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

---

# बरवाडीह में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी



जन्माष्टमी कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम और उत्साह के साथ भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव का पर्व जन्माष्टमी मनाया गया। वही जन्माष्टमी को लेकर राधा रमन भगवत प्रचार मंडली के द्वारा प्रखंड के प्राचीन पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित किए जा रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री के द्वारा भागवत कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण के कारागृह में जन्म की पूरी कहानी को वर्णन करने का काम किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कथावाचक पंडित श्री शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान कृष्ण सभी सनातनियों के लिए सबसे ईस्ट और प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं। भगवान कृष्ण ने समाज में बढ़ते अत्याचार अभिशाप खत्म करने की प्रेरणा दी। भागवत कथा के दौरान रात्रि 12:00 बजे जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म का समय आया वैसे ही पूरा कार्यक्रम स्थल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जय घोष से गूंज उठा। जहां आयोजन समिति और मंडली के द्वारा झांकी के माध्यम से भगवान कृष्ण के जन्म और उसके उत्सव को दिखाने का काम भी किया गया। इस दौरान भागवत मंडली के संस्कृत मंडली के द्वारा कथावाचक और अन्य लोगों के भक्ति गीतों में मौजूद महिला पुरुष सभी मंत्र मुग्ध होकर घंटो झूमते नजर आए। वही भागवत कथा के आयोजन के दौरान आज झांकी के माध्यम से सनातन धर्म की कला संस्कृति संस्कार और सद्भावना को दिखाने का काम किया जाएगा। उधर रेलवे कॉलोनी के सुभाष चौक के पास हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया।

# सीसीएल सीएमडी ने किया तेतरियाखांड़ कोलियरी का निरीक्षण

**सीसीएल सीएमडी ने खनन स्थल का मुआयना कर कोयला उत्पादन के लक्ष्य को बढ़ाने का परियोजना पदाधिकारी को दिया निर्देश**



निरीक्षण करते सीसीएल सीएमडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड़ कोलियरी का गुरुवार को सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी.वीरा रेड्डी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ राजहरा जीएम कमल मांझी, तेतरियाखांड़े परियोजना पदाधिकारी के एल यादव, खदान मैनेजर विनोद कुमार दीपक, डिस्पैच ऑफिसर अजीत बहेरा समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर सीसीएल सीएमडी ने खनन स्थल का मुआयना किया और कोयला उत्पादन के लक्ष्य को बढ़ाने का निर्देश परियोजना पदाधिकारी को दिया। मौके पर बोलते हुए सीसीएल सीएमडी ने कहा कि तेतरियाखांड़ कोल माइंस में 30 मीलियन कोयले का भंडार है। जो करीब 30 से 40 वर्षों तक चलेगा। अभी जितना प्रोडक्शन हो रहा है उसे और बढ़ाना है। अधिक प्रोडक्शन करने के लिये ग्रामीणों के साथ वार्ता कर एक नए रास्ते का निर्माण कराया जाएगा और फेस टू साइडिंग हाईवा का परिचालन शुरू कराया जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा। जिसपर पत्रकारों द्वारा सीएमडी डॉ०बी.वीरा रेड्डी को जानकारी दी गई की बालूमाथ, बसिया समेत आसपास के एक हजार से अधिक स्थानीय लोगों का रोजगार का एकमात्र साधन ट्रक है। इसलिए यहां ट्रक का ही परिचालन किया जाए जिसका जवाब देते हुए सीसीएल सीएमडी ने कहा प्रतिदिन पांच हजार टन कोयला डिस्पैच करना है लेकिन रोड सेल के माध्यम अभी मात्र दो हजार टन ही डिस्पैच हो रहा है। इसके अलावा हाइवा के रेट में ट्रक से ढुलाई सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा ग्रामीणों को आस्वस्थ करते हुए कहा कि हाईवा का परिचालन होने से कोई भी ट्रक प्रभावित नही होगा। वहीं पत्रकारों द्वारा दूसरा सवाल पूछा गया की सीसीएल द्वारा यहां के विस्थापितों को अभी तक पूरा मुआवजा नही दिया गया है। इसके अलावा स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी की सुविधा नहीं दी गयी है। जिस पर बोलते हुए सीसीएल सीएमडी ने कहा कि जल्द ही यह सारी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएगी। वहीं उनके द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक 76 लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। बाकी शेष बचे हुए लोगो को कागजी प्रक्रिया जारी है।

## उत्पादन में धीमी गति पर जताई चिंता

चंदवा। चंदवा के कंचन नगरी स्थित सीसीएल राजहारा एरिया जीएम कार्यालय का सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने सीसीएल अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि तेतरियाखाड़ कोलियरी सीसीएल का एक महत्वपूर्ण ओपन कास्ट कोलियरी है, जिसमें कोयले का रेजिंग कम गति से हो रही है। पूरे देश में कोयले का भारी डिमांड है जिसे पूरा करना है। जितने ज्यादा कोयले का उत्पादन होगा उतना ज्यादा ही विकास तेतरियाखाड़ कोलियरी के विस्थापितो व प्रभावित लोगों को होगा। क्षेत्र में रोजगार के नए-नए अवसर मिलेगा। वर्तमान में सीसीएल के तेतरियाखाड़ कोलियरी से प्रचुर मात्रा में कोयले का उत्पादन एवं परिवहन करना बड़ी समस्या है। कर्मियों को दिशा-निर्देश दिया गया है कि वे तेतरियाखाड़ कोलियरी के विस्थापित ग्रामीणों से बात कर उनकों विश्वाश में रख कर कोयले के उत्पादन में वृद्धि लाए। कोयले परिवहन के लिए जल्द ही कोलियरी से बालूमाथ रेल साइडिंग तक हाईवा को लाया जाएगा।

---

## डीपीएम मानस मंडल ने एक्सपोजर विजिट के लिए प्रमुख को किया हैदराबाद रवाना



रवाना होते प्रमुख

**लातेहार।** एक्सपोजर विजिट के लिए जिले के बरवाडीह प्रमुख सुशीला देवी एवं गारू प्रमुख सीता देवी हैदराबाद के लिए गुरुवार को समाहरणालय से रवाना हुए। डीपीएम मानस मंडल ने दोनों प्रमुखों को हैदराबाद के लिए रवाना किया। श्री मंडल ने बताया कि पंचायती राज झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव निदेर्शानुसार 10 सितंबर को नॉर्थ हैदराबाद में एक्स्पोजर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए लातेहार जिले के बरवाडीह प्रमुख सुशीला देवी एवं गारू के प्रमुख सीता देवी का नाम नामित किया गया था। जिसके तहत प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आज रवाना हुए।

# जन भावना फाउंडेशन के तत्वावधान में बैठक संपन्न, दी गई कई अहम जानकारियां

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते लोग

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोटी पंचायत भवन परिसर में जन भावना फाउंडेशन के तहत बैठक की गई। बैठक में जिला हेड शशिकांत तिवारी ने बताया कि जनभावना फाउंडेशन संस्था समाज के लिए जन जागरूकता का काम कर रही हैं। संस्था का उद्देश्य यह है कि हर हाथ रोजगार और हर घर शिक्षा देना। इसके लिए पंचायतवार काम किया जा रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण देने के बाद रोजगार से जोड़ा जायेगा। साथ ही हर पंचायत में दवा के लिए क्लीनिक खोला जाएगा। फाउंडेशन के तहत बालिका समृद्धि योजना के माध्यम से हर घर बालिकाओं को समृद्धि बनाने का भी कार्य किया जयेगा। जो 18 वर्ष होने के बाद उसे कंपनी की ओर से विवाह के समय उन्हें दहेजी सामान दिया जाएगा। जिससे विवाह करके ससुराल मे बेहतर जीवन व्यतीत सके। संस्थान द्वारा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर हर पंचायत में शिविर लगाकर इलाज किया जाएगा। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। संस्था के कार्डधारी लाभुकों को डॉक्टर द्वारा फिश नहीं लिया जायेगा।

दवाई खरीदने पर 30% की छूट भी दिया जाएगा। जन भावना फाउंडेशन के कार्यरत कर्मी बारियातू ब्लॉक सीनियर रोहन कुमार रवि, अमरवाडीह पंचायत में सुरेश यादव, शिबला पंचायत में राजेश यादव, बारियातू पंचायत में मनोज यादव, गोनिया पंचायत में राजू रंजन कुमार, फुलसू पंचायत में राजेश राम, साल्वे पंचायत में हीरालाल कुमार, टोंटी पंचायत में आकाश कुमार कार्यरत है। उक्त सभी पंचायत कर्मियों के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के लोगों को जनभावना फाउंडेशन संस्था का लाभ मिल सकेगा। मौके पर गोनिया पंचायत मुखिया रानो देवी, टोंटी मुखिया शांति देवी, मुकेश कुमार, कार्तिक कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य ने उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन



समस्या को दिखाते जिप सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी ने लातेहार उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। दिए गए आवेदन में कहा है कि बालूमाथ बसिया मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे बारिश का पानी के जलजमाव हो जाने से राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे संवेदक की लापरवाही के चलते पानी के निकासी के लिए नाली का निर्माण सही ढंग से नहीं किया गया है जिससे जल का जमाव हो जा रहा है जल जमाव होने से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। जिसका परिणाम यहाँ के ग्रामीण जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने लातेहार उपायुक्त से जल जमाव के समस्या से अवगत कराते हुए इस समस्या से निदान दिलाने की बात कही। वहीं लातेहार उपायुक्त ने आश्वासन देते हुवे कहा कि जल्द ही इस समस्या समाधान किया जाएगा। जिससे राहगीरों को आने जाने में सुविधा प्रदान होगी।

---

बरवाडीह में चालीसवां मुहर्रम पर निकाली गई ताजिया जुलूस, लोगों में देशप्रेम की भावना को किया जागृत

# मुहर्रम के जुलूस ने पूरे शहर को धर्म से ऊपर देश का दिया संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथि

**बरवाडीह।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में गुरुवार को चालीसवें मोहर्रम के अवसर पर बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में नवजवान कमेटी के द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया। इसके पूर्व बरवाडीह बाजार स्थित कार्यक्रम स्थल पर तकरीर और मर्सिया कलाम पेश करने के बाद हुसैनी लंगर का प्रोग्राम रखा गया था। जिसके उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, सरयू जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, जेएमएम वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी और व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज सहित अन्य लोगों का स्वागत कमेटी के द्वारा पगड़ीपोशी कर किया गया। कार्यक्रम में आए पलामू प्रमंडल के मशहूर मुमताज बैंड के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हुसैनी तथा देशभक्ति गीतों से अतिथियों और उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। एक नन्हे कलाकार मो.अफजल के द्वारा गाए गए ए मेरे वतन के लोगो और भारत का रहने वाला हूं भारत की बात सुनाता हूं, आदि गीतों ने लोगों में देश प्रेम की भावना को जागृत कर दिया। जहां बीडीओ राकेश सहाय ने नन्हें कलाकार को पगड़ी पोशी और नगद पुरुष्कार भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान अखाड़े में मुस्लिम भाइयों द्वारा कई करतब दिखाए गए। दोपहर बाद अकीदतमंदों द्वारा ताजिया को नारे तकबीर, अल्लाहो अकबर और या अली या हुसैन के नारो के साथ उठाए गए। इसके बाद मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टेंड और विवेकानंद चौक से वापस ताजिया चौक तक ले जाकर कयाम कराया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। जुलूस के दौरान मुस्लिम भाइयों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। मुहर्रम के जुलूस ने पूरे शहर को धर्म से ऊपर देश का संदेश दिया। कार्यक्रम में नवजवान कमेटी के सदर शाहिद हुसैन, नायफ सदर मोहसिन इकबाल, सेकेट्री मोहाफिज आलम, अमीर खान, रूमी खान, अशफाक अहमद, नजाम खान, पपन खान, रिजवान खान, असलम खान, फिरोज अहमद, फैयाज खान, सदाब, समीर, बंटी, मोंटी सिराज अहमद और तौकीर सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर में उपस्थित लोग

**लातेहार।** पंचायती राज विभाग के निदेर्शानुसार लातेहार के प्रखंड सह अंचल कार्यालय लातेहार के सभागार में नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रथम चरण में हेठपोचरा, परसही एवं सासंग पंचायात के वार्ड के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे कुल 44 वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान वार्ड सदस्यों को पंचायात के विकास मे भूमिका एवं उतरदायित्व, स्थाई समिति, कार्यकारिणी बैठक, ग्राम सभा इत्यादि ग्रुप पर विशेष रूप से चर्चा कर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव एवं पंचायत शाखा के डीपीएम मानस मंडल में शिरकत की एवं प्रशिक्षण ले रहे वार्ड सदस्यों को गांव के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यों में दक्षता लाती है आप सभी प्रशिक्षण में सीखी गई बातों का अपने कार्य क्षेत्र में उतरे एवं गांव के विकास में आम भूमिका निभाएं। प्रशिक्षण में डीपीएम मानस मंडल के द्वारा वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्य एवं वार्ड के विकास में उनकी भूमिका संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर विनीता कुमारी के द्वारा दिया गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक सुमन कुमारी, रिसोर्स पर्सन पवन, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तथा सभी वार्ड सदस्यों ने भाग लिया।

स्पीड न्यूज

## दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**गोड्डा।** ठाकुर गांगटी प्रखंड के बनियाडीह ग्राम में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोविंदा आला रे की गीतों गुंजायमान समा सुहावना था प्रतियोगी टीम अपने अपने साथियों के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे थे। आसपास के गांव से काफी संख्या में दर्शक इस प्रतोगिता को देखने पहुंचे थे।

## भक्तों ने भगवान की पूजा आराधना की

**गोड्डा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गोड्डा में भक्तों ने अपने इष्ट अराध्य देवता श्री कृष्ण की पूजा आराधना बड़े ही भक्ति भाव से पूजा आराधना की । रत्नेश्वर धाम शिव मंदिर में भी भक्तों की लंबी कतारें लगी रही और भारी भीड़ के बीच कुछ लोग सपत्नीक घर में भी कृष्ण भगवान की पूजा करने बैठे । गोड्डा के साथ ठाकुर गांगटी,पथरगामा ,ललमटिया, पोडैया हाट मेहरामा आदि जगहों से भी धूम धाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाए जाने की सुचना प्राप्त हुई है ।

## सीएम आज गुवा में शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

**चक्रधरपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला अन्तर्गत गुवा आएंगे। यहां गुवा गोलीकांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेंगे।। सीएम दोपहर एक बजे के करीब गुवा पहुंचेंगे। सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की है। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद गुवा फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास सह उद्घाटन एवं परिसपंत्ति वितरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान सरकार के घोषणा के मुताबिक मानकी-मुंडा के बीच बाइक वितरण की शुरूआत भी की जाएगी। सीएम के साथ मंत्री जोबा माझी, चंपई सोरेन, सांसद गीता कोड़ा, विधायक सुखराम उरांव, निरल पुरती, दीपक बिरूवा, सोनाराम सिंकु, दशरथ गागराई समेत सैकड़ों लोग श्रद्धांजलि देंने गुवा पहुंचेंगे। मालूम हो कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के दौरान 8 सितंबर 1980 को गुवा में बीएमपी जवानों के साथ झड़प में 11 आंदोलनकारी ग्रामीणों की मौत हो गई थी।

## ट्रैक्टर पलटकर गड्ढे में गिरी, तीन की मौत

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के बलमडीह गांव के पास गुरुवार को खाली ट्रैक्टर पलट कर गड्ढे में गिर जाने से उसपर सवार तीन मजदूर की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हाइड्रा की मदद से ट्रैक्टर को हटाया गया और नीचे दबे तीन मजदूरों के शव को बाहर निकाला जा सका। जानकारी के अनुसार मजदूर खुद गाड़ी चलाकर दिन में खाना खाने जामा थाना क्षेत्र के ही नयाडीह गांव जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गाड़ी पलट गयी। जिसके नीचे दब जाने से तीनों मजदूर की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक मजदूर की पहचान जामा थाना क्षेत्र के नयाडीह गांव के बिनोद बास्की, मैनेजर बास्की और मैनेजर का साला संजय सोरेन के रूप में हुई है। मृतक संजय सोरेन पालाजोरी थाना क्षेत्र के भुरकुंडी गांव का रहनेवाला बताया जाता है। तीनों मृतक मजदूरों की उम्र 20 वर्ष के आसपास बतायी जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर जरमुंडी थाना क्षेत्र के रायपार गांव के निवास यादव का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान ने बताया कि तीनों शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हाउस ले आया गया है। लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

# भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरे होने पर कांग्रेसियों ने निकाली यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भारत जोड़ो यात्रा आज के ही दिन राहुल गांधी ने 12 राज्यों में चलकर 4081 किलोमीटर की यात्रा तय कर इस देश के लोगों को प्यार का संदेश दिया था। इस देश में जो नफरत की राजनीति डरने और डरने की राजनीति चल रही थी उसी के कार्ड में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा आज के दिन शुरू किया था। दुमका जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन दुमका से कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी के इस अविस्मरणीय दिन की याद को ताजा करते हुए स्थानीय सिदो कानू चौक, विवेकानंद चौक होते हुए बाबू वीर कुंवर सिंह चौक तक पहुंचा और वहां एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी बृजेंद्र सिंह एवं दुमका जिला के प्रभारी रविंद्र प्रसाद सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए दुमका जिला प्रभारी रवींद्र वर्मा ने कहा की हमारा देश पिछले पिछले 9 वर्षों से भयंकर तबाही भयानक नफरत और डर के माहौल के बीच गुजर रहा था हम सलाम करते हैं राहुल गांधी के उसे जज्बे को जिन्होंने इस देश के एक कोने से दूसरे कोने तक कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4000 किलोमीटर पैदल चलने की और इस देश में मोहब्बत का पैगाम देने की सोच सोच रखी। श्री गांधी ने इस यात्रा के बीच कई प्रकार के लोगों से मुलाकात की कई प्रकार के लोग उससे मिले और जिनकी भी जो शिकायत थी उन्होंने राहुल गांधी के समक्ष रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता अवधेश प्रजापति सेवा दल उपाध्यक्ष अजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस की सचिव अरबी खातून, प्रदेश प्रतिनिधि प्रेम कुमार साह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रोमी इमाम, स्टीफन मरांडी, स्टीफन मरांडी, सरैयाहाट के मतीन अंसारी ने अपने अपने विचार को रखा और भारत जोड़ा यात्रा की सराहना की राहुल गांधी को साधु बाद दिया। जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने कहा की इतनी बड़ी यात्रा को इस देश में गांधी परिवार छोड़कर और दूसरा कोई सफल नहीं कर सकता है।



# गोविंदाओं ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी (गोड्डा) विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी सह कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को मध्य विद्यालय परिसर में दहीहंडी मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई है।गुरुवार की संध्या यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विधिवत ऊंचे जगह पर बांस बल्ले में दहीहंडी मटका को बांधा गया। परिसर का सजावट भी अच्छे ढंग से किया गया। उसके बाद कन्हैया टीमों को आमंत्रित किया गया। जिसमें गुरुवार को बनियाडीह के महाकाल नामक कन्हैया की टीम ने मटका फोड़ने संबंधी जोरदार प्रदर्शन शुरू किया।महाकाल टीम के परेशान होने के बाद पंजराडीह गांव के कन्हैया की टीम द्वारा भी बांस बल्ले पर चढ़कर मटका को फोड़ने का कई बार प्रयास किया गया लेकिन असफल रहा। दोनों टीमों द्वारा युवकों को ऊपर नीचे और चारों दिशा की ओर बदल बदल कर भी लगाया गया और काफी प्रयास किया गया।लेकिन गुरुवार को बनियाडीह के महाकाल कन्हैया की टीम और पंजराडीह गांव के कन्हैया की टीम दोनों में से कोई मटका नहीं फोड़ पाया।अब शुक्रवार को पुनः दही हंडी मटका फोड़ कार्यक्रम जारी रहेगा। अन्य गांवों और मोहल्ले के कन्हैया की टीम के नवयुवक भी भाग लेंगे भाजपा मंडल अध्यक्ष सह मुखिया पति गोपाल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी दहीहंडी फोड़ने वाले कन्हैया के टीमों सहित दहीहंडी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कन्हैया के टीमों के नवयुवकों को गणमान्यों ,शिक्षाविदों, बुजुर्गों,समाजसेवियों आदि द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा।

# ट्रिपल आइटी के छात्र ने बनाया लोकस और प्रगति सॉफ्टवेयर एप

खबर मन्त्र संवाददाता

**भागलपुर(हि.स.)।** ट्रिपल आईटी के छात्र के द्वारा बनाए गए लोकस सॉफ्टवेयर का विधिवत उद्घाटन गुरुवार को ट्रिपल आईटी के परिसर में किया गया। इस लोकस सॉफ्टवेयर का पूरा नाम लोकेशन वेस्ट ऑपरेशन एंड कोऑर्डिनेशन फॉर यूनिफाइड सिक्योरिटी रखा गया है।

इस सॉफ्टवेयर से शहर में कैमरे की मदद से मोबाइल लूट, चैन लूट, चोरी और डकैती के विशेष जगह को चिन्हित कर गश्ती बढ़ाई जा सकती है, ताकि अपराध पर लगाम लगाया जा सके। इसकी जानकारी आज सभी थानों के थानाध्यक्षों को भी दे दी गई है। शहर में इस सॉफ्टवेयर को सुचारू रूप से चलने के लिए 1750 कैमरे भी लगाए गए हैं। जल्द ही लोकस के बाद अब प्रगति सॉफ्टवेयर भी काम करना शुरू कर देगी। डेढ़ महीने पहले ट्रिपल आईटी एवं भागलपुर पुलिस के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ था। जिसमें अपराध नियंत्रण को लेकर उसके बारे में डाटा संग्रहित रखने के लिए ऐप को तैयार किया गया था। जिसमें लोकस और प्रगति सॉफ्टवेयर मुख्य रूप से शामिल है। भागलपुर ट्रिपल आईटी के छात्रों ने मोबाइल पर पुलिस ऐप बनाया है। इस ऐप के माध्यम से अपराध सहित आगजनी और सड़क दुर्घटनाओं की तत्काल जानकारी पुलिस को मिलेगी। समय और स्थान के बारे में भी पता चल जाएगा। सूचना देने वालों का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। इससे घटनाओं की समय पर जानकारी मिलेगी। शहर में लगे सीसी टीवी की मदद से बदमाशों की तत्काल पहचान भी हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित हैकथॉन प्रतियोगिता में छात्रों ने यह ऐप बनाया था। सुमित निकुंज सिद्धार्थ, अमित कामरूप और आशुतोष ने कड़ी मेहनत से यह ऐप खोज निकाला था। अब पुलिस इस ऐप को अपने तरीके से कार्य में लेगी। ऐप के उद्घाटन में ट्रिपल आईटी के निदेशक पीके जैन, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के अलावा सभी डीएसपी एवं पदाधिकारी मौजूद थे।


**पुलिस को अब मिलेगी ऑन स्पॉट जानकारी**



## झारखंड बांगाली समिति ने झामुमो केंद्रीय महासचिव को सौंपा मांग पत्र

**दुमका।** झारखंड बांगाली समिति के प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सह अध्यक्ष वार एसोसिएशन विजय कुमार सिंह से उनके आवास में भेंट कर समिति के जोनल सेमीनार में सर्वसम्मति से पारित बारह सुत्रीय मांग-पत्र समर्पित किया। समिति के संरक्षक तथा झारखंड माध्यमिक शिक्षक संगठन के राज्याध्यक्ष दिवाकर महतो ने मांगपत्र पर चर्चा करते हुए कहा की प्राथमिक विद्यालयों में बांगला भाषा के शिक्षक और पाठ्य-पुस्तकों की अनुपलब्धता के कारण उच्च विद्यालयों में बांगला मातृभाषा में पढ़नेवाले छात्र संख्या लागातार घट रहा है और इसी घंटे हुए छात्र संख्या को आधार मानकर उच्च विद्यालयों से, प्सल टू संकायों से बांगला शिक्षकों के पद या तो हटाया जा रहा है या स्वीकृत ही नहीं किया जा रहा है।

# सैनिक सम्मान के साथ एसएसबी जवान धर्मेंद्र की हुई अंत्येष्टि



**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** सैनिक सम्मान के साथ गुरूवार को एसएसबी जवान धर्मेन्द्र कुमार की अत्येष्टि की गयी। बीती रात अपराधियो ने जिले के बनकटवा प्रखण्ड क्षेत्र के बगहा गांव निवासी जगदीश प्रसाद कुशवाहा के 40 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र कुमार की हत्या गोली मार कर दी थी।जिनका पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव में हजारो शोकाकुल ग्रामीणो और सेना के जवानो ने सम्मानपूर्वक अत्येष्टि किया। बताते चले कि धर्मेन्द्र की बहाली 2003 में पंचायत शिक्षक के रूप में हुई थी।लेकिन देश सेवा के जज्बे के कारण उन्होने 2008 में एसएसबी ज्वाइन किया था,उनकी पहली पोस्टिंग सिलीगुड़ी में हुई थी,जिसके बाद उनकी पोस्टिंग बिहार में 18 वी बटालियन में हुई वे वर्त्तमान में मधुबनी के राजनगर में एसएसबी के हवलदार पद पर पदस्थापित थे। गत 30 अगस्त को अपनी मां के इलाज कराने को लेकर अवकाश लेकर गांव आये थे।बीते बुधवार की रात्रि को वे पटना से ईलाज करा कर ट्रेन से मोतिहारी पहुंचे और वहां से बाइक से अपने भाई और मां के साथ घर लौट रहे थे।इसी बीच चिरैया थाना क्षेत्र के नयका टोला के समीप चार की संख्या में अपराधियो ने पहले बाइक को रोका फिर चाभी निकाल कर रुपया की मांग करने लगे।जिसका विरोध करने पर अपराधियों ने उन्हे गोली मार दी। उनके बड़े भाई मनोज कुमार ने बताया कि हमलोगो ने कहा कि इलाज कराकर लौट रहे है,मेरे पास रुपया नही है तो वे लोग दो मोबाईल 1500 रुपया ले लिया और गोली मार दिया। मृतक के भाई ने पुलिस पर भी सनसनीखेज आरोप लगाते कहा कि गोली लगने के बाद उस रास्ते में पुलिस की दो गाड़ी गुजरी लेकिन आवाज देने के बाद भी पुलिस की गाड़ी नही रुकी और करीब आधे घंटे बाद एक और पुलिस की गाड़ी गुजरी जिसे रोका तो वह उन्हे मोतिहारी रहमानिया हॉस्पिटल लाया लेकिन इस बीच अत्यधिक खून बहने के कारण डॉक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। एसएसबी जवान के दो पुत्री निधि कुमारी उम्र 18 वर्ष,रेशु कुमारी उम्र 15 वर्ष और एक पुत्र ओम कुमार सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## चोरी गयी नकद राशि 70 हजार रुपये बगहा पुलिस ने किया बरामद



**पश्चिम चंपारण (हि.स.)।** बगहा पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव के निर्देश के आलोक में विभिन्न थानों के द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाई जा रही हैं। लगातार फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर उन्हे जेल भेजा रहा हैं। इसी कड़ी में पटखौली थाना में कांड सं0-356/22, में दर्ज अप्राथमिकी अभियुक्त कुख्यात चोर अवधेश श्रीवास्तव पिता शंकरलाल श्रीवास्तव, बगहा नरैनापुर चिरान टोला निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिससे पूछ-ताछ के उपरान्त, चोरी किए गये 70,000 रुपया बरामद पुलिस ने कर लिया है।

पटखौली ओपी थानाध्यक्ष के मुताबिक बीते वर्ष दिनांक 15 मई 2022 की रात्रि में बैंक चौक पटखौली स्थित एसबीआई बैंक बगहा दो में सेंधमारी कर 95,105 रूपया नकद अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। फरार अभियुक्तों की खोजबीन पुलिस द्वारा की जा रही थी। करीब सवा साल के अथक प्रयास के बाद कांड का उदभेदन करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार पुलिस ने कर लिया है।

# बापू के देश में नफरत और हिंसा का कोई स्थान नहीं : सांसद गीता कोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार भारत जोड़ो यात्रा के पहले वर्षगांठ पर गुरुवार को प.सिंहभूम जिला मुख्यालय कांग्रेस भवन चाईबासा से शहीद पार्क रुंगटा चौक, कोर्ट परिसर होते हुए घंटाघर से पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए वापस कांग्रेस भवन में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजित किया गया। इसके पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास की अध्यक्षता में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के पहले वर्षगांठ पर गुरुवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में भारत यात्री का अभिनंदन समारोह में शांल ओढ़ कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि वर्तमान केंद्र में काबिज भाजपा सरकार नित्य नए हथकंडे अपना कर मूलभूत जनहित के समस्या को अनसुना कर रही है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर विराम लगाने में पूरी तरह से विफल रही है। नफरत और घृणा की राजनीति की जा रही है और आम लोगों के प्रश्न को दरकिनार किया जा रहा है। सदन में भी रोका जा रहा है, ईडी और सीबीआई के माध्यम से विपक्ष को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक सोनाराम सिंकु मैं कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारत यात्री लक्ष्मण हांसदा, आनंद सिंकु, दीनबंधु बोयपाई को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संचालन कांग्रेस जिला महासचिव राज कुमार रजक ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय ने किया।



## सुशील मोदी ने जगदानंद को हिंदुओं से क्षमा मांगने की दी सलाह

**पटना (हि.स.)।** राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि तिलक-टीका लगाने वाले सारे लोगों को देशद्रोही बताने वाले जगदानंद को हिंदुओं से क्षमा मांगनी चाहिए। उनका यह अनर्गल कथन भूरा बाल साफ करो वाले लालू प्रसाद के बहुचर्चित बयान की याद ताजा करता है और साबित करता है कि ए टू जेड की पार्टी होने का तेजस्वी यादव का दावा बिल्कुल झूठा है। सुशील मोदी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने यह कह कर राजद-जदयू जैसे दलों की बेचैनी बढ़ा दी है कि समाज में असमानता रहने तक भारत में आरक्षण व्यवस्था जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि संघ (आरएसएस), भाजपा और हिंदू धर्म के विरुद्ध जगदानंद का बयान इसी हताशा का परिणाम है। वे संघ को आरक्षण-विरोधी साबित करने में कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग विश्व कल्याण की चिंता करने वाले महान सनातन धर्म को तुष्टीकरण की क्षुद्र राजनीति के चलते लांछित करने के लिए इसकी तुलना डेंगू, मलेरिया, कुष्ठ और एचआइवी तक से कर रहे हैं, उनमें यदि हिम्मत हो तो किसी और धर्म के बारे में दो शब्द बोल कर देखें। परम सहिष्णु सनातन धर्म के लोग 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी, उदयनिधि स्टालिन से लेकर जगदानंद तक की गालियों का जवाब वोट से देंगे।

एक नजर में

## कृष्णाष्टमी के अवसर पर झारखंड राज पेंशनर समाज ने किया श्रीमद् भागवत गीता का पाठ

**दुमका।** झारखंड राज पेंशनर समाज जिला शाखा दुमका में कृष्णाष्टमी के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता का पाठ पंडित चंद्रशेखर मिश्रा के द्वारा गणेश साह, अरविंद कुमार झा, हीरालाल शाह, गोपाल चंद्र झा के साथ मिलकर किया गया। जिसका अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर, सचिवा सारणी प्रसाद कामत, मीडिया प्रभारी डॉ कुंदन झा, अरविंद मिश्रा, राधे मिस्त्री, सिंघेश्वर झा, किरण साह जयंती एवं उनकी सभी भजन सहेली, अखिलेश्वर सिंह, सुनील सिंह, भवानी शंकर प्रसाद बनाये गये हैं।

पेज 1 का शेष

### महामारी का रूप लेने लगा...

समय-समय पर जरूरी ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाये गये। विभागीय अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य विभाग) की अध्यक्षता में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के लिए 17 विभागों के सचिव, प्रतिनिधि के साथ अगस्त को राज्यस्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी थी। इससे पहले जुलाई महीने को डेंगू माह के रूप में मनाया गया। जल जमाव वाले मामले में नगर निगम, नगरपालिकाओं के इंफोर्समेंट टीम के जरिये दोषियों पर 100 से 500 रुपये तक स्पॉट फाइन लगाया जा रहा है। **30 लाख मेडिकेटेड मच्छरदानी की मांग :** विभाग की ओर से कालाजार प्रभावित जिलों के लिए 30 लाख मेडिकेटेड मच्छरदानी की मांग केंद्र सरकार से की गयी है। इस मांग के आलोक में केंद्र सरकार ने दो चरणों में राज्य को 78 लाख से अधिक (पहले चरण में 15,84,000 तथा दूसरे चरण में 62,84,557 मच्छरदानी) मच्छरदानी दिसंबर महीने तक दिये जाने की जानकारी दी है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने यह नहीं बताया है कि किस जिले में कितने मरीज मिले हैं और कितने व किस जिलें में अब तक मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटी गयी है या कितनी बांटी जानी है। पूर्व सीएम रघुवर दास भी इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था और तैयारियों में लापरवाह रहने पर अपनी चिंता जता चुके हैं। **सभी अस्पतालों में डेंगू जांच की सुविधा :** डेंगू से बचाव के लिए जिलों में स्वास्थ्य विभाग के पास कुल 42 कारगर फॉगिंग मशीन, लार्वानाशी दवा छिड़काव के लिए 240 मशीन उपलब्ध है। लार्वानाशी एवं फॉगिंग के लिए दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है। डेंगू, चिकुनगुनिया और जापानीज इनसेफेलाइटिस के रोग प्रबंधन की सुविधा राज्य के सभी सदर अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में की गयी है। जांच की सुविधा रिम्स, रांची, पीएमसीएच धनबाद, एमजीएम जमशेदपुर, डीपीएचएल, रांची, चाईबासा, साहेबगंज, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, पलामू, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा में मुफ्त उपलब्ध है।

### दुल्हन की तरह सजी...

वायु सेना के लड़ाकू विमान स्टैंडबाय पर हैं। मानव रहित हवाई वाहनों और ड्रोन सहित सभी संदिग्ध गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय राजधानी के हवाई क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। **अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था :** दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों के करीब 45,000 जवान महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को भी सुरक्षा में लगाया गया है। नयी दिल्ली की सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिन होटलों में मेहमान ठहरेंगे, वहां पुलिस उपायुक्त रैंक के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इमारतों पर तैनात होंगे स्नाइपर्स। किसी भी हवाई खतरे को विफल करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में ड्रोन से निगरानी चल रही है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वायु सेना को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। डॉग स्क्वॉड, त्वरित प्रतिक्रिया टीमों और सामरिक टुकड़ियों से युक्त एक बहुस्तरीय सुरक्षा कवर भी तैनात है। हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए, वायु सेना महत्वपूर्ण स्थानों पर वायु रक्षा प्रणाली को तैनात करने के साथ-साथ अपनी हवाई चेतावनी प्रणाली और लड़ाकू जेट को हाई अलर्ट पर हैं। विशेष कमांडो ने हेलीकॉप्टर ड्रिल एक्सरसाइज की। **विंग कमांडर ने 10,000 फीट की उंचाई पर फहराया फ्लैग :** जी-20 को और यादगार बनाते हुए भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर गजेंदर यादव ने सम्मेलन के झंडे के साथ 10000 फीट की ऊंचाई से स्काईडाइव की।

### किसके सिर सजेगा ताज...

उपचुनाव के परिणाम से राज्य की राजनीतिक दशा व दिशा तय हो सकती है। आम चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दल अपना वर्चस्व कायम रखना चाहती है। वहीं, एनडीए ने भी मनोबल बुस्ट करने के लिए उपचुनाव में पूरी ताकत झोंकी है। उपचुनाव संपन्न होने के बाद अब राजनीतिक पार्टियां वोटिंग विश्लेषण में जुटी हुई हैं। बूथ कमेटी के सदस्यों व कार्यकर्ताओं से रुझानों की जानकारी ली जा रही है। सभी दलों के कार्यालयों में भी दिनभर इस बात पर चर्चा होती रही कि किसे कितना वोट मिलेगा।

### दक्षिण चीन सागर में प्रभावी...

ऐसे में समय की मांग एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय कानून सभी देशों पर समान रूप से लागू हो। जहां नौपरिवहन और ऊपर से उड़ान की स्वतंत्रता हो और जहां सभी के लाभ के लिए बेरोकटोक वैध व्यापार हो। मोदी ने कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है।

### तमिलनाडु में झारखंड के प्रोफेसर...


राजभवन में तैनात मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने के बाद लोग कोतवाली थाना पहुंचे और वहां पर जीरो एफआइआर दर्ज किया। **रात को माता-पिता से की थी बात :** समीर के माता-पिता ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे उससे बात हुई थी। उससे पहले शाम को वीडियो कॉल कर अपना कमरा भी दिखाया और बताया कि वह शिफ्ट हो गया है। एचओडी द्वारा एक माह बाद विभाग बदलने के आश्वासन के बाद ज्वाइन किया है। परिजनों ने इस मामले में एचओडी की भूमिका पर संदेहास्पद होने की आशंका जतायी है। उन्होंने कहा कि समीर की नियुक्ति असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुई थी पर उसे जबरदस्ती वार्डन में ज्वाइन करा दिया गया है। **सांसद ने फिर पोस्टमार्टम की मांग की :** सांसद संजय सेठ ने कहा कि मामला संदेहास्पद है। उन्होंने पुनः पोस्टमार्टम की मांग की, ताकि की दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से भी आग्रह किया है कि संबंधित राज्य के सीएम से बात कर समीर के परिजनों को न्याय दिलाएं। वहीं विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि घटना काफी दुःखद है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से आग्रह करेंगे कि शव का रि-पोस्टमार्टम कराये।

स्पीड न्यूज

# आदित्य एल1 ने ली सेल्फी, पृथ्वी और चंद्रमा का दिखा अद्भुत नजारा

**128 दिन अंतरिक्ष की यात्रा के बाद पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर हेलो ऑर्बिट में होगा स्थापित**

## इसरो ने सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीर






एजेंसी

**बेंगलुरु ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 में लगे कैमरे द्वारा ली गई अंतरिक्ष यान की सेल्फी और पृथ्वी तथा चंद्रमा की तस्वीरें जारी कीं। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु से संबंधित आदित्य-एल1 ने सेल्फी और पृथ्वी तथा चंद्रमा की तस्वीरें लीं। तस्वीरों में विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) और सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजर (एसयूआईटी) उपकरण दिखाई देते हैं, जैसा कि 4 सितंबर, 2023 को आदित्य-एल1 पर लगे कैमरे द्वारा देखा गया था। इसरो ने कैमरे द्वारा ली गईं पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें भी साझा कीं। आदित्य एल1 को दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। 128 दिन की अंतरिक्ष की यात्रा पूरी करने के बाद आदित्य एल1 पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर लैग्रेंजियन पॉइंट के हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। आदित्य एल1 पर लगे पेलोड सूरज की रोशनी, प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन करेंगे। लैग्रेंजियन पॉइंट पर हेलो ऑर्बिट में स्थापित सैटेलाइट को कई फायदे हैं। दरअसल यहां से बिना किसी रुकावट के लगातार सूरज पर नजर रखी जा सकती है। यहां से सूरज पर होने वाली गतिविधियों और इसके अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले असर का अध्ययन किया जाएगा। आदित्य एल1 पर लगे पेलोड सूरज की फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर और सूरज की सबसे बाहरी परत कोरोना के बारे में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और चुंबकीय क्षेत्र की मदद से अध्ययन करेंगे।

## जापान ने भी लांच किया मून स्पाइनर

एजेंसी

**टोक्यो।** भारत के बाद अब जापान भी चांद की ओर चल दिया है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जापान एक्स्प्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने गुरुवार को जापान का बहुप्रतीक्षित मून मिशन मून स्नाइपर लॉन्च किया। पिछले महीने एक सप्ताह के भीतर तीन बार यह मिशन टालने के बाद नाक्सा को चौथी बार लॉन्चिंग में सफलता मिली है।

नॉक्सा ने जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच-2ए रॉकेट से एक लैंडर भेजा है, जिसके चार से छह महीने में चंद्रमा की सतह पर पहुंचने की उम्मीद है। जाक्सा की ओर से जानकारी दी गयी कि लॉन्च के 13 मिनट बाद रॉकेट ने एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया, जो आकाशगंगाओं के बीच स्थित चीजों की गति और संरचना को मापेगा। इससे मिली जानकारी यह अध्ययन करने में मदद करेगी कि आकाशीय पिंडों का निर्माण कैसे हुआ। साथ ही उम्मीद है कि ब्रह्मांड का निर्माण कैसे हुआ, इस रहस्य को सुलझाने में भी मदद मिल सकती है।

**तीन बार टालने के बाद मिली सफलता**



## पाक के सिंध प्रांत में हिंदुओं पर पुलिस का लाठीचार्ज, कई घायल

**कराची।** पाकिस्तान के हिंदू समुदाय और अन्य धर्मों के कई सदस्य गुरुवार को उस समय घायल हो गए जब सिंध प्रांत में पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारी फिरौती के लिए हिंदू व्यापारियों और अल्पसंख्यक समुदायों के अन्य लोगों के अपहरण के बढ़ते मामलों के खिलाफ धरना दे रहे थे। सिंध के काशमोर में नदी क्षेत्रों में डाकुओं द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ सदस्यों के अपहरण को लेकर समुदाय के सदस्य एक सितंबर से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री के बेटे की पिस्तौल का लाइसेंस रद्द

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर की पिस्तौल का हत्या के एक मामले में इस्तेमाल होने की बात सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया है। केन्द्रीय आवास एवं नगरीय विकास राज्यमंत्री कौशल किशोर के घर पर एक सितंबर को 30 वर्षीय व्यक्ति की हत्या में विकास किशोर के नाम पर पंजीकृत पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस ने हथियार बरामद कर लिया था।

## मणिपुर के पांच घाटी जिलों में कर्फ्यू में ढील

**इंफाल।** मणिपुर के सभी पांच घाटी जिलों में कर्फ्यू लगाए जाने के एक दिन बाद अधिकारियों ने आम जनता को दवाओं और भोजन सहित आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए कुछ राहत दी है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया कि इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट और काकचिंग जिलों में गुरुवार को सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक, थौबल जिले में सुबह पांच बजे से रात आठ बजे तक कर्फ्यू में ढील रहेगी।

## ओडिशा में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में राजधानी भुवनेश्वर समेत कुछ हिस्सों में गुरुवार को भारी बारिश हुई, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। आईएमडी ने कहा कि भारी बारिश दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता और चक्रवाती परिसंचरण के कारण हुई है तथा दिन में ऐसी ही बारिश होने का अनुमान है।

## एसबीआइ का 'नेशन फर्स्ट' ट्रांजिट कार्ड जारी

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े बैंकिंग सेवा प्रदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने यहां चल रहे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 के दौरान नेशन फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड जारी किया है। बैंक ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि यह रुपे - नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) प्रीपेड कार्ड है । ग्राहक को आवागमन के दौरान एक ही कार्ड के माध्यम से मेट्रो, बसों, वॉटर फेरी, पार्किंग आदि में आसानी से डिजिटल टिकटिंग और किराया भुगतान करने की सुविधा होगी।

# बाइडन आज आयेंगे भारत

## बीस्ट से सफर करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति, 50 गाड़ियों का सुरक्षा घेरा होगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए दिल्ली तैयार है। दिल्ली की सभी अहम और ऐतिहासिक इमारतें रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रही हैं। एयरपोर्ट से लेकर कुतुब मीनार, प्रगति मैदान, भारत मंडपम समेत दिल्ली के सभी इलाकों की खूबसूरती देखती ही बन रही है। दिल्ली की सभी अहम सड़कों पर खूबसूरत फाउंटेन, गमले और पेड़-पौधे लगाए गए हैं। मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इन खास मेहमानों में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी हैं। विदेशी मेहमानों का आना शुरू हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार की रात रात उड़ान भरेंगे और शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे। नयी दिल्ली में अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी बीस्ट गाड़ी से सफर करेंगे और उनके साथ करीब 50 गाड़ियों की सुरक्षा घेरा होगा।

**बीस्ट में क्या है खास :** अमेरिकी राष्ट्रपति विमान से दिल्ली में लैंड करने के बाद अपनी बीस्ट गाड़ी से सफर करेंगे और उनके साथ करीब 50 गाड़ियों की सुरक्षा घेरा होगा। बीस्ट गाड़ी के बारे में माना जाता है कि इसमें परमाणु हमले को भी विफल करने की क्षमता है। केमिकल, न्यूक्लियर अटैक भी बेअसर भी इस पर बेअसर है। कार में 8 इंच मोटे दरवाजे, पैनिक बटन, अलग से ऑक्सीजन सप्लाई, कार में राष्ट्रपति का मैचिंग ब्लड, सैटेलाइट फोन रहते है, जो हर वक्त पेंटागन से कनेक्ट रहता है। बीस्ट के टायरों में स्पेशल स्टील रिम्स होता है। इसके टायर पंचर नहीं होते। फ्यूल टैंक में स्पेशल फोम होता है। राष्ट्रपति के काफिले में 50 सुरक्षा गाड़ियां, सुरक्षा में अमेरिका की इंटेलिजेंस और सिक्योरिटी सर्विस एफबीआई और सीआइए कमांडो की तैनाती रहेगी।

आईटीसी मौर्या शेरेटन के इंतजाम : बाइडेन दिल्ली के आईटीसी मौर्या शेरेटन में रुकेंगे। होटल के 14वें फ्लोर पर बाइडन का सुइट है। सुइट 4,600 स्क्वायर फुट में फैला है। इस सुइट का किराया हर दिन का 8-10 लाख रुपये है। डॉग स्क्वाड के साथ स्पेशल उपकरण तैनात किए गए हैं। हर फ्लोर पर सीक्रेट सर्विस कमांडो तैनात रहेंगे। होटल के 400 कमरे बाइडन की टीम के लिए बुक किए गए हैं। होटल में बाइडेन के आने-जाने के लिए एक नई स्पेशल लिफ्ट भी लगाई गई है।

**▶▶ जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए दिल्ली तैयार, राजधानी की सभी ऐतिहासिक इमारतें रंग बिरंगी रोशनी से जगमग**






### एयरफोर्स वन और बैकअप प्लेन की खूबियां

राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडन का ये पहला भारत दौरा है। इस दौरे में वे जी 20 सम्मेलन में शिरकत करने के बाद पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। माना जा रहा है कि इस वार्ता में भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग को और विस्तार दिया जाएगा। साथ ही कुछ अहम सौदों पर भी मुहर लग सकती है। बाइडेन एयरफोर्स वन के विमान से दिल्ली पहुंचेंगे। एयरफोर्स वन के साथ एक दूसरा विमान बैकअप प्लेन भी होगा, जो आपात स्थिति में इस्तेमाल किया जा सकेगा। बैकअप प्लेन को सीक्रेट जगह पर रखा जाता है। अपने आप में खास एयरफोर्स वन को मिनी पेंटागन के नाम से भी जाना जाता है, जिसमें तमाम सुरक्षा उपकरण लगे होते हैं। एयरफोर्स वन विमान हर तरह के हमलों से बचने में सक्षम है।

## भारत ने चना, दाल समेत 12 अमेरिकी उत्पादों से अतिरिक्त शुल्क हटाया

**नयी दिल्ली।** भारत ने चना, दाल और सेब जैसे कुछ अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क हटा दिया है। भारत ने ये कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की देश की तीन दिवसीय यात्रा से पहले उठाया है। ये अतिरिक्त शुल्क 2019 में कुछ स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने के अमेरिका के फैसले के जवाब में लगाए गए थे। भारत ने 2019 में 28 अमेरिकी उत्पादों पर ये शुल्क लगाया था। अमेरिकी उत्पादों पर इन शुल्कों को हटाने का निर्णय 5 सितंबर को वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के माध्यम से लिया गया। इसमें कहा गया है कि चना, मसूर, सेब, ताजा या सूखे बादाम जैसे उत्पादों पर शुल्क हटा लिया गया है। यह कदम 9-10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाइडेन की भारत यात्रा से पहले उठाया गया। जून में मोदी की अमेरिका की यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने छह डब्ल्यूटीओ विवादों को समाप्त करने और कुछ अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिशोधात्मक शुल्क हटाने का फैसला किया था। भारत ने चना (10 प्रतिशत), दाल (20 प्रतिशत), ताजा या सूखे बादाम (7 रुपये प्रति किलोग्राम), छिलके वाले बादाम (20 रुपये प्रति किलोग्राम), अखरोट (20 प्रतिशत) और सेब (20 प्रतिशत) पर अतिरिक्त शुल्क हटा दिया।

## हरियाणा में मजदूर के खाते में आये 200 करोड़

**बड़ा ट्रांजैक्शन को देख गुजरात पुलिस ने खाते को कराया होल्ड**

**विक्रम को भी समझ नहीं आ रहा बैंक में खाता कैसे खुला और इतनी बड़ी रकम क्यों जमा करायी**

एजेंसी

**चरखी दादरी(हरियाणा)।** हरियाणा के चरखी दादरी जिले के एक मजदूर के बैंक अकाउंट में अचानक 200 करोड़ रुपए जमा हो गए। इसका खुलासा तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश पुलिस पूछताछ करने के लिए उसके घर पहुंची। पुलिस ने बताया कि मजदूर के बैंक खाते में हुई इतनी बड़ी ट्रांजेक्शन को देख गुजरात पुलिस ने खाता होल्ड करा लिया है। बैंक सूत्रों के मुताबिक इस खाते से लेन-देन में फ्रॉड के चलते गुजरात पुलिस ने खाते वाले यस बैंक में इसकी शिकायत की थी। फिलहाल मजदूर को भी समझ नहीं आ रहा कि उसका खाता बैंक में कैसे खुला और इतनी बड़ी रकम किसने और क्यों जमा कराई। वहीं मजदूर विक्रम अब मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि मुझे और मेरे परिवार को जान का खतरा है। पहले वढ पुलिस आई। अब कभी कहीं तो कभी कहीं से फोन आ रहे हैं। मुझे डर है कि 200 करोड़ हड़पने के लिए कोई मेरा नुकसान कर सकता है। पुलिस इस मामले में जल्दी एक्शन ले और इसका निपटारा करे ताकि मैं सुरक्षित हो सकूं। हमें ये पैसे नहीं चाहिए। सरकार इन्हें अपने पास ले ले। विक्रम ने यह भी बताया कि जब यूपी पुलिस आई तो उन्होंने उनसे बैंक का अकाउंट नंबर लिया। इसके बाद पड़ताल की तो पता चला कि खाते में करोड़ों रुपए हैं। उसको न तो इस खाते का पता है और न ही इन पैसों से उसका कोई संबंध है। इस मामले की वजह से पूरा परिवार परेशान है। प्रदीप ने बताया कि जब वह बैंक गया तो यह रकम जमा होने के बारे में पता चला। इसके बाद पूरा परिवार परेशान है। प्रदीप ने बताया कि जब वह बैंक गया तो यह रकम जमा होने के बारे में पता चला। इसके बाद पूरा परिवार परेशान है।



## आइडीएस ने बचायी कई हाथियों की जान

**रेलवे के लिए मददगार साबित हुआ कृत्रिम मेधा आधारित निगरानी तंत्र**

**नयी दिल्ली।** पूर्वोत्तर में हाथियों के 11 गलियारों में कृत्रित मेधा आधारित निगरानी तंत्र की शुरूआत से वहां ट्रेन की टक्कर से हाथियों की मौत के मामलों को रोकने में काफी मदद मिली है और अब पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे इसे पूरे क्षेत्र में शुरू करने की योजना बना रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणाली (आईडीएस) को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) की ओर से दिसंबर 2022 में हाथियों के 11 गलियारों में लगाया गया था। अलीपुरद्वार मंडल में पांच और लुमडिंग मंडल में छह उपकरण लगाए गए थे। एनएफआर के अनुसार, दिसंबर 2022 में इसकी शुरूआत से इस साल जुलाई तक आठ माह में आईडीएस ने 9,768 यानी रोजाना औसतन 41 चेतावनी संदेश दिये। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने कहा कि जब भी कोई हाथी रेलवे लाइन पर कदम रखता है तो यह प्रणाली ट्रेन नियंत्रक, स्टेशन मास्टर, ट्रेन के लोको पायलट और अन्य उन संबद्ध पक्षों को आगाह कर देती है जो इस खतरे से बचने के लिए एहतियाती कदम उठाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रायोगिक परियोजना को लगभग छह करोड़ रुपये की लागत से शुरू किया गया था। डे ने बताया कि प्रणाली की शुरूआत के बाद से अब तक इन 11 गलियारों में ट्रेन-हाथी की टक्कर होने की कोई घटना नहीं हुई है। देश में हर साल ट्रेन की टक्कर से औसतन 20 हाथियों की मौत हो जाती है और इनमें से अधिकतर घटनाएं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में होती हैं। आईडीएस की सफलता से ऐसी घटनाओं को पूरी तरह रोकने की उम्मीद जगी है।


## सेंसेक्स 66000 के पार निफ्टी 116 अंक उछला

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बावजूद अमेरिकी बॉन्ड यील्ड एवं कच्चे तेल की कीमतें गिरने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार लगातार पांचवे दिन चढ़ता हुआ करीब सवा महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 385.04 अंक अर्थात 0.58 प्रतिशत की छलांग लगाकर सवा महीने के उच्चतम स्तर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 66265.56 अंक पर पहुंच गया। इससे पूर्व एक अगस्त को यह 66459.31 अंक पर रहा था। इसी तरह निफ्टी 116 अंक यानी 0.59 अंक उछलकर 19727.05 अंक पर रहा।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.79 प्रतिशत की तेजी लेकर 32,374.93 अंक और स्मॉलकैप 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 38,101.21 अंक पर पहुंच गया।

## शाहरुख खान की 'जवान' रिलीज

नयी दिल्ली। अभिनेता शाहरुख खान अभिनीत जवान गुरुवार को सुबह श्रीनगर से लेकर चेन्नई तक के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई है और इसका निर्देशन दक्षिण के फिल्मकार एटली ने किया है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह है और इस मौके पर उन्होंने ढोल नगाड़ों और पटाखे जलाकर फिल्म की रिलीज का जश्न मनाया। जयपुर, जम्मू, मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों में सिनेमाघरों के अंदर और बाहर के दृश्य संकेत दे रहे हैं कि पठान के बाद आई खान की यह फिल्म भी हिट रहेगी। फिल्म की रिलीज से पहले बायकॉट जवान सोशल मीडिया पर ट्रेंड किया था। कुछ लोगों ने फिल्म का बहिष्कार करने का आह्वान इसलिए किया, क्योंकि तमिलनाडु में इसके वितरक रेड जाइअन्ट मूवीज हैं। इस कंपनी का स्वामित्व तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के पास है। वह सनातन धर्म के खिलाफ अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों का सामना कर रह रहे हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर अभिनेता के प्रशंसकों ने कहा कि फिल्म पर नकारात्मक प्रचार का असर नहीं पड़ेगा और यह खूब कमाई करेगी। ऐसा लगता है कि विवाद को समर्थन नहीं मिला। देश के कई हिस्सों में आज जन्माष्टमी के मौके पर छुट्टी है और कई शहरों में सिनेमाघरों ने योजना के तहत तड़के के शो आयोजित किए। कोलकाता में पहला शो सुबह पांच बजे था जबकि जयपुर में यह सुबह छह बजे था।



# संग्राम क्लब कचहरी में दिखेगा काल्पनिक असुर मंदिर

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**






खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची कचहरी चौक के समीप स्थित संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कर रहा हैं। श्रद्धालुओं के बीच पूजा पंडाल का प्रारूप काल्पनिक पंडाल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। जो कोलकाता के चंद्रमुखी डेकोरेटर सातमाइल कंटाई, पूर्व मिदनापुर पश्चिम बंगाल के सुनील पात्रा एवं उनके कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है। इस वर्ष पूजा पंडाल में सिर्फ प्लाईवुड, थर्मोकोल, फाइबर, आदि वस्तुओं का इस्तेमाल कर पूरे पंडाल को बनाया जा रहा है, पूजा पंडाल की ऊंचाई 40 फीट, चौड़ाई 55 फीट होगी। इसे काल्पनिक असुर मंदिर के रूप में गढ़ा जायेगा, जिसमें मुख्य द्वार पर असुर का भव्य मुख के साथ 5 घोड़े देखने को मिलेंगे एवं पंडाल के अंदर कई ड्रैगन के साथ अन्य प्रकार की चीजें दिखाई देंगे साथ ही मां दुर्गा 4 राक्षसों का वध करते हुए स्थापित दिखाई देंगे, जो पूरे पंडाल के आकर्षण का केंद्र बिंदु होगा। इस वर्ष पूजा की कुल लागत लगभग 12-13 लाख रुपए के आसपास है। साथ ही पूजा में घूमने आने वाले श्रद्धालु और दर्शनार्थियों के लिए पूजा पंडाल परिसर के आसपास लजीज व्यंजन एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले की व्यवस्था भी की जा रही है।

पूजा पंडाल से लेकर उसके आसपास के क्षेत्रों मे पूजा के दौरान आए श्रद्धालु और दर्शनार्थियों के सुरक्षा के लिए भी विशेष व्यवस्था पूजा समिति के द्वारा की जा रही है, जिसमें सीसीटीवी कैमरा विशेष तौर पर रखा गया है क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा भी इस बात का खासा ध्यान रखा जा रहा है की पूजा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

### पंडाल के बगल में है गड्ढे : नीरज वर्मा

संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नीरज वर्मा ने कहा कि 1969ई० से लगातार दुर्गा पूजा का अयोजन कचहरी चौक पर होते आ रहा है। नगर निगम के द्वारा सड़क के किनारे गड्ढे कर दिए गए है। बरसात में आने वाले भक्तों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नगर निगम से हमारा निवेदन होगा कि जल्द से जल्द इस गड्ढे को भर दिया जाए। अगर नगर निगम इस पर ध्यान नहीं देता है, तो पूजा पंडाल समिति की ओर से हम लोग इसको पूजा से पहले ठीक करवा लेंगे।


नीरज वर्मा

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# जनजातीय अर्थव्यवस्था: एक परिकल्पना

**रणेन्द्र कुमार**

**अर्थव्यवस्था** किसी भी समाज के संगठन और प्रगति का केंद्रबिंदु है। वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए विकसित विभिन्न संस्थाएँ, सामान्य तौर पर, अर्थव्यवस्था का निर्माण करती हैं। यद्यपि इन संस्थानों को मुख्य रूप से आर्थिक गतिविधियों के संगठन में शामिल प्रथाओं की सामग्री और मात्रात्मक अभिव्यक्तियों के संदर्भ में देखा जाता है, उनका चरित्र अनिवार्य रूप से और गहराई से संस्कृति, मूल्यों, शिक्षा, वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति, इतिहास, सामाजिक और राजनीतिक संरचनाओं, कानूनी द्वारा आकार दिया जाता है। किसी भी समाज में प्रणाली और प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता। संस्कृति का क्षरण, इत्यादि इत्यादि। दुनिया भर में बढ़ती आलोचनात्मक विद्वता और सामाजिक आंदोलनों का उद्भव दोनों ही नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान के नरभक्षी चरित्र की ओर इशारा करते हैं जो पूरे ग्रह के लिए खतरा है। वैश्वीकरण, वित्तीय संकट और हालिया वैश्विक महामारी हमारे समय के तनाव और विरोधाभास पैदा करने वाले कुछ झटके और तनाव हैं। एक संकट बिंदु से दूसरे संकट बिंदु की ओर बढ़ते हुए, पूंजीवादी आर्थिक व्यवस्था के विनाशकारी पदचिह्न पारिस्थितिक आपदाओं, लोकतंत्र के पतन, नस्लीय हिंसा, लिंग और जाति उत्पीड़न, श्रम और काम के अवमूल्यन आदि के रूप में देखे जा सकते हैं।

इन सभी संकटों के मूल में यह प्रश्न निहित है: आवश्यकताओं की अधिक संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए विकास की अनिवार्यता को कम करने के लिए हम उत्पादन के तरीके को कैसे पुनर्गठित कर सकते हैं? शीत युद्ध की समाप्ति के बाद पहली बार, समकालीन समाज के प्रमुख संगठनात्मक तर्क पर पुनर्विचार करने और नए आर्थिक और राजनीतिक समाधान विकसित करने की आवश्यकता के बारे में वैश्विक सहमति बढ़ रही है। इसके साथ ही, अधिकारों के प्रति जागरूक नागरिक समाज और विश्व सामाजिक मंच जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों के उद्भव ने नवउदारवाद के विकल्प की आवश्यकता को और बढ़ा दिया है। इस चल रहे प्रयास में योगदान करते हुए, यह सेमिनार वैश्विक स्तर पर पूंजीवादी समाज के विरोधाभासों की जांच करने और पूंजी और श्रम के बीच संघर्ष से परे क्षेत्रों में दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अन्य सफल राजनीतिक प्रयोगों के साथ-साथ जनजातीय ज्ञान को तैनात करने का प्रयास करता है। इस सेमिनार का दोहरा उद्देश्य नवउदारवादी व्यवस्था पर एक नई आलोचनात्मक चर्चा में योगदान देना और नवउदारवादी अर्थव्यवस्था के कम-ज्ञात विकल्पों का गहन विश्लेषण विकसित करना है। इस विश्वास के साथ कि वैकल्पिक आर्थिक मॉडल में शांति, प्रगति और स्थिरता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था का मार्गदर्शन करने की क्षमता है, इस संगोष्ठी का उद्देश्य विभिन्न वैकल्पिक आर्थिक मॉडल के प्राथमिक पहलुओं पर आधारित एक वैकल्पिक आर्थिक प्रतिमान का खाका तैयार करना है।



## झारखंड के जनजातीय अर्थव्यवस्था में रोजगार और असमानता के परिणाम

**डॉ अभिषेक वैभव**

**सहायक प्रायापक आरक़ेडीएपफ. विश्वविद्यालय रांची**

भारत की अनूठी विरासत का प्रतिनिध्त्वि करने और उसके संरक्षण में झारखंड के जनजातियों की अहम भूमिका है। जब हम ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में झारखंड के जनजातियों के आर्थिक जीवन की चर्चा करते हैं तो पाते हैं कि आर्थिक दृष्टि से झारखंड की जनजातियों को चार श्रेणियों में विभक्त की गई है - शिकारी और भोजन संग्रहकर्ता ;अस्थाई कृषक स्थाई कृषक तथा दस्तकार समुदाय। झारखंड क्षेत्रा की संस्कृति और सभ्यता आद्वि तीय मानी गई है। विभिन्न प्रजातियों की अनेकान्त अस्मितीयें, झारखंड को प्रजातियों के बागबां के रूप में घोषित करती है। विभिन्न संस्कृतियों का अद्भुत समागम हमारी झारखंडी संस्कृति का प्रथमचरण है। आदिवासी, आदिमजाति, जनजाति इत्यादि नामों से पहचाने जाने वाला एक मानवीय समुदाय, जो सभ्यता के विकास सोपान को अभीतक पूर्णरूप से स्पर्श नहीं कर पाया है, जो अभी भी दुर्गम और सघन वन प्रांतों में जीवन यापन करता है, उनका जीवन, उनकी संस्कृति, उनका आचार-विचार, भौतिकता से दूर नैसर्गिक पवित्राता के साक्षी हैं। यद्यपि यह समुदाय साक्षरता और विकास में विपन्न है, किंतु अनुभव और प्राकृतिक संस्कृति की विराट संपदा इनके पास ही अक्षुण्य है। जनजातियों की आर्थिक व्यवस्था को समझने के लिए संस्कृति परिवेश को समझना आवश्यक है। संस्कृति परिवेश इसलिए क्योंकि वे प्रकृति के उपासक हैं। प्रकृति, जो उनकी प्रथा, परंपरा एवं अन्य आवश्यक दिन-प्रतिदिन की कार्यशैली के गठन पर निर्भर करती है। झारखंड के जनजातियों की आर्थिक समस्या देश के अन्य जातियों की आर्थिक समस्या से बिल्कुल भिन्न है। यद्यपि इनके आर्थिक विकास के लिए कई समानांतर योजना एंबनाई गई हैं, परंतु इसका कुछ खास प्रभाव नहीं पड़ा । इसका प्रमुख कारण यह है कि जो कल्याण योजना उराँव जनजाति के लिए लाभदायक हो सकता है, वह माल-पहाड़िया या लोध जनजाति के लिए उपयु( नहीं हो सकता। प्रस्तुत शोध पत्रा के मायम से झारखंड के जनजातीय अर्थव्यवस्था में रोजगार और असमानता के परिणामों का विश्लेषण करने का प्रयास किया जाए।

## नवउदारवाद के संकट

**गोपाल प्रधान**

**प्राध्यापक अम्बेडकर विश्वविद्यालय, नई दिल्ली**



**जिस** आर्थिकी का इस समय बोलबाला है उसे आम तौर पर नवउदारवाद कहा जाता है। इसे उदारवाद से अलग करके देखने के लिए जानना जरूरी है कि राजकीय अहस्तक्षेप को इसने शासन से बाजार की स्वतंत्राता के बतौर परिभाषित किया। विडम्बना यह थी कि इसके तहत सारे उपाय राज्य की मदद से ही किये गये। पश्चिमी देशों में इसके आगमन को सत्तर के दशक से जोड़ा जाता है लेकिन हमारे दक्षिण एशियाई खित्ते में इसका अनुभ व थोड़ा बाद से शुरू हुआ। राज्य के नियंत्राण को कमजोर करने की वकालत वाले उदारीकरण के साथ ही इसे निजीकरण और वैश्वीकरण के साथ जोड़कर देखा जाता है। प्रोपेफसर रणधीर सिंह ने वैश्वीकरण को धेखा कहा और उसे उपनिवेशीकरण का नया दौर मानने की गुजारिश की। स्वाड्डाविक है कि राष्ट्र-राज्य की संप्रभुता और इस वैश्वीकरण के बीच विरोध था। निजीकरण को भी संसाध नों की लूट से जोड़कर देखा गया। अनेक चिंतकों ने इसकी तुलना औपनिवेशिक दौर की संसाध्नों की लूट से की। संसाध्नों से जनता की इस बेदखली को समझने के लिए मार्क्स की पत्राकारिता के आरम्भिक दिनों के लेखन से संपत्ति, कानून, चोरी, संचारतंत्रा और साझेदारी की धरणा को फिर से जांचा परखा गया। सर्वविदित है कि जंगलात से लकड़ी एकत्रा करने के सवाल पर उनके रुख से इस मामले में काफी मदद मिली। इसी के साथ लोकतंत्रा का सवाल ड्ढी जुड़ा हुआ है और हम सड्ढी जानते हैं कि यह समय पूरी दुनिया में लोकतंत्रा के क्षरण और पफासीवादी तानाशाहियों के उदय का है। लोकतंत्रा के क्षरण को लगातार बढ़ती जा रही विषमता को जोड़ कर देखा जाता रहा है। शासन हेतु जनता की सहमति का सिद्धांत भी इसका शिकार हुआ है । नवउदारवादी आर्थिकी के साथ न केवल सार्वजनिक संपत्ति वरन सार्वजनिक जगहों पर भी जनता की उपस्थिति कम हुई है।

संसाधनों की इस बेतहाशा लूट के साथ ही पर्यावरणिक संकट की समस्या भी जुड़ गयी है। प्राकृतिक संसाधनों की सीमा और उपभोग की असीम भूख इस दौर का सासे महत्वपूर्ण टकराव का कारण बन गया है ।

## पूंजीवादी के बीच मतभेद विकास और जनजातीय आकांक्षाएं:एक विकल्प की ओर

**डॉ अरुण कुमार**

**अर्थशास्त्र के पूर्व प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली**

आजादी के बाद से भारत में विकास मोटे तौर पर दो चरणों से गुजरा है। पहला 1947 से 1991 तक और दूसरा उसके बाद. नीतियों में आमूल-चूल बदलाव आयादो चरणों के बीच 'व्यक्ति अपनी समस्याओं के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं' से लेकर'व्यक्ति अपनी समस्याओं के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं'। इस प्रकार, से एक बदलाव आयाराज्य के माध्यम से लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी को व्यक्तियों तक ले जाना आवश्यक हैबाजारों का सहारा लेकर उनकी समस्याओं का समाधान करें। बाद वाली नीतियां की नकल थीं

वाशिंगटन सर्वसम्मति 1980 के दशक से विश्व स्तर पर प्रचलित है। यह वैश्विकता को प्रतिबिंबित करता हैपूंजीवाद की ओर प्रतिस्पर्धा के लुप्त होने के साथ रणनीतिक बदलाव। का परिणामभारतीय नीति निर्माण में आदर्श परिवर्तन को हाशिए पर मौजूद लोगों के लिए समझने की जरूरत हैअनुभाग.

भारत में एक बड़ा (घटता हुआ) असंगठित क्षेत्र है। संगठित क्षेत्र,अर्थव्यवस्था का उन्नत क्षेत्र, सरकार के बाद से अपने खर्च पर बढ़ रहा है।

नीतियां इसे प्रोत्साहित करती हैं। इससे दोनों क्षेत्रों के बीच अंतर बढ़ रहा है। नीति है उन्होंने अर्थव्यवस्था को कई झटके भी दिए जिससे अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

असंगठित क्षेत्र. दुर्भाग्य से डेटा आय पर प्रतिकूल प्रभाव को शामिल नहीं करता हैऔर रोजगार. इस प्रकार, हाशिए पर रहने वाले वर्गों की दुर्दशा को डेटा में कैद नहीं किया गया हैऔर इसलिए पर्याप्त नीतिगत उपाय नहीं किये जा रहे हैं। वे अदृश्य हो जाते हैं.भारत में मूलनिवासी असंगठित वर्ग का एक प्रमुख हिस्सा हैं।इनमें बहुत विविधता है. विशिष्ट मैक्रो और माइक्रो पॉलिसियों की आवश्यकता हैउस स्थिति से निपटने के लिए जिसमें मूल निवासी स्वयं को पाते हैं। संसाधनउत्पादन, संसाधनों का हस्तांतरण, विकेंद्रीकरण और अधिक स्वायत्तता देनी होगी।

किसी भी विकल्प के आवश्यक घटक बनें।

## शून्य संचय का नवउदारवादी शासन

**डॉ. सात्यकी रॉय**

**सह - प्राध्यापक औद्योगिक विकास में अध्ययन संस्थान नई दिल्ली**

नवउदारवाद को असमानता के कारण वैधता के संकट का सामना करना पड़ रहा है । दुनिया अभूतपूर्व स्तर तक पहुँचती है। एक उभरती स्थिति से यह संकट और भी बढ़ गया हैग्रह संकट जो मानवता के लिए गंभीर अस्तित्व संबंधी चुनौती पेश करता है। पारिस्थितिक संकटयह आजीविका के भारी नुकसान, अप्रत्याशित जलवायु संबंधी आपदाओं में प्रकट होता है।फसल की हानि और बड़े पैमाने पर विस्थापन। संपत्ति पर अधिकार स्थापित करके मुनाफाखोरी करनावित्तीय संपत्ति बनाने के साधन के रूप में सामान्य संसाधनों और दुनिया भर में भूमि पर कब्जा करनाविशेष रूप से वैश्विक वित्तीय संकट के बाद न केवल संचय का प्रमाण है, बेदखली के माध्यम से, बल्कि जूनोटिक रोगों के फैलने की बढ़ती आवृत्ति का भी कारण बनता हैदुनिया भर में। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और टीएनसी सस्ते श्रम की तलाश में हैं।

**सुश्री नेहा प्रसाद**

*अनुसंधान विद्वान रांची विवि अर्थशास्त्र विभाग*

पेपर में अदृश्य प्रवेश बाधाओं और सामने आने वाली अनुचित चुनौतियों को उजागर करने का प्रयास किया गया है तथाकथित पुरुष-प्रधान, तकनीकी-उन्मुख वाणिज्यिक ड्राइविंग क्षेत्र में महिलाओं द्वारा।

अखबार में रांची शहर के 'पिंक ऑटो चालकों' के संघर्षों को दशार्या गया है। बदलते लिंग-आधारित कलंक और सामाजिक व्यवहार और आर्थिक आकांक्षाए निम्न वर्ग की महिलाएँ और श्रम बाजार की विफलता और सरकार की चुप्पी'पैमाने बनी है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार के तमाम दावे और प्रयास धरे के धरे रह जाते हैं। केवल कागज पर। पेपर का निष्कर्ष है कि बेहतर जीवन जीने की इच्छाएं और महत्वाकांक्षाएं के विषय में विमर्श।

## ग्रामीण और जनजातीय को प्रभावित करने वाले कारक

**डॉ. दीप नारायण मुखर्जी**

*सहायक प्रोफेसर*

*कृषि एवं ग्रामीण विकास विद्यालय रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान रांची, झारखंड*

आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण चालक। वर्तमान ग्रामीण सन्दर्भ में, विशेषकर के सन्दर्भ मेंझारखंड जैसे आकांक्षी राज्यों में उद्यमिता को आशाजनक अवसर के रूप में देखा जाता है

बेरोजगारी को दूर करने, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण लोगों के कौशल को बढ़ाने के लिएबेरोजगार लोग। भारत में उद्यमशीलता गतिविधियों में वृद्धि के बावजूद चुनौतियाँसीमित संसाधन पहुंच, कम जागरूकता सहित ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जारी हैवित्तीय बाधाएँ, व्यक्तियों को उद्यमिता आगे बढ़ाने में बाधा डालती हैं। अतः यह

ग्रामीण उद्यमशीलता के इरादे को प्रभावित करने वाले कई कारकों को परिभाषित करने के लिए अध्ययन आयोजित किया गया थानियोजित व्यवहार के सिद्धांत (टीपीबी; अजजेन) के आधार पर नए उद्यम की स्थापना के लिए।इस अध्ययन ने आगे चलकर गुजर रहे व्यक्तियों के बीच इन कारकों की व्यापकता का आकलन कियाझारखंड में स्वरोजगार संस्थानों में प्रशिक्षण। यह अध्ययन दक्षिण में आयोजित किया गया था झारखंड का छोटानागपुर क्षेत्र, मिश्रित पद्धति को नियोजित करता है। की पहचान के लिए ग्रामीण उद्यमशीलता की मंशा को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारक 12 ग्रामीण उद्यमी थे

उद्देश्यपूर्ण नमूनाकरण विधि के माध्यम से चयन किया गया और 120 साक्षात्कार आयोजित किए गएउद्यमशीलता के इरादे को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों के प्रभाव को परिभाषित करें। ड्राइंग के लिएचरों के बीच संबंध ढछर-रएट मॉडल का उपयोग किया गया था। परिणाम इसे परिभाषित करते हैं

उद्यमशीलता रवैया, आत्म-प्रभावकारिता, कथित वांछनीयता सहित कई कारक,और उद्यमशील वातावरण, आत्म-प्रभावकारिता के बीच संबंधों में मध्यस्थता करता हैऔर उद्यमशीलता का इरादा या अन्य चर के बीच संबंध को प्रभावित कियाऔर उद्यमशीलता का इरादा, योगदान देने वाले कारकों की जटिलता को रेखांकित करता हैउद्यमशीलता के इरादे. अध्ययन का प्राथमिक योगदान अनुभवजन्य सत्यापन में निहित है

एक विस्तारित मॉडल जो उद्यमशीलता के इरादों को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान करता हैभारत के दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र में ग्रामीण युवा, संभावित रूप से सूचना नीति

नवोदित उद्यमशीलता का समर्थन करने के लिए हस्तक्षेप की मांग करता है।

# टीआरआई रांची में ट्राइबल इकोनॉमी पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

**उदय चौहान**

**झारखंड** के जनजातीय अर्थव्यवस्था में रोजगार और असमानता के परिणाम है। डॉ अभिषेक वैभव ने कहा कि जब हम ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में झारखंड के जनजातियों के आर्थिक जीवन की चर्चा करते हैं तो पाते हैं कि आर्थिक दृष्टि से झारखंड की जनजातियों को चार श्रेणियों में विभक्त की गई है - ;पद शिकारी और भोजन संग्रहकर्ता अस्थाई कृषक ; स्थाई कृषक तथा दस्तकार समुदाय। विभिन्न प्रजातियों की अनेकान्त अस्मितीयें, झारखंड को प्रजातियों के बागबां के रूप में घोषित करती है। विभिन्न संस्कृतियों का अद्भुत समागम हमारी झारखंडी संस्कृति का प्रथमचरण है। आदिवासी, आदिमजाति, जनजाति इत्यादि नामों से पहचाने जाने वाला एक मानवीय समुदाय, जो सभ्यता के विकास सोपान को अभी तक पूर्णरूप से स्पर्श नहीं कर पाया है, जो अभी भी दुर्गम और सघन वन प्रांतों में जीवन यापन करता है, उनका जीवन, उनकी संस्कृति, उनका आचार-विचार, भौतिकता से दूर नैसर्गिक पवित्राता के साक्षी हैं। यद्यपि यह समुदाय साक्षरता और विकास में विपन्न है, किंतु अनुभव और प्राकृतिक संस्कृति की विराट संपदा इनके पास ही अक्षुण्य है। जनजातियों की आर्थिक व्यवस्था को समझने के लिए संस्कृति परिवेश को समझना आवश्यक है। संस्कृति परिवेश इसलिए क्योंकि वे प्रकृति के उपासक हैं। प्रकृति, जो उनकी प्रथा, परंपरा एवं अन्य आवश्यक दिन-प्रतिदिन की कार्यशैली के गठन पर निर्भर करती है। झारखंड के जनजातियों की आर्थिक समस्या देश के अन्य जातियों की आर्थिक समस्या से बिल्कुल भिन्न है। यद्यपि इनके आर्थिक विकास के लिए कई समानांतर योजना एंबनाई गई हैं, परंतु इसका कुछ खास प्रभाव नहीं पड़ा । इसका प्रमुख कारण यह है कि जो कल्याण योजना उराँव जनजाति के लिए लाभदायक हो सकता है, वह माल-पहाड़िया या लोध जनजाति के लिए उपयु( नहीं हो सकता। प्रस्तुत शोधपत्र के मायम से झारखंड के जनजातीय अर्थव्यवस्था में रोजगार और असमानता के परिणामों का विश्लेषण करने का प्रयास किया जाए।




### विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

**आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक विभाग के सचिव राजीव अरुण एक्का ने कहा कि** आदिवासियों की आर्थिक व्यवस्था प्री हिस्टोरिक है। श्री एक्का गुरूवार को आदिवासी जनजातीय महोत्सव के अंतिम पड़ाव के तहत ट्राइबल इकोनॉमी और वैकल्पिक इकोनॉमी पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार डॉ रामदयाल मुंडा शोध संस्थान में आयोजित समारोह में बतौर उदघाटनकर्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी परंपरा को आप उनकी जीवन शैली में देख सकते हैं। आदिवासी आर्थिक व्यवस्था बिना पैसों की है। मतलब इसमें पैसों को महत्व नहीं दिया गया है। लेकिन, आज परिस्थितियां बदल गयी हैं। उन्होंने कहा कि भारत सहित विश्व के कई देशों में आदिवासी मुख्यधारा के समाज की संस्कृति से प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि आदिवासी अपनी संस्कृति व जीवनशैली से जुड़े रहेंगे। नव बाजारवाद ने पूरे विश्व के ट्राइबल पर हमला किया है। आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पहले दिन देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अर्थशस्त्रियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में यह बातें सामने आयीं कि वर्तमान व्यापारवाद और बाजारवाद ने न केवल आदिवासी समाज बल्कि हर समाज के लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।गांधीवादी बाजारवाद की विचारधारा कहीं न कहीं पीछे छूट गयी। आज का बाजार इंसान के इनकम और उसके पास पैसे होने के आधार पर तय हो रहे हैं।

**दिल्ली से आयी अर्थशास्त्री डॉक्टर जया मेहता ने कहा कि** नव उदारवाद, पूंजीवादी व्यवस्था का ही अग्रिम पायदान है। हमें उत्पाद सेवायें, पूंजी दुनिया के सभी सीमाओं को लांघकर पहुंच रही है। 2008 के बाद से अमेरिका व यूरोप आर्थिक क्राइसिस से नहीं उबर पाये हैं। इसलिए दुनिया में एक नई शुरूआत हुई है। जिसमें डॉलर आधारित व्यवस्था को छोड़ कर दूसरे विकल्पों पर दुनिया भर के देश काम कर रहे हैं। उन्होंने नव उदारवाद को भी घातक बताते हुए कहा कि इससे आदिवासी समुदाय को आघात पहुंचा है।

**बिनोवा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति प्रोफेसर रमेश शरण ने कहा** कि वैकल्पिक आर्थिक व्यवस्था का मानक खुशी आधारित होना चाहिये। वर्तमान में जो पूंजीवादी व्यवस्था है, वह इंसान को इंसान नहीं समझती है। दुनिया को आज आदिवासी समुदाय से सीखना चाहिए कि जीवन कैसे जीयें। आधुनिक विकास मॉडल से हिंसा बढ़ रही है। अमीर वर्ग और अमीर हो रहे हैं, गरीब और गरीब हो रहे हैं। क्रय क्षमता घट रही है।जेएनयू के पूर्व प्राध्यापक अरुण कुमार ने कहा कि बाजार का भी बाजारीकरण हो गया है। यह व्यवस्था पूंजीपति और उपभोक्ता के द्वारा संचालित होती है।

**टीआरआई के निदेशक रणेंद्र ने कहा कि मुक्त बाजार की अवधारणा पर टिकी दुनिया आज एक ही रास्ते पर जा रही है। फिर वैकल्पिक आर्थिक व्यवस्था क्या हो सकती है।** पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर व बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति रीगन के समय ही बाजार और पूंजीवादी की वह व्यवस्था शुरू हुई। जिसे हम आज देख रहे हैं।

यह व्यवस्था समाज की परंपरागत अवधारणा को खारिज करता है। इस अवधारणा का प्रतिकार आदिवासी समाज और उनकी आर्थिक व्यवस्था ही कर सकती है। आदिवासी आर्थिक व्यवस्था दुनिया के लिए एक मॉडल हो सकती है। कार्यक्रम में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित विभिन्न कॉलेज के शिक्षक और स्टूडेंट्स शामिल थे।

## डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में नौ सितंबर तक जनजातीय विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी

***जनजातीय अर्थव्यवस्था: एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना***

7-9 सितंबर 2023 उद्घाटन सत्र- सुबह 11.00 बजे से 11.45 बजे तक स्वागत भाषण और अवधारणा नोटः श्री रणेंद्र कुमार, निदेशक, टीआरआई, रांची सेमिनार के विषयः डॉ. जया मेहता, वरिष्ठ अर्थशास्त्री, जोशीअधिकारी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज, नई दिल्ली

एक दृष्टिकोण के रूप में जनजातीय अर्थव्यवस्थाः डॉ. रमेश सरन, पूर्व कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, झारखंडधन्यवाद ज्ञापनः श्रीमती मोनिका रानी टूटी, उप निदेशक,टीआरआई, रांची सत्र क नवउदारवादी अर्थव्यवस्था में जनजातीय प्रश्न (12.00-1.30 अपराह्न) अध्यक्षः डॉ. जया मेहता, वरिष्ठ अर्थशास्त्री, जोशी-अधिकारी सामाजिक अध्ययन संस्थान,नई दिल्ली विषयः पूंजीवादी विकास और जनजातीय आकांक्षाओं के बीच मतभेदःएक विकल्प की ओरवक्ताः डॉ. अरुण कुमार, अर्थशास्त्र के पूर्व प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरूविश्वविद्यालय, नई दिल्ली

अध्यक्षः डॉ. रमेश सरन, पूर्व कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय,हजारीबाग, झारखंडविषयः इको-स्वराजः परिवर्तन के लिए क्रांतिकारी विकल्पवक्ताः श्री आशीष कोठारी, सह-संस्थापक, कल्पवृक्ष, पुणे, महाराष्ट्रनवउदारवाद और उसके असंतोष (3.45-6.00 बजे अपराह्न)1- अध्यक्षः डॉ. संजय बसु मलिक, सामुदायिक वन प्रशासन संस्थानविषयः संचय के नवउदारवादी शासन में सामाजिक सघनता का शून्यवक्ताः डॉ. सत्यकी रॉय, एसोसिएट प्रोफेसर, औद्योगिक अध्ययन संस्थानविकास, नई दिल्ली

**सामग्री सौजन्य: डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान मोराबादी, रांची, झारखंड**